जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

सिरोही, सोमवार, 05 मई 2025 ◆ वर्ष : 18 ◆ अंक : 106 ◆ पृष्ठ : 12 ◆ मूल्य : 2.50 रु.




फिर किलर बनेंगी तापसी पन्नू...

पेज -09

## तूफान से पहले की खामोशी



गोविन्द पुरोहित (समूह संपादक)

पाकिस्तान की चौतरफा घेराबंदी हो चुकी है। भारत सरकार ने एक के बाद एक राजनीतिक एवं कूटनीतिक स्तर पर कई कदम उठाए हैं। सबसे बड़ा और सख्त कदम है सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला। इसका तत्काल प्रभाव तो यह होगा कि भारत अब पाकिस्तान से नदियों के जल प्रवाह का डाटा शेयर नहीं करेगा। इससे पाकिस्तान को जल प्रबंधन की जानकारी नहीं मिल सकेगी। जहां तक पानी रोकने का सवाल है, उसमें तो समय लगेगा, क्योंकि उसके लिए जलाशय बनाने होंगे, हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट खड़े करने होंगे। जब ये योजनाएं कार्यान्वित हो जाएंगी और भारत पानी के प्रवाह को रोकेगा तो पाकिस्तान में यकीनन हाहाकार मचेगा। अतीत में हम सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर चुके हैं, परंतु उनके कोई दूरगामी परिणाम नहीं निकले। कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रही। हमें यह समझना होगा कि जब तक पाकिस्तान की सेना और उसकी खुफिया एजेंसी आइएसआई पर चोट नहीं की जाती, तब तक पाकिस्तान आतंकवाद का धंधा करता करता रहेगा और भारत को यूं ही तंग करता रहेगा। जरूरत इसकी है कि पाकिस्तान सेना की कमर तोड़ दी जाए और आइएसआई को ध्वस्त कर दिया जाए। जब तक ऐसा नहीं होगा, पाकिस्तान अपनी आदत से बाज नहीं आएगा। हमें अपने सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ करना होगा। सीमा की सुरक्षा, गोपनीय सूचनाओं को एकत्र करने और खतरा होने पर सुरक्षा बलों द्वारा तात्कालिक कार्रवाई, इन सभी में भी सुधार अपेक्षित है। अब हमें हर स्तर पर चेत जाना चाहिए, क्योंकि पानी सिर के ऊपर चला गया है। उम्मीद है कि इस बार भारत सही मायने में पराक्रम दिखाएगा-कागज पर नहीं, संसद में भाषण देकर नहीं, बल्कि वास्तव में।

अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को भी वापस लेने का समय आ गया है। पाकिस्तान के कुछ नेता बार-बार परमाणु बम के इस्तेमाल की धमकी देते हैं। पाकिस्तान को पता होना चाहिए कि भारत तो परमाणु बम की विभीषिका झेल लेगा, परंतु उसका अस्तित्व ही मिट जाएगा। हाल के दिनों में सरहद के आर-पार जो खामोशी तारी है, लगता है तूफान से पहले की खामोशी है।

## भारत के एक्शन से पाक में खलबली!

# आधी रात आदेश जारी कर राष्ट्रपति ने बुलाया संसद का आपात सत्र



**नई दिल्ली।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत लगातार पाकिस्तान पर शिकंजा कस रहा है। भारत ने अपने कई कड़े कदम के जरिए पाकिस्तान पर एक्शन लिया है। इस बीच पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार की आधी रात बड़ा फैसला लेते हुए सोमवार को शाम 5 बजे संसद का आपात सत्र बुलाया है।

### पाक राष्ट्रपति ने आनन-फानन में बुलाई बैठक

पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी आधिकारी बयान के अनुसार, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ पाकिस्तान के संविधान के अनुच्छेद 54 की धार (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति ने संसद भवन इस्लामाबाद में सोमवार 5 मई को शाम 5 बजे राष्ट्रीय असेंबली की बैठक आहूत की है।

### विशेष सत्र में क्या होगा

रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी राष्ट्रपति द्वारा बुलाए गए विशेष सत्र में पाकिस्तान और भारत के बीच बिगड़ते राजनयिक संबंधों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस बैठक का मुख्य मुद्दा भारत द्वारा सिंधु जल संधि के निलंबन के फैसले पर ज्यादा जोर दिया जाएगा। मीडिया के अनुसार, पाक की शहबाज सरकार पहलगाम हमले के बाद से भारत द्वारा की गई कार्रवाई के जवाब में नेशनल असेंबली की कार्यवाही के दौरान एक कड़ी निंदा प्रस्ताव पेश करने की तैयारी में है।

### पहलगाम हमले के बाद दोनों देशों में बढ़ा तनाव

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी ज्यादा बढ़ गया है। इस हमले में आतंकवादियों ने 26 निर्दोष लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी थी और इस हमले के जिम्मेदारी लश्कर का प्रॉक्सी द रेजिस्टेंस फ्रंट ने ली थी। इस हमले को अंजाम देने वाले दो आतंकवादी पाकिस्तान से आए थे। भारत सरकार ने इस हमले को सीधा युद्ध जैसा कृत्य बताया है और इसे बर्दाश्त न करने की चेतावनी भी दी है। भारत के एक्शन के बाद से पाकिस्तान बुरी तरह घबराया हुआ है और वहां खलबली मची हुई है। पाकिस्तान में लगातार बैठकों का दौर जारी है।

### पाकिस्तानी सांसद को सता रहा भारत का डर

## 'मोदी नहीं रुकेंगे, भाग जाऊंगा इंग्लैंड'

**नई दिल्ली।** 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत लगातार पाकिस्तान पर शिकंजा कस रहा है। इस आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। भारत ने सिंधु जल संधि निलंबित करने के बाद पाकिस्तान से होने वाले आयात पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही भारत ने पाकिस्तानी झंडे वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की संभावना के बारे में अटकलें भी बढ़ने लगे हैं और युद्ध का डर पड़ोसी मुल्क में साफ तौर से देखा जा सकता है। इसी को लेकर पाकिस्तानी राजनीतिज्ञ शेर अफजल खान मारवात से पूछा गया कि वह इस मामले में क्या करेंगे, तो उन्होंने कहा कि युद्ध छिड़ा तो वे इंग्लैंड चले जाएंगे। पाकिस्तानी नेशनल असेंबली के सदस्य मारवात से एक पत्रकार ने सवाल किया कि यदि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ जाता है, तो क्या वह लड़ेंगे? इसके जवाब में उन्होंने कहा, "यदि युद्ध छिड़ता है तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा।'

## न्यूज ब्रीफ

### कश्मीर में तीन जवानों की मौत

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को एक वाहन 700 फीट गहरी खाई में गिर जाने से सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि सेना का ट्रक राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था।

### वाराणसी में पद्मश्री शिवानंद बाबा का निधन

**वाराणसी।** वाराणसी के पद्मश्री बाबा शिवानंद महाराज (129) का 30 अप्रैल को वाराणसी के सर सुंदर लाल अस्पताल में निधन हो गया। वह अपने योग और दैनिक दिनचर्या के साथ लंबी आयु के लिए पूरे देश में जाने जाते थे। पद्मश्री पुरस्कार प्राप्त करने के दौरान उनका, पीएम को झुककर प्रणाम करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीएम मोदी ने उनके निधन पर दुख जताया है।

पेज 11 देखें

**कॉन्स्टेबल ने नीट पेपर का 40 लाख में किया सौदा**

## पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन की तैयारी?

# नेवी चीफ के बाद एयरफोर्स प्रमुख से मिले पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पहलगाम मसले पर तनाव के बीच रविवार को एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। सूत्रों ने बताया कि इसमें वायुसेना के बड़े अधिकारी भी शामिल हैं। पाकिस्तान से खींचतान के बीच इस मीटिंग को अहम माना जा रहा है। इससे पहले, शनिवार की देर शाम नेवी चीफ एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने पीएम से मुलाकात की थी। इससे पहले, शनिवार को नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने शनिवार को पीएम मोदी से उनके लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर मुलाकात की थी। एयर फोर्स चीफ और पीएम मोदी की यह मुलाकात कुछ दिन पहले हुई उस बैठक के बाद हुई है, जिसकी अध्यक्षता खुद प्रधानमंत्री मोदी ने की थी। उस बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख भी शामिल थे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी उस मीटिंग में मौजूद थे।



### सरकार ने सेना को पूरी छूट दे रखी है

सरकार ने सशस्त्र बलों को भारत की प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्यों और समय पर निर्णय लेने के लिए पूरी तरह से ऑपरेशनल फ्रीडम दे दी है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद सरकार ने एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी। विपक्षी दलों ने सरकार द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ की जाने वाली किसी भी कार्रवाई के लिए पूरा समर्थन दिया है। बताया गया कि आतंकी हमले के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। यह भी बताया गया कि यह हमला जम्मू और कश्मीर में सफल चुनाव होने और आर्थिक विकास की ओर बढ़ने के बाद हुआ है।

### कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक भी हो चुकी है

पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के एक दिन बाद कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी की बैठक हुई। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई थी। सरकार ने आतंकवाद को कुचलने के लिए भारत के राष्ट्रीय संकल्प को दोहराया है। सरकार ने कहा है कि आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों और साजिशकर्ताओं को कड़ी सजा मिलेगी।

## इजराइल में हूती मिसाइल अटैक से एअर इण्डिया फ्लाइट डायवर्ट

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली से इजरायल के शहर तेल अवीव जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी की ओर मोड़ दिया गया। दरअसल फ्लाइट की लैंडिंग से कुछ ही देर पहले तेल अवीव में एयरपोर्ट के पास मिसाइल से हमला हुआ था। बताया जा रहा है कि हमला यमन की तरफ से किया गया। तेल अवीव पर एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 139 की लैंडिंग में 1 घंटे से भी कम समय बचा था। तभी एयरपोर्ट के पास यमन द्वारा प्रक्षेपित मिसाइल आ गिरी।

### दिल्ली आने वाली फ्लाइट भी रद्द

फ्लाइट ट्रैकिंग वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार, जब उड़ान को अबू धाबी की ओर मोड़ने का फैसला किया गया, तब वह जॉर्डन के हवाई क्षेत्र में थी। मिसाइल हमले के कारण तेल अवीव से दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की उड़ान रविवार को रद्द कर दी गई है।

एयर इंडिया की ओर से बयान का इंतजार किया जा रहा है। यमन से प्रक्षेपित की गई एक मिसाइल के तेल अवीव हवाई अड्डे के पास दागे जाने के बाद तेल अवीव हवाई अड्डे के लिए हवाई यातायात कुछ समय के लिए निलंबित कर दिया गया था।

### हूती विद्रोहियों ने किया बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला

यमन के हूती वद्रोहियों ने तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर आज बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। इसे देखते हुए ही इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने खास बैठक भी बुलाई है। इस मीटिंग में नेतन्याहू इजरायली डिफेंस फोर्स के अधिकारियों से इस बात को लेकर चर्चा करेंगे की हूती विद्रोहियों के खिलाफ क्या एक्शन लिया जाए।

### एयरपोर्ट पर हुए मिसाइल अटैक में 6 लोग घायल

इजरायली मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तेल अवीव के बेन गुरियन एयरपोर्ट पर यमन से किए गए हमले को नहीं रोका जा सका और बैलिस्टिक मिसाइल सीधे एयरपोर्ट पर जा गिरीं। इस अटैक में 6 लोगों को मामूली चोटें आई हैं, जिनका इलाज चल रहा है। बताया जा रहा है कि हमले से पहले ही इजरायल ने एयरपोर्ट पर टेक ऑफ और लैंडिंग रोक दी थी।

### इजरायल ने सस्पेंड की तेल अवीव एयरपोर्ट की सभी उड़ाने

*पूरा वाकया रविवार (4 मई) हुआ है। इस घटना के देखते हुए रविवार को तेल अवीव से दिल्ली के लिए निर्धारित वापसी की उड़ान रद्द कर दी गई है। एयर इंडिया ने अभी तक इस घटना के बारे में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। घटना ऐसे समय में हुई है, जब यमन से प्रोजेक्टेड मिसाइल के प्रभाव के बाद तेल अवीव हवाई अड्डे ने अस्थायी रूप से सभी उड़ानों को सस्पेंड कर दिया है।*

## 'बाप' विधायक जय कृष्ण पटेल ने की सरकारी क्वार्टर में ढाई करोड़ की डील

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** राजस्थान में एंटी करप्शन ब्यूरो ने इतिहास की सबसे बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस दौरान भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के बागी दौरा विधायक जय कृष्ण पटेल को 20 लाख रुपए की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया हैं। राजस्थान की सियासत में पहली बार किसी विधायक को एसीबी ने रिश्वत लेते हुए दबोचा है। इधर, एसीबी की लगातार कार्रवाई जारी है। जयकृष्ण के जयपुर में ज्योति नगर स्थित सरकारी क्वार्टर पर डील हुई थी। विधायक का कोई व्यक्ति रिश्वत के 20 लाख रुपए ले रहा था, जो फरार हो गया। जो व्यक्ति पैसे लेकर भागा है।



### 20 लाख रुपए की रिश्वत से जुड़ा है मामला

राजस्थान के इतिहास में पहली बार किसी विधायक के रिश्वत लेने की घटना से सियासी गलियारों में जमकर हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि यह मामला 20 लाख रुपए की रिश्वत लेने से जुड़ा हुआ है। जानकारी यह मिली है कि एसीबी को परिवादी ने पिछले दिनों इस मामले में शिकायत मिली थी। शिकायत में बताया कि उसकी कम्पनी को विधायक काम नहीं करने दे रहे थे। काम करने देने की एवज में लगाकर रुपए मांगे जा रहे थे। ढाई करोड़ रुपए रिश्वत दिए जाने पर काम करने देने की डील हुई है। जानकारी मिलने के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और विधायक के सरकारी आवास से रविवार को रिश्वतकांड का खुलासा किया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक के गनमैन के जरिए रिश्वत की पहली किश्त के रूप में 20 लाख रुपए लिए थे। हालांकि गनमैन मौके से फरार है। लेकिन इस कार्रवाई में एसीबी ने बागी दौरा के बाप विधायक जय कृष्णा पटेल को गिरफ्तार किया।

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

## राहुल गांधी बोले ऑपरेशन ब्लू-स्टार गलती थी

### 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं गलतियों की जिम्मेदारी लेने तैयार हूं

**बॉस्टन, अमेरिका।** राहुल गांधी ने माना कि 1984 का ऑपरेशन ब्लू स्टार गलती थी। करीब दो हफ्ते पहले अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से ऑपरेशन ब्लू स्टार पर सवाल पूछा गया था। इस पर राहुल गांधी ने कहा- जो भी गलतियां 80 के दशक में कांग्रेस से हुईं, मैं जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। इस कार्यक्रम की वीडियो रविवार को वायरल हुआ।



इसके बाद, बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, अब राहुल गांधी की आलोचना सिर्फ भारत में नहीं, बल्कि विदेशों में भी होने लगी है। पिछले महीने अप्रैल में राहुल गांधी अमेरिका के ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक ओपन इवेंट का हिस्सा बनने पहुंचे थे। इस बीच एक कार्यक्रम में

▸▸ शेष पृष्ठ 5 पर

**सनातन धर्म का हो रहा है पुनर्जागरण** | **मुख्यमंत्री ने शिव महापुराण कथा का किया श्रवण**

# 'शिव महापुराण जीवन को सार्थक बनाने का दैवीय दर्शन'

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा का रविवार को श्रवण किया। उन्होंने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने शिव भगवान की आरती कर प्रदेश की खुशहाली एवं आमजन की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की।

शर्मा ने शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोतागण को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर की पवित्र भूमि पर भगवान शिव की महिमामयी कथा का आयोजन हो रहा है, जो कि हम सभी के लिए परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान शिवकैलाशपति, भोलनाथ एवं विश्वनाथ के रूप में पूजे जाते हैं। ऋषि, मुनि, संत और महंत भगवान शिव के गुणों का कथा वाचन कर समाज को मार्ग दिखाते हैं।





मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार होता है। शिव महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का एक दैवीय दर्शन है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां सनातन धर्म का पुनर्जागरण हो रहा है। उज्जैन में महाकाल लोक का भव्य निर्माण और वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के कॉरिडोर का विकास इसका जीवंत प्रमाण है।उन्होंने कहा कि केदारनाथ, सोमनाथ व बद्रीनाथ का बदला हुआ स्वरूप भी सभी देख रहे हैं। इन सब से हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत भी विश्व पटल पर गौरव प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ में विश्व भर के लोगों का आकर पवित्र स्नान करना हमारी सनातन संस्कृति की विराटता को दर्शाता है। शर्मा ने कहा कि इस कथा के जरिए बहने वाली भक्ति की रसधारा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति को देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान शक्ति और भक्ति की धरती है।

माता पन्नाधाय, भक्ति की मूर्ति मीराबाई और मां अमृता देवी जैसी महान मातृशक्ति से आज तक हम सभी प्रेरणा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित श्री प्रदीप मिश्रा जिस सरलता और गहनता से शिव महापुराण कथा को जन-जन तक पहुंचाते हैं, वह अद्भुत है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस तरह के आयोजन होने चाहिए, जिससे हमारी विरासत, संस्कृति और सनातन को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# आधी रात बाद आई धूलभरी तेज आंधी से जनजीवन अस्त व्यस्त

## » सौलर प्लेट और टीन शेड उड़े, बिजली आपूर्ति बाधित





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** शहर समेत क्षेत्र में रविवार तड़के करीब ढाई बजे आई तेज आंधी और गरज-चमक के साथ हुई हल्की बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया। अचानक बदले मौसम के मिजाज ने न सिर्फ लोगों की नींद उड़ा दी, बल्कि भारी नुकसान भी पहुंचाया। तेज हवाओं के चलते खेतों में लगे कई सौर ऊर्जा संयंत्र उखड़ गए, तो वहीं घरों के टीन शेड उड़कर दूर जा गिरे। शादियों की सीजन में लगाए गए शामियाने और पंडाल भी तेज आंधी की भेंट चढ़ गए, जिससे आयोजनों में भारी परेशानी हुई। शहर की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवाजाही में दिक्कतें आई। बिजली के तार जगह-जगह क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति घंटों तक ठप रही। इससे आम लोगों को खासकर सुबह के समय पानी और अन्य आवश्यक सेवाओं में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि, हल्की बारिश से क्षेत्रवासियों को भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली, लेकिन आंधी और अव्यवस्था ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। प्रशासन की ओर से नुकसान का आकलन किया जा रहा है, और बिजली बहाली के प्रयास किए जा रहे है।



## ओलावृष्टि के साथ हुई 29 एमएम बारिश

**रानीवाड़ा।** कस्बे सहित क्षेत्र में शनिवार देर रात को मौसम का मिजाज बदलने के साथ ही तेज आंधी एवं ओलावृष्टि के साथ बारिश हुई। पहली बारिश ने रानीवाड़ा प्रशासन की पोल खोल दी। बारिश के पानी की निकासी सुचारू नहीं होने से राजकीय अस्पताल के ओपीडी परिसर में पानी भर गया। जिससे रविवार को मरीजों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। साथ ही छोटे आकार के ओले भी गिरे। मौसम में इस बदलाव से तापमान में गिरावट आई। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। क्षेत्र के मालवाड़ा, बड़गांव, सेवाड़ा, करड़ा, जाखड़ी और धानोल सहित पूरे इलाके में पहले तेज हवाएं चलीं। इसके बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। ओलावृष्टि से घरों के आंगन में सफेद चादर बिछी होने जैसा नजारा दिखा। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भर गया। कई जगहों पर सड़कों पर पानी बहता हुआ भी देखा गया।

## जीएसटी इंस्पेक्टर संजयसिंह का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**भीनमाल।** नवनियुक्त जीएसटी इंस्पेक्टर राव संजयसिंह बगेड़िया का चैन्नई में राजपूत समाज मद्रास द्वारा आयोजित समारोह में प्रवासी व्यापारियों ने स्वागत कर शुभकामनाएं दी। भीनमाल राजस्थान राजपूत समाज चैन्नई द्वारा आयोजित समारोह में प्रवासी व्यापारियों व समाजजनों ने माला पहनाकर उनका सम्मान किया। राव संजयसिंह जालौर निवासी व दी जालौर सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक महेन्द्रसिंह बगेड़िया के पुत्र हैं। संजयसिंह की पहली नियुक्ति मद्रास (चेन्नई) में हुई है जिससे प्रवासी समाजजनों में उत्साह का माहौल है। समारोह की अध्यक्षता लालसिंह ने की। इस अवसर पर बसंत व्यास फलोदी, धीरज जैन धानसा, खुशाल जैन केशवना, सौरभ जैन, कांतिलाल राजपुरोहित भीनमाल, नूतनसिंह राठौड़ मोदरा, भीमसिंह ओटवाला, शैतानसिंह ओटवाला, नरपतसिंह नून, महेन्द्रसिंह नून, मदनसिंह, भरतसिंह व उत्तमसिंह आसाना सहित बड़ी संख्या में प्रवासी व्यापारी उपस्थित रहे।

## उत्साह से मनाया आदर्श विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**जसवंतपुरा।** सुंधामाता आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव मंडवारिया महंत तीर्थगिरी महाराज के सानिध्य में मनाया गया। मुख्य अतिथि रानीवाड़ा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल मौजूद रहे। कार्यं म की शुरुआत में एआइ टेक्नोलॉजी से सुज्जित बोर्ड के कक्ष का अतिथियों द्वारा फीता काटा गया। इसके बाद कार्यकम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक रंगा रंग कार्यं म प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। लोगों ने बच्चों की हौंसला अफजाई की। पूर्व विधायक देवल ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने शिक्षा पर विशेष जोर दिया। महंत तीर्थगिरी ने कहा कि भारत हिन्दू राष्ट्र था और आने वाले समय में फिर से हिन्दू राष्ट्र बनेगा। विद्यालय समिति द्वारा अतिथियों व भामाशाहों का साफा व दुपट्टा पहनाकर स्वागत सत्कार किया गया। समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। कार्यं म के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भीनमाल के जिला कार्यवाह प्रकाश कुमार ने समाज व शिक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। संस्था प्रधान विं मसिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान तहसीलदार नीरज कुमारी, पूर्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हिम्मतसिंह, विकास अधिकारी पृथ्वीसिंह, थानाधिकारी गुमानसिंह भाटी, सीए भूपेन्द्रभाई प्रजापत, दिलीपभाई प्रजापत, प्रमोदभाई राजपुरोहित, नरपतसिंह राजपुरोहित, समाजसेवी मोडाराम प्रजापत, नगाराम प्रजापत, हरिभाई डोरडा, विद्यालय संरक्षक ऊनाराम माली, भाजपा मंडल के भंवरसिंह राजपुरा, पंचायत समिति सदस्य मुकाराम पुरोहित, देवेन्द्रसिंह जाविया, जसवंत प्रजापत, जीतूभाई अग्रवाल, अंबालाल तायल, रामसिंह धरुपड़ा, भगवानसिंह चेकला, गौभक्त आशुसिंह पावटा, राजेन्द्र सुथार, मोहनलाल सुथार, कानाराम देवासी, विं मसिंह उच्चमत, जवानाराम देवासी, कुलदीपसिंह चारण, भूरमल सुथार, मगाराम चौधरी, देवीसिंह पादर, कालूराम पुरोहित, वजिंगभाई गोलाना भी मौजूद थे।

# विश्नोई गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** विश्नोई गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा समाज सुधार, धर्मशाला की व्यवस्थाएं और विकास कार्यों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई की अध्यक्षता में विश्नोई धर्मशाला में हुई। कमेटी के महासचिव सुरजनराम साहू ने बताया कि बैठक में धर्मशाला के रखरखाव, नवीन कार्यों के प्रस्ताव और सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में कोषाध्यक्ष किशनलाल सारण ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनि मत से पारित किया गया। साथ ही तीन वित्तीय वर्षों का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया। कमेटी अध्यक्ष सुखराम विश्नोई ने समाज के सर्वांगीण विकास हेतु लिए गए निर्णयों को लागू करने पर बल दिया। अमृतादेवी संस्थान के कार्यकारी अधिकारी मंगलाराम खोखर ने समाज में बाल विवाह और मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों पर प्रतिबंध की जानकारी दी और समाज को अग्रणी समाज बताया। समाजसेवी जयकिशन सारण ने शिक्षा की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि संस्कारयुक्त शिक्षा ही समाज को उन्नति के पथ पर ले जा सकती है। समाजसेवी किशनलाल कुराडा ने शिक्षा के माध्यम से समाज की तरक्की की बात कही और भामाशाहों से सहयोग की अपील की। प्रो. नरेश सारण ने अमृतादेवी संस्थान को मजबूत करने की आवश्यकता जताई और बताया कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ा सकती है। इस अवसर पर चयनित आइएएस अधिकारियों का मंच से सम्मान किया गया। बैठक में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, महिलाओं एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रमुख रूप से राणाराम साऊ, पूनम चंद विश्नोई, मंगलाराम खोखर, मांगीलाल सारण, पूनमाराम सारण, गोरधनराम बागड़वा, रामगोपाल धायल, रामावतार मांजू, सदराम एडवोकेट, पीराराम धायल, भगवानाराम पंवार, राजूराम बांगड़वा, सुखराम खोखर, पाबूराम पुनिया, ठाकराराम गोदारा सहित सांचौर, सरनाऊ व चितलवाना क्षेत्र के विश्नोई समाज के लोग उपस्थित रहे।

## आज होगी पेंशनर समाज की मासिक बैठक

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**भीनमाल।** राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा भीनमाल की मासिक बैठक सोमवार को पेंशनर कार्यालय कचहरी रोड विद्यालय परिसर में आयोजित की जाएगी। पेंशनर समाज भीनमाल शाखा के अध्यक्ष अर्जुनप्रसाद बोहरा ने बताया कि बैठक में पेंशनरों को हाल ही में लागू किए गए नए नियमों की जानकारी दी जाएगी ताकि सभी लाभार्थी समय पर आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर सकें। बैठक में कश्मीर में हाल ही में हुई पर्यटकों की हत्या को लेकर विरोध जताया जाएगा। पेंशनर समाज द्वारा उप जिला कलक्टर को प्रधानमंत्री के नाम एक विरोध ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें केंद्र सरकार से कश्मीर में शांति और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की जाएगी। बैठक में पेंशनरों की अन्य समस्याओं व सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## राजयोग केंद्र में बच्चों के लिए समर कैंप आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**भीनमाल।** शहर स्थित ब्रह्माकुमारीज राजयोग केंद्र पर त्रिदिवसीय समर कैंप 7 मई से आरंभ होगा। शिविर में प्रत्येक दिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी। राजयोग केंद्र की बीके गीत के अनुसार समर कैंप में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु ज्ञानवर्धक कक्षाएं, मूल्यवर्धन खेल, बौद्धिक प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, योगासन एवं स्वास्थ्यवर्धक व्यायाम कराए जाएंगे। शिविर में 16 आयु वर्ग तक के बच्चे भाग ले सकेंगे।

# रक्तदान कर जीवन बचाने के प्रयासों को सार्थक बना रहे युवा

## » ओ-नेगेटिव ब्लड डोनेशन से एक दिन की बच्ची को तो ए-नेगेटिव ब्लड डोनेशन से नो माह के बच्चे को मिला जीवनदान

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**भीनमाल।** रक्तदान को लेकर समय के साथ लोगों में गजब की जागरुकता आई है। सूचना मिलने पर अधिकतर रक्तवीर सारे काम छोड़कर हर परिस्थिति में अस्पताल या ब्लड बैंक पहुंच रक्तदान कर मरीज के जीवन बचाने के प्रयासों को सार्थक बनाने में पीछे नहीं रहते। ऐसे ही दो मामलों में रक्तवीरों के प्रयास सराहनीय रहे है। एक रक्तवीर सुरेश चौधरी 9 माह के बच्चे के लिए तत्काल रक्तदान को पहुंचे। इस बच्चे के लिए पूराराम चौधरी ने भी रक्तदान किया। दूसरे रक्तवीर जेठाराम देवासी ने एक दिन की बच्ची को बचाने आधी रात को ब्लड बैंक पहुंच रक्तदान किया।

### पहला केस : जेठाराम देवासी ने किया रक्तदान

पहला मामला शनिवार देर रात्रि का है। शहर के एक निजी अस्पताल से मरुधरा ब्लड सेंटर को इमरजेंसी में ओ-नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता की सूचना मिली। स्थिति अत्यंत गंभीर थी, क्योंकि एक दिन की नवजात बच्ची को अत्यधिक पीलिया के कारण तत्काल ब्लड ट्रांसफ्यूजन की आवश्यकता थी। ब्लड सेंटर ने तत्काल रक्तवीर जेठाराम देवासी से संपर्क किया। मानवीय संवेदनाओं से प्रेरित जेठाराम ने एक कॉल मिलते ही देर रात ब्लड बैंक पहुंच कर छठवीं बार रक्तदान किया। उनका दिया हुआ अमूल्य रक्त अब नवजात के जीवनरक्षण साबित होगा। विशेषज्ञों के अनुसार, नवजातों में जब पीलिया अत्यधिक स्तर पर पहुंचता है, तब फ्रेश होल ब्लड ट्रांसफ्यूजन की प्रक्रिया की जाती है जो एक जटिल लेकिन जीवनरक्षक प्रक्रिया होती है। ओ-नेगेटिव ब्लड दुर्लभ माना जाता है और ऐसे में समय पर ब्लड मिलना अपने आप में चमत्कार से कम नहीं होता






### दूसरा केस

सुरेश चौधरी ने 35 किलोमीटर दूर गांव से पहुंच किया रक्तदान, पूराराम चौधरी ने भी रक्तदान उधर करीब 9 माह के नन्हें शिशु को रेयर ब्लड ग्रुप ए नेगेटिव की आवश्यकता पड़ी तो सोनल फाउंडेशन की टीम ने तुरंत सर्ं यता दिखाते हुए सोशल मीडिया एवं ग्रुप में पोस्ट प्रसारित की। इसपर सुरेश चौधरी ने तत्काल भीनमाल से 35 किमी दूर आकर रक्तदान कर बच्चे का जीवन बचाने में सहभागी बने। उनका यह 10वीं बार रक्तदान था। पूराराम चौधरी ने पहली बार (ओ-पॉजीटिव) रक्तदान किया। इन प्रयासों में सोनल फाउंडेशन का कार्य सराहनीय रहा। संस्थापक कैलाशकुमार जैन और रक्त प्रभारी दिलीपसिंह चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# विश्वकर्मा मंदिर का मनाया वार्षिकोत्सव

## » ध्वजा चढ़ा कर लिया नशा मुक्ति का संकल्प

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** सुथार समाज विकास संस्थान के तत्वावधान में विश्वकर्मा मंदिर की 15वीं वर्षगांठ शनिवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई गई। अरनाय के वनाणी जायलवाल परिवार द्वारा मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। आयोजन की शुरुआत हवन एवं पूजा-अर्चना से हुई। कार्यं म के मुख्य अतिथि प्रशिक्षु आइपीएस कांबले शरण गोपीनाथ थे। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की विस्तार से जानकारी दी और समाज को इससे जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने प्रशासन को मिल रहे सहयोग के लिए सुथार समाज का आभार भी प्रकट किया। संस्थान के अध्यक्ष भंवरलाल राजोतिया ने समाज को नशा मुक्ति, बाल विवाह और मृत्यु भोज जैसी कुप्रथाओं से दूर रहने का संदेश दिया। कोषाध्यक्ष चेतनराम, भलाराम चोयल, एडवोकेट गणपत सुथार, प्राचार्य मोहनलाल धीर, रमेश पालेचा, जालाराम अगड़ावा और बलवंत सुथार ने भी संबोधित किया। कार्यं म में बड़ी संख्या में समाज बंधुओं ने भाग लिया और समाज द्वारा प्रस्तावित नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। नशामुक्ति का संकल्प किया गया।

### इनका रहा सान्निध्य

इस अवसर पर रायमल वासन, कालूराम मीरपुरा, भीखाराम नागल, चेतनराम पालड़ियां, केसाराम माडण, नागजीराम, मघाराम, धर्माराम सिसावा, किसान नेता जगमालाराम, गोरखाराम धामु, जीवाराम पालेचा, नेनाराम डांगरा, खेराजराम, हरजीराम जायलवाल, राणाराम कवलेचा, बाबूलाल बरड़वा, महेरामाराम छड़ियां, खेताराम मांकड़, लालाराम भाटीप, एडवोकेट निर्मल कुलरिया, ईसराराम सायल, भागीरथ सांकड़, पूनमाराम मीरपुरा, युवा संस्थान अध्यक्ष रमेश पालेचा, हनुमानराम, प्रकाशकुमार, श्रवण पालडिया, भागीरथ मांकड़ झोटड़ा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# श्रीयादे माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु

**रानीवाड़ा।** शहर के बाइपास सडक मार्ग पर स्थित श्रीयादे माता मन्दिर की 24वां वार्षिकोत्सव रविवार को उत्साह के साथ मनाया गया। महोत्सव में माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रॉय टांक एवं पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने शिरकत की। अतिथियों का ट्रस्ट की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रजापति समाज की प्रतिभाओं को अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। ट्रस्ट अध्यक्ष प्रहलादकुमार भापडी के अनुसार भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें जोगभारती महाराज द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी गई। माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष टांक ने प्रजापति समाज के लोगों को मंदिर वार्षिकोत्सव पर बधाई देते हुए समाज के बच्चों को शिक्षा पर ज्यादा जोर देने की बात कही। पूर्व विधायक देवल ने कहा कि खुशी की बात है कि श्रीयादे माता मंदिर के वार्षिकोत्सव पर समाज के हजारों लोगों ने शिरकत कर माता के दर्शन पूजन का लाभ लिया।

### यह भी रहे मौजूद

इस दौरान समाज के अध्यक्ष प्रहलादभाई भापड़ी, मुंबई मंडल के अध्यक्ष हरचंदराम धनवाड़ा, डीसा मंडल के अध्यक्ष प्रहलादभाई कासवी, प्रभुराम कोषाध्यक्ष मुम्बई, सांचौर मंडल अध्यक्ष प्रभुराम हाटवा लालपुर, कोषाध्यक्ष केसाराम, आरआइ दीपाराम, प्रिंसिपल मफाराम, सरपंच बाबूलाल, भरतखुशाल, एडवोकेट हरीभाई, सगताराम, भोमाराम हाड़ेतर, मंगलाराम जोधावास, प्रागराम भड़वल, शंकरलाल, हरकेनराम, सवाराम मैत्रीवाड़ा, नारायण कासवी, अमृतलाल प्रतापपुरा, तगाराम केसुरी, दरगाराम लाखणी, कानाराम कारबाल, मानाराम अरणाय, रमेशकुमार भापी, अमराराम गरडाली, भलाराम, तलसाराम, खुशालभाई, कवि दशरथ पथमेड़ा, महेन्द्र अचलपुर, भंवरलाल कुड़ा, मनाराम जारड़ा, माधूराम, टिकमाराम गांग आदि उपस्थित रहे।



# ट्रैफिक जाम से लोग परेशान, ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली पर उठे सवाल

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**सांचौर।** शहर की बढ़ती आबादी और बेतरतीब यातायात व्यवस्था ने सांचौर को ट्रैफिक जाम की बड़ी समस्या के हवाले कर दिया है। हर दस से पंद्रह मिनट के अंतराल में लगने वाला जाम लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रहा है जिससे नागरिकों में भारी आक्रोश व्याप्त है। शहर के प्रमुख स्थान जैसे पीडब्ल्यूडी रोड, विश्नोई धर्मशाला, गौमाता सर्कल, चौधरी धर्मशाला, बडसम बाइपास, न्यू बस स्टैंड रोड और मुख्य बाजार क्षेत्र इन दिनों जाम के स्थायी अड्डे बन चुके हैं। सुबह और शाम के समय तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब स्कूल-कॉलेज और दफ्तरों का समय होता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ट्रैफिक पुलिस की कार्यशैली बेहद लचर हो गई है। जाम की स्थिति में पुलिसकर्मी कभी-कभार ही नजर आते हैं, जिससे व्यवस्था और भी चरमराती जा रही है। समय पर ट्रैफिक नियंत्रित नहीं होने के कारण लोगों को घंटों तक जाम में फंसे रहना पड़ता है, जिससे व्यापारिक गतिविधियों और आपातकालीन सेवाओं पर भी असर पड़ रहा है।

### ट्रैफिक समस्या से बाजार पर पड़ रहा असर

व्यापारियों का कहना है कि ट्रैफिक की समस्या के चलते ग्राहक भी बाजार आने से कतराने लगे हैं। वहीं, आमजन रोजमर्रा के कामों के लिए घर से निकलने में हिचकिचा रहे हैं। कई बार एम्बुलेंस और स्कूली वाहन भी जाम में फंसे नजर आते हैं, जो स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। अब सवाल यह उठता है कि जब शहर में ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी स्पष्ट है तो फिर हर रोज लगने वाले जाम पर कार्रवाई क्यों नहीं होती? क्या प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है? नगरवासियों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से शीघ्र ही प्रभावी कदम उठाने की मांग की है, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू किया जा सके और शहर को इस संकट से मुक्ति मिल सके।



# पूर्व उप मुख्यमंत्री पायलट का किया स्वागत



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**
**रामसीन।** कस्बे के सिरोही तिराया के विवेकानंद सर्किल पर पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट का जोरदार स्वागत किया गया।

जिला कांग्रेस सचिव सुरजपालसिंह राठौड़ ने बताया कि मांडोली नगर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में आगमन के बाद उदयपुर रवाना होने के दौरान विवेकानंद सर्किल पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने पुष्प माला व साफा पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर पायलट ने सबका अभिवादन स्वीकार किया। इस अवसर पर भीनमाल विधायक डॉ. समरजीतसिंह, देराम विश्नोई पूर्व प्रधान, शंकरसिंह राठौड़, ईश्वरसिंह चांदना, तेजसिंह राठौड़, शैलेष देवासी ब्लॉक अध्यक्ष बागोड़ा, एडवोकेट शिवनारायण विश्नोई, मगनलाल नामा, रणछोड़ाराम देवासी, खुशाल प्रजापत, हाजी हमीदखान, संजय खोखर, भवसिंह काबावत, भलाराम, खताराम राणा, बगदाराम मेघवाल, भैराराम परियार, भगराज देवासी, ईश्वरसिंह राठौड़, विजय टेलर, श्रवण टेलर, श्रवणसिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सचिन पायलट का सिरोही आगमन पर कालंद्री में स्वागत



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालंद्री।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सचिन पायलट के कालंद्री पहुंचने पर उनका प्रदेश सचिव हरीश परिहार व कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत- सत्कार किया। सिरोही शिवगंज विधानसभा उपाध्यक्ष नटवरसिंह ने बताया कि वे मांडोली मंदिर प्रतिष्ठा कार्यक्रम से सड़क मार्ग के जरिए सिरोही आगमन पर प्रदेश सचिव के नेतृत्व में यह आयोजन रखा गया। इस अवसर पर नशा मुक्ति केंद्र कालन्द्री की ओर से स्मृति चिन्ह प्रदान कर नशा मुक्ति केंद्र के बारे में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सोहन सितारा, महेंद्र बिंदल, जबर सिंह, महेंद्र धवल सहित कांग्रेसजन मौजूद थे।

# भारत विकास परिषद द्वारा झाडोली में लगाये परिंडे

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** गर्मियों में पक्षियों को पानी पीने के लिए भारत विकास परिषद ने तरमकेश्वर मंदिर व रेफरी माता राम नाड़ी में परिंडे लगाए जिससे पक्षी आराम से ठंडी छाव में पानी पी सके अब तक भारत विकास परिषद द्वारा 190 परिंडे पिंडवाड़ा के आस पास लगाए जा चुके है। जीवदया प्रकल्प प्रभारी गोविंदसिंह चौधरी अध्यक्ष रमेश खंडेलवाल सचिव विजय गौतम कोषाध्यक्ष भगवत सिंह जसवंत सिंह चौहान, भेराराम प्रजापत, लक्ष्मीनारायण खंडेलवाल,सुखराज दिनेश पुरोहित,विमल कुमार,पुजारी मीठालाल रावल आदि उपस्थित थे ।

# चोरों में नजर में वासाडा गांव, चार मंदिर, चार घरों पर साधा निशाना

## मंदिर भंडारों से नकद व घरों से जेवरात चुरा ले गए

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मंडार।** अज्ञात चोरों ने वासाड़ा गांव पर नजर गढाते हुए चार घरों तथा चार मंदिरों के ताले तोड़ सेंधमारी की। हनुमान मंदिर, सारणेश्वर महादेव मंदिर परिसर में महादेव मंदिर,कृष्ण मंदिर तथा क्षेंमकरी माता मंदिर के भंडारों से नगदी तथा चार मकानों के ताले तोड़ सोने-चांदी के जेवरात तथा नगदी चुरा लेकर गए। जिसमे एक भील परिवार चचेरी बहन की शादी होने से बीती रात्रि ही गुजरात नाडियाड से विवाह का सामान तथा जेवरात लेकर आया था। सूचना मिलते ही एएसआई मोहनलाल विश्नोई मय जाब्ता मौके पर पहुंचा। अज्ञात चोर एक भंडारे को जंगल में छोड़ गए थे। ज्ञातव्य रहे पिछले दिनों से मंडार क्षेत्र में अज्ञात चोर बंद मकानों तथा घरों को निशाना बना रहे है। लगातार चोरियां होने के बाद भी चोर हाथ नहीं लगने से लोगों ने भय व्याप्त तथा चोरों के हौसले बुलंद है।

### रिपोर्ट्स का मजमून

वासाडा निवासी केहराराम पुत्र जोधाराम ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसका पुरानी आबादी में रोड पर मकान है। वह रोजगार को लेकर परिवार के साथ गुजरात नडियाद गुजरात रहता है। घर पर विवाह होने के कारण शादी का सामान लेकर रात्रि वासाडा आया था। घर के अन्दर सामान रखकर दरवाजे के ताला लगाकर लाईट नहीं होने के कारण वह परिवार सहित भील वास में उसके काका तोलाराम के मकान पर चला गया था। रविवार सुबह 8 बजे घर पर आकर देखा तो घर के दरवाजे ताला टूटा



हुआ तथा घर का सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था । घर के अन्दर जाकर देखा घर में लौहे की पेटी तथा तिजोरी के ताले टूटे हुए थे। तिजोरी लौहे की पेटी व बैग में रखे सोने चांदी के सारे जेवरात अज्ञात चोर चोरी करके लेकर गए। पडौस में काका के मकान का भी ताला टूटा हुआ था। मगर गनीमत रही की घर में से कोई सामान चोरी नहीं हुआ। वासाडा निवासी भूराराम ने रिपोर्ट देकर बताया वासाडा की पुरानी आबादी में उसका व भाई वचनाराम, राजुराम, पोपटराम पुत्र चुनाराम पुरोहित के मकान है। वह राजुराम तथा पोपटराम परिवार सहित खेत पर रहते है। वचनाराम अपने रोजगार के लिए नवसारी गुजरात में रहते है। वचनाराम शनिवार गांव वासाडा आए थे। जो अपना सामान घर पर रखकर परिवार सहित उसके खेत पर आ गए थे। सुबह 8 बजे वचनाराम घर पर आए तो घर के दरवाजे व घर के अन्दर रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था। सामान इधर उधर बिखरा पड़ा था। सोने चांदी के जेवरात तथा बैग में रखे 27,200 रुपए नगद गायब थे। पडौस में राजुभाई व पोपटभाई के मकान के भी ताले टूटे हुए थे। केहराराम पुरोहित ने बताया गांव के चौराहे ओर स्थित हनुमान मंदिर के भंडारे से पांच तथा महादेव,कृष्ण तथा क्षेमकरी माता तीनों मंदिरों के भंडारों को तोड़ उसने से आई नगदी चोरी कर ले गए।



# पक्षियों के हलक तर करने की कवायद, लगाए परिंडे



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** समीपवर्ती भारजा गांव में श्रीमती रेणु देवेंद्र मोदी आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक भारजा के आचार्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए परिसर में पक्षियों के लिए जलपात्र (परिंडे) लगाए गए। मीडिया प्रभारी भरत कुमार ने बताया कि आचार्यों ने छात्रों को ग्रीष्म ऋतु में पक्षियों की प्यास बुझाने के महत्व से अवगत कराया एवं उन्हें भी इस कार्य में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस पहल में भाग लिया। स्थानीय स्तर पर इस प्रयास की सराहना की जा रही है। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य पंकज कुमार कुम्हार आचार्य रामलाल रबारी, हार्दिक परिहार, राजेंद्र रबारी, पोपट मेघवाल, प्रवीण मेघवाल, भंवर घांची, जोगेंद्र मेघवाल, दीपक सुथार, राहुल प्रजापत आचार्या संतोष सोनी, पूजा पुरोहित, भावना सैन एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# उत्कृष्टता को सम्मान, शिक्षण की प्रेरणा दी

## आदर्श विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** विद्या भारती की ओर से संचालित श्रीमती रेणु देवेंद्र मोदी आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक भारजा में स्थानीय परीक्षा परिणाम जारी किया गया। विद्या मंदिर के मीडिया प्रमुख भरत कुमार ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष मोहनलाल, मुख्य अतिथि गोविंदराम, विशिष्ट अतिथि डूंगाराम, नरिंगाराम, वनाराम, गणपत, विक्रम समस्त अभिभावक की मौजूदगी में घोषित किया गया। अतिथियों की ओर से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। परीक्षा प्रभारी राजेन्द्र एवम रामलाल की ओर से परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य पंकज कुमार कुम्हार द्वारा विद्यालय का परिचय एवं विद्यालय के क्रमोन्नति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को अतिथियों ने मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान आचार्य रामलाल रबारी, हार्दिक परिहार, राजेंद्र रबारी, पोपट मेघवाल, प्रवीण मेघवाल, भंवर घांची, जोगेंद्र मेघवाल, दीपक सुथार, राहुल प्रजापत आचार्या पूजा पुरोहित, भावना सैन, संतोष सोनी एवं छात्र -छात्राएं उपस्थित थीं।

# तरबूज- खरबूजे की बम्पर खेती, 110 हैक्टेयर में फसल

अशरफ भाटी @ जागरूक टाइम्स

**मंडार।** मंडार-रेवदर क्षेत्र में अधिकतर किसान गुजरात की तर्ज पर क्षेत्र में तरबूज ओर खरबूजे की खेती में भाग्य आजमा रहे हैं। मंडार कृषि अधिकारी पूराराम चौहान से बताया कि इस बार रेवदर ब्लॉक में 110 हेक्टेयर में तरबूज और खरबूज की खेती की जा रही है। पिछले साल किसानों ने 80 हेक्टेयर में खेती की थी। अच्छा उत्पादन होने से 30 हेक्टेयर रकबा की खेती है। किसान श्रवण कुमार किरमाली, गलबा राम माली, शांतिलाल चौधरी, रावताराम प्रजापत, मुकेश माली, बलवंत माली, शांतिलाल माली ने बताया कि इस बार किसानों ने क्षेत्र में आलू की पैदावार के बाद किसान खरबूज और तरबूज की खेती करने लगे हैं। खाद बीज विक्रेता रेवाराम माली, दिनेश कुमार प्रजापति, सोफिन व भरत कुमार प्रजापत, पुनमा राम चौधरी डायाराम ,जयंतीलाल चौधरी ने बताया कि खरबूजे के बीज का दाम 25 हजार व तरबूज के दाम 32 हजार रुपए प्रति किलो है। एक बीघा भूमि में 150 ग्राम तरबूज के बीज लगते हैं। रोग नहीं लगे तो किसानों को अच्छी आमदनी होती है। मंडियों में दस रुपए और फुटकर में 10 से 15 रुपए किलो है। गुजरात से खरबूजा और तरबूज की आवक है। किसान श्रवण कुमार ने बताया एक हेक्टेयर में 90 से 1 लाख के आसपास खर्च बैठता है। इसमें बीज ओर दवाई सहित मजदूरी शामिल है। एक बीघा भूमि पर 15 से 20 हजार के आसपास खर्च आता है। क्योंकि बेहतरीन • ालिटी के खरबूज के बीज 28 हजार रुपए किलो के भाव से मिलते हैं। साथ ही एक बीघा में 250 ग्राम बीज लगता है। इस खर्च के साथ किसान को फसल तैयार होने पर आमदनी अच्छी मिलती है। किसान तरबूज और खरबूजे की खेती में भाग्य आजमाते हैं।



### तरबूज को इसलिए कहते हैं मौसम का राजा

तरबूज में 97 प्रतिशत पानी होता है। यह शरीर में ग्लूकोज की मात्रा पूरा करता है। कुछ स्त्रोतों के अनुसार तरबूज रक्तचाप संतुलित रखता है। तरबूज की तासीर ठंडी होने के कारण यह गुस्से को भी कम करता है। मन शांत रखता है। पेट के पाचन तंत्र को मजबूत करता है और सभी विकारों खत्म करता है।

### तरबूज खाएं तो इन तीन बातों का रखें ध्यान

पहला तरबूज खाने के तत्काल बाद पानी नहीं पीना चाहिए। क्योंकि आपके गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल ट्रैक्ट पर बुरा प्रभाव पड़ता है। तरबूज में फाइबर, चीनी और पानी भरपूर मात्रा में होता है। माइ ोब्स और बैक्टीरिया को पैदा होने और विस्तार करने के लिए पानी की जरूरत पड़ती है। दूसरा तरबूज खाने के बाद दूध पीने से सेहत पर उल्टा असर होता है। विटामिन सी से भरपूर तरबूज के बाद दूध के उत्पाद खाते हैं तो ये प्रतिक्रिया करते हैं जो पेट फूलने का कारण बनते हैं और पाचन तंत्र के लिए नुकसानदाय होता है। कई बार अपच की शिकायत भी होती है। तीसरा तरबूज के बाद प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ खाना हानिकारक है। तरबूज में मिनरल्स के साथ कुछ मात्रा में स्टार्च भी होता है। ऐसे में प्रोटीन युक्त खाद्य पदार्थ जैसे दालों का सेवन पाचन एंजाइमों को नुकसान पहुंचा सकता है। यह आपके पेट के लिए हानिकारक हो सकता है।

# सेवा सुश्रुता के तहत बच्चों में बांटी शिक्षण सामग्री

## ओसवाल जैन यूथ ग्रुप ने हजार स्कूल बैग्स का वितरण किया

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** समीपवर्ती रोहिड़ा गांव में ओसवाल जैन यूथ ग्रुप रोहिड़ा की ओर से विद्यालय के छात्रों को स्कूल बैग एवं कंपास बॉक्स वितरण किए गए। जानकारी के अनुसार ओसवाल जैन यूथ ग्रुप की ओर से हर वर्ष की भांति ग्रीष्मकालीन में सार्वजनिक उत्सव के पर्व पर तृतीय वर्ष के शैक्षिक सत्र 2025 -26 में सभी के सहयोग से आदिवासी क्षेत्र पिटारी पादर मांडवाड़ा देव, कंबोई वासा, ढाकेलाफली, पानिया फली, दोयतरा, खारा वाटेरा, बोर उमरी, मांडवाड़ा देव, जांबेजीफली, खादरी फली पनिया, बोरीफ़ली, वंदफली, भमरिया, ऊबागरा की सभी राजकीय प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों को शिक्षा का साधन स्कूल बैग, कंपास बॉक्स, कंपास कीट एवं पानी पीने की बोतल का वितरण किया गया। जनजाति क्षेत्र में बालकों को राष्ट्र भक्ति एवं भारतीय संस्कारों को भरने का कार्य करने के लिए राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की ओर से संचालित एकल विद्यालय के संच प्रमुख को एवं आचार्य को प्रेरणा स्वरूप बैग, वार्षिक दैनिक डायरी एवं पेन देकर सम्मानित किया। इस मौके पर ओसवाल जैन यूथ ग्रुप के विजय कुमार, जितेंद्र कुमार,देवेंद्र जैन,अतुल जैन, अश्विनकुमार, शैलेश जैन, मनोजकुमार, यश सोनी, सुरेश पुजारी, मनीष टेलर एवं समस्त ओसवाल समाज के लाभार्थी मौजूद थे।



# विश्वकर्मा मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया, शोभायात्रा निकाली

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** सुथार वास में वास्तुकला और शिल्पकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा मंदिर का तृतीय वार्षिक महोत्सव रविवार को समाज बंधुओं की उपस्थिति में मनाया गया। विश्वकर्मा वंश सुथार मंदिर कमेटी छह परगना की ओर से आयोजित इस वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा समेत विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें बड़ी संख्या में समाजबंधुओं ने भाग लिया। विश्वकर्मा वंश सुथार मंदिर कमेटी छह परगना के अध्यक्ष लक्ष्मणलाल भीमाजी सुथार ने बताया कि सवेरे 7.30 बजे जाजम व पाट स्थापना के साथ आगामी वार्षिकोत्सव महोत्सव के महाप्रसादी के चढ़ावें, वर्तमान महोत्सव में भगवान को हार पहनाने का चढ़ावा, प्रातः भगवान की आरती का चढ़ावा, भगवान की आंगी का चढ़ावा, भगवान की आरती के समय,चंवर दुलाने का चढ़ावा,गुलाल का चढ़ावा, शोभा यात्रा में प्रसाद वितरण का चढ़ावा, वर्तमान महोत्सव में रथ में बैठने का चढ़ावे की बोली बोली गई। उसके बाद वेदिक मंत्रोचार के साथ 12 बजे भगवान विश्वकर्मा की महाआरती की गई। सुथार ने बताया कि बाद में विश्वकर्मा मंदिर प्रांगण से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। जो आयुर्वेद अस्पताल, राजमाता धर्मशाला, शाहजी की वाडी, बस स्टेंड रोड, सरजावाव दरवाजा सहित प्रमुख मार्गो से होकर गुजरी। शोभायात्रा के दौरान आकर्षक रथ पर विराजित भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा को चंवर ढुलाते भक्त एवं पालकी में सवार भगवान की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालु वंदना करते नजर आए। भगवान विश्वकर्मा के तृतीय वार्षिक महोत्सव में महाप्रसादी का लाभ श्रीमती अंबादेवी स्व तलसाजी रूपाजी सुथार एवं स्व श्रीमती भागूदेवी स्व मगनजी भूबाजी सुथार ने प्राप्त किया। समाजबंधु उत्साह के साथ जयकारे लगाते आराध्य देव की भक्ति से सराबोर नाचते-गाते शरीक हुए। शोभायात्रा में जहां श्रद्धालु महिलाएं मंगल गीतों का गान कर रही थी वहीं युवतियां डीजे की मधुर धुनों पर थिरक रही थीं। शोभायात्रा के दौरान भगवान विश्वकर्मा की मनमोहक झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही। इस मौके विश्वकर्मा मंदिर शिखर पर लक्ष्मणराम भीमाराज सिरोही, सोमनाथ महादेव मंदिर पर हिम्मतमल लकमाराम जावाल एवं विष्णु लक्ष्मी मंदिर पर अरविंद भीमाराम सिरोही की ओर से अमर ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर विश्वकर्मा वंश सुथार मंदिर कमेटी छह परगना के अध्यक्ष लक्ष्मणलाल भीमाराम सुथार, उपाध्यक्ष अचलाराम पेकाराम सुथार, सचिव चम्पतलाल शिवलाल सुथार, सहसचिव किशोरकुमार बाबूलाल सुथार, सहकोषाध्यक्ष वीसाराम केराराम सुथार उपस्थित थे। किशोर सुथार, शिवलाल सुथार, दिनेश सुथार, हरीश सुथार, प्रमोद सुथार सहित कई कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।



# सुमरण का सहज मार्ग, हिन्दू धर्म शास्त्रों से की पुष्टि



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** शहर में रविवार को संत रामपाल महाराज का एक दिवसीय सत्संग कार्यक्रम आयोजित किया गया। सत्य ज्ञान के प्रसारक और संत मत के प्रचारक सदगुरु रामपाल महाराज ने इस अवसर पर सुमरण (नामजप) को मोक्ष का सबसे सरल और प्रभावशाली मार्ग बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मार्ग न केवल सहज है, बल्कि पूर्णतः शास्त्रसम्मत भी है, जिसका प्रमाण वेद, भगवद गीता तथा पुराणों में स्पष्ट रूप से उपलब्ध है। सदगुरु रामपाल ने कहा, सुमरण अर्थात् सतनाम और सारनाम का जाप ही वह मार्ग है, जो आत्मा को जन्म-मरण के बंधन से मुक्त करता है। यह कोई नई या काल्पनिक साधना नहीं, बल्कि सनातन और शास्त्र-स्वीकृत साधना है। उन्होंने भगवद गीता के अध्याय 8, श्लोक 13 का उल्लेख करते हुए कहा– ओम इत्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन अर्थात् जो प्राणी ब्रह्म का नाम जपते हुए और मेरा स्मरण करते हुए शरीर त्यागता है, वह मुझे प्राप्त होता है। रामपाल महाराज ने यजुर्वेद, श्रीमदभागवत महापुराण एवं श्रीदेवी भागवत जैसे प्राचीन ग्रंथों से प्रमाण प्रस्तुत करते हुए बताया कि सुमरण की विधि शास्त्रों में पहले से ही वर्णित है। परंतु आज के समय में इसका सही ज्ञान और विधि दुर्लभ हो गई है। उन्होंने कहा कि केवल एक पूर्ण संत ही यथाविधि सुमरण व सतनाम प्रदान कर सकता है, जो आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की सामर्थ्य रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान युग में केवल भक्ति और नामस्मरण से ही मोक्ष संभव है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे शास्त्रों के अनुसार साधना करें, झूठे आडंबरों से दूर रहें और सच्चे ज्ञान को अपनाएं। सत्संग के अंत में संत रामपाल जी ने समाज सुधार की दिशा में भी महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि दहेज लेना और देना, रिश्वतखोरी, भ्रूण हत्या, नशाखोरी जैसी कुप्रथाओं से समाज को मुक्त कराना आवश्यक है और इन बुराइयों से न केवल स्वयं दूर रहें, बल्कि दूसरों को भी रोकें। सत्संग आयोजनकर्ता छगनदास पाडीव और छगनदास टंकारिया ने जानकारी दी कि संत रामपाल महाराज द्वारा दी जाने वाली नाम दीक्षा पूर्णतः निशुल्क होती है और किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। उनके अनुसार, संत रामपाल द्वारा बताई गई सत्भक्ति से मनुष्य को जन्म-मरण के चक्र से पूर्ण रूप से मुक्ति मिल सकती है। इस अवसर पर आनंददास (पिंडवाड़ा), सुरेशदास (पिंडवाड़ा), जोरादास(सादलवा), सनादास (बसंतगढ़), मोहनदास (झाड़ोली), सूरजदास (सिरोही), दीपकदास (मंडार), बेनादास (मोरस), अशोकदास (कालंद्री), रमेशदास (माकरोड़ा), सोहनदास (सिरोही), विनोददास (शिवगंज), धन्नादास और प्रभुदास (राड़बर) सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# तेज हवा के साथ बारिश, उड़े टीन शैड



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** अर्बुदांचल में शनिवार देर रात को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। देखते ही देखते आसमान में बिजली कौंधने लगी। तेज हवा बहने लगी। कुछ ही देर में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब एक घंटे तक चली बारिश के चलते वातावरण में ठंडक व्याप्त हो गई। तापमापी में पारे ने गोता लगा लिया। लोगों को कहर बरपाती गर्मी से आंशिक राहत मिली। रविवार सुबह से ही आसमान में सूर्य देव बादलों की ओट में रहे। लेकिन, दिन चढ़ने के साथ ही बादलों व सूर्यदेव के बीच आंख मिचौनीका खेल लगातार जारी रहा। हालांकि बारिश से उमस के सिर उठाने से गर्मी से लोग बेहाल रहे। तेज हवा के साथ देर रात को बारिश के चलते सियावा के मालियावास में एक आवास के पर लगे लोहे के पतरे उड़ गए। मालियावास निवासी राणाराम गरासिया के कच्चे आवास पर लगे लोहे के पतरे उड़ गए। घर में रखा दैनिक उपभोग का सामान तितर-बीतर हो गया।

# चोरों ने मंदिर में किया हाथ साफ

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** महावीर टॉकीज रोड स्थित संतोषी माता मंदिर में शनिवार के रात को चोरों ने हाथ साफ कर दिया। मंदिर के दान पात्र में रखी 8 5 हजार की नगदी, चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गए। चोरी की पूरी घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। मंदिर में चोरी की घटना की सूचना मिलते ही लोगों में रोष घर कर गया। बड़ी संख्या में लोग मंदिर पहुंचे। सूचना मिलने पर शहर पुलिस मौके पर पहुंची। मौका निरीक्षण किया।महावीर टॉकीज रोड पर अग्रवाल कॉलोनी के प्रवेश द्वार के समीप स्थित संतोषी माता मंदिर में चोरों ने सैंधमारी की। मंदिर का इंटरलॉक को लोहे की रोड से तोड़ दिया। मंदिर में रखी मां संतोषी की प्रतिमा पर रक्त से तिलक लगाया। मंदिर के दान पात्र को तोड़ दिया। दान पात्र में राखी 8 5 हजार की नगदी चुरा ली। वहीं मंदिर परिसर में स्थित अलमारी के ताले तोड़ दिए। अलमारी में रखे सामान को अस्त-व्यस्त कर दिया। दो चांदी के नए छत्र, चांदी की जीभ, चांदी का की दो छत्र, पांच चांदी के मोती व मां की प्रतिमा के ऊपर लगा दो पचास ग्राम का चांदी का छत्र, मंदिर का ताले, मां के मुकुट, हार आदि लेकर फरार हो गए। चोरों ने मंदिर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे का दिशा परिवर्तन कर दिया। लेकिन, मंदिर परिसर के अंदर लगे तीन सीसीटीवी कैमरे में चोरी की घटना कैद हो गई। रविवार सुबह मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं को चोरी की वारदात का पता चला। बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए। शहर पुलिस को सूचना दी गई।

# कई दिग्गज 17वें न्यूज़मेकर्स अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र दिवस और मजदूर दिवस के उपलक्ष्य में मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सभागार में आफ्टरनून वॉइस प्रेजेंट 17वें न्यूज़मेकर्स अचीवर्स अवार्ड का आयोजन किया गया। डॉ। वैदेही तमान द्वारा आयोजित इस समारोह में पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक रामलाल, मंत्री श्री उदय सामंत, मंत्री योगेश कदम, अनु अग्रवाल आशिकी अभिनेत्री, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी, स्मिता जयकर, अप्पा परब जी, जे वी पवार,मास्टर अयान खान, सहित कई आईएएस,आईपीएस अधिकारी और कई मीडिया प्रमुख को इस सम्मान से नवाजा गया।



- पंडित हृदयनाथ मंगेशकर, उदय सामंत, अनु अग्रवाल, नायरा एम बनर्जी, पंकज बेरी को मिला अवॉर्ड
- महाराष्ट्र दिवस के उपलक्ष्य में यशवंतराव चव्हाण सभागार में कार्यक्रम का आयोजन

### स्मिता जयकर को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

हम दिल दे चुके सनम फेम अदाकारा स्मिता जयकर ने लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड हासिल करने के बाद कहा कि कितने दिग्गज लोग स्टेज पर हैं। मैं एक बार फिर वैदेही को दिल से धन्यवाद देती हूँ। सोशल केटेगरी मे यह अवॉर्ड बेस्ट आईपीएस अधिकारी के लिए संदीप तमगडगे, डिफेंस सर्विस में योगदान के लिए कर्नल प्रभात सूद (रिटायर्ड), बेस्ट सोशल वर्कर महामंडलेश्वर पायल नंदगिरी जी, बेस्ट डॉक्टर डॉ वेणु गोपाल राम राव, बेस्ट वैदिक आचार्य पंडित विद्याधर मिश्रा, सर्वश्रेष्ठ हिन्दी साहित्यकार यतींद्र कटारिया को दिया गया।



### पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

पहलगाम हमले में हुए शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए सभी ने मौन धारण किया। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

### सामंत -कदम को बेस्ट पॉलिटिशियन सम्मान

महाराष्ट्र सरकार में उद्योग मंत्री उदय सामंत को बेस्ट वर्किंग पॉलिटिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया। उदय सामंत ने कहा कि उषा ताई, रामलाल जी, योगेश कदम, डॉ वैदेही सहित यहां उपस्थित सबको पहले महाराष्ट्र दिवस, मजदूर दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। सौभाग्यशाली मानता हूं कि स्टेज पर ऐसी ऐसी हस्तियां बैठी हैं और मुझे सम्मानित किया गया। योगेश कदम को भी सम्मानित किया गया।

महाबलेश्वर में आयोजित महापर्यटन उत्सव-2025

# पर्यटन को बढ़ावा देने को पूरे वर्ष का पर्यटन कैलेंडर बनाएं : सीएम

- पर्यटकों को सुविधाओं की जानकारी देने को नई तकनीक का उपयोग करने का आह्वान

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सातारा।** पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग को पूरे वर्ष का पर्यटन कैलेंडर तैयार करना चाहिए, जिसमें राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में होने वाले त्योहारों और आयोजनों को शामिल किया जाए। देश के टूर ऑपरेटरों के साथ कार्यशालाएं आयोजित कर उन्हें महाराष्ट्र की पर्यटन सुविधाओं की जानकारी दी जानी चाहिए। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर सभी पर्यटन सुविधाओं की जानकारी एक ही पोर्टल पर उपलब्ध कराई जानी चाहिए, यह आह्वान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने किया। वे महाराष्ट्र पर्यटन विकास महामंडल (एमटीडीसी) द्वारा महाबलेश्वर में आयोजित महापर्यटन उत्सव-2025 के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे, पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई, उद्योग मंत्री उदय सामंत, सार्वजनिक बांधकाम मंत्री शिवेंद्रसिंह भोसले, ग्रामविकास व पंचायत राज मंत्री जयकुमार गोरे, मदद व पुनर्वसन मंत्री मकरंद जाधव (पाटील), विधायक डॉ. अतुल भोसले, सचिन पाटील आदि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने महोत्सव को मिले अच्छे प्रतिसाद पर आयोजकों को बधाई दी और कहा कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नागरिक सुविधाएं और पर्यटन संस्कृति का विकास जरूरी है। स्थानीय लोगों का सहयोग पर्यटकों को बेहतर अनुभव देने के लिए अहम है। महाबलेश्वर में शौर्य और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। हमें प्रकृति ने पश्चिमी घाट, 720 किमी लंबा समुद्र तट और कई सुंदर तीर्थस्थल दिए हैं। इन स्थलों की सुंदरता को देश-विदेश तक पहुंचाने का कार्य हमें करना है और यह महोत्सव इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



### हर विभाग में हर साल पर्यटन महोत्सव होंगे: शंभूराज देसाई

पर्यटन मंत्री शंभूराज देसाई ने अपने प्रास्ताविक भाषण में कहा कि यह महापर्यटन उत्सव का पहला प्रयास था। इस उत्सव को मिला भारी प्रतिसाद देखते हुए, अब हर वर्ष राज्य के प्रत्येक विभाग में पर्यटन महोत्सव आयोजित किए जाएंगे। इन महोत्सवों के माध्यम से स्थानीय पर्यटन स्थलों और विशेषताओं का ब्रांडिंग किया जाएगा। पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं।

### महाबलेश्वर में पर्यटन की अपार संभावनाएं : शिंदे

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाबलेश्वर प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है और यहां पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। मुनावळे में जल पर्यटन को भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। पर्यटक यहां के प्रकृति सौंदर्य के साथ-साथ कला, संस्कृति, इतिहास और खाद्य पदार्थों का भी आनंद ले सकते हैं। इस क्षेत्र के स्थानीय युवाओं को पर्यटन के माध्यम से रोजगार मिलेगा।

### महोत्सव का विस्तार करें और अंतरराष्ट्रीय अवधारणाएं अपनाएं : राम शिंदे

विधान परिषद के सभापति प्रा. राम शिंदे ने कहा कि महाबलेश्वर पर्यटकों का पसंदीदा स्थान है। महापर्यटन उत्सव को मिला सकारात्मक प्रतिसाद देखते हुए इसका आगामी वर्षों में विस्तार होना चाहिए, जिससे और अधिक पर्यटक आकर्षित हों। इस उत्सव में पर्यटन की कई अभिनव अवधारणाएं देखने को मिलीं और सुझाव दिया कि पर्यटन विभाग को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की सफल योजनाएं भी अपनानी चाहिए।

# रक्षा उत्पादक कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द

■ सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली कंपनी ने दिए निर्देश

**मुंबई।** भारतीय सेना के लिए गोला-बारूद बनाने वाली रक्षा मंत्रालय की मुख्य कंपनी म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल) ने अपनी सभी इकाइयों के लिए कर्मचारियों की छुट्टियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी है। यह फैसला 2 मई को राष्ट्रीय सुरक्षा और परिचालन संबंधी तात्कालिकता को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में स्थित चांदा आयुध संयंत्र, जो रक्षा उत्पादों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, ने परिपत्र जारी कर शुक्रवार (2 मई) को अपने सभी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दीं। संयंत्र के उप महाप्रबंधक ने कहा है कि 'म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (एमआईएल)' के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के निर्देशों के अनुसार, "सभी प्रकार की छुट्टियां" तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। सभी कर्मचारियों को बिना चूके ड्यूटी पर आना चाहिए और "इस महत्वपूर्ण अवधि के दौरान" राष्ट्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप निर्बाध उपस्थिति एवं योगदान सुनिश्चित करना चाहिए। यह आदेश "राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में और परिचालन संबंधी तात्कालिकता" के मद्देनजर जारी किया गया है, ताकि संयंत्र की कार्यक्षमता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके साथ ही, केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही किसी भी कर्मचारी को छुट्टी दी जाएगी। इस कदम के माध्यम से आयुध संयंत्र ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी देश की सुरक्षा में कोई बाधा उत्पन्न न करे। यह आदेश संयंत्र के कर्मचारियों को एक चुनौतीपूर्ण स्थिति में डालता है, लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और सामरिक तैयारी के संदर्भ में यह कदम बेहद आवश्यक माना गया है।

# वॉटर हार्वेस्टिंग में 'जनभागीदारी' का आह्वान

**मुंबई।** मुंबई में शनिवार को आयोजित उद्योगपतियों की एक सभा में जलशक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल ने जल प्रदूषण पर सरकार का नया दृष्टिकोण पेश करते हुए उद्योग जगत की ढाल बनते हुए कहा, "अगर फैक्ट्रियों का रसायनिक पानी जमीन में रिसता हैं तो किसानों के खेतों से भी कीटनाशक और यूरिया जमीन के नीचे जाकर वही काम करते हैं।
वही पानी नदियों के माध्यम तालाबों में जाता हैं और हम सब उसे नलों से पीते हैं, फिर उद्योगों को अलग से दोष क्यों?" वहीं वॉटर हार्वेस्टिंग को बढ़ावा देने के नाम पर उन्होंने दानदाताओं को सलाह दी कि "बांध बनाने में पच्चीस साल लग जाएंगे, लेकिन पच्चीस साल किसने देखे हैं? इस साल जून से पहले अपने-अपने गांवों में बोरवेल खुदवाइए, गंदा पानी भी जमीन में डालिए,अगले साल जल स्तर बढ़ा हुआ मिलेगा और जमीन भी उपजाऊ हो जाएगी।

# अजित गुट में शामिल गुलाबराव देवकर

- अजित पवार की मौजूदगी में पार्टी ने किया स्वागत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव से पहले शरद पवार गुट को बड़ा झटका लगा है। एनसीपी (एसपी) के नेता गुलाबराव देवकर तीन मई को अजित पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हो गए। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार की मौजूदगी में गुलाबराव देवकर ने एनसीपी का दामन थाम लिया। इस दौरान कुछ और नेता भी एनसीपी में शामिल हुए। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने गुलाबराव देवकर और अन्य नेताओं का पार्टी में स्वागत किया। इस दौरान अजित पवार गुट के कई और नेता भी मौजूद रहे। लंबे समय से एनसीपी शरद पवार के वफादार माने जाने वाले पूर्व मंत्री गुलाबराव देवकर के अजित पवार गुट के साथ आने से एनसीपी को और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



गुलाबराव देवकर ने शरद पवार की पार्टी से जलगांव ग्रामीण सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ा था, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। ऐसा माना कहा गया कि जलगांव जिले में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शरद पवार गुट को झटका लगने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं में दरार पड़ गई।

# एमआरजेसीटीयू ने दी आंदोलन की चेतावनी

■ आजाद मैदान में 150 से अधिक शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

**मुंबई।** मुंबई विभागीय कनिष्ठ महाविद्यालयीन शिक्षक संगठन (एमआरजेसीटीयू) ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विभागीय उपसंचालक के कार्यालय पर आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन की ओर से अध्यक्ष प्रा. श्रीप्रकाश दीक्षित और प्रधान सचिव प्रा. मुकुंद आंधलकर द्वारा हस्ताक्षरित निवेदन में कहा गया है कि शिक्षक लंबे समय से नियुक्ति में हो रही अनियमितताओं, समस्याओं के निराकरण में देरी और वेतन से जुड़ी परेशानियों से त्रस्त हैं।
निवेदन में कहा गया है कि दो मई 2025 को मुंबई विभागीय उपसंचालक के कार्यालय में भ्रष्टाचार के विरोध में एमआरजेसीटीयू के पदाधिकारी मुंबई के आजाद मैदान में 150 से अधिक शिक्षकों के साथ धरना देकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया है कि संबंधित अधिकारी शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के प्रति उदासीन हैं। संगठन ने चेतावनी दी है कि जब तक त्वरित कार्रवाई नहीं की जाती और समस्याओं का समाधान नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन चलते रहेंगे ,तथा भविष्य में और बड़े आंदोलन किए जाएंगे।




### संगठन की मुख्य मांगें

1. मुंबई विभागीय उपसंचालक कार्यालय की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान की व्यवस्था की जाए।
2. नियुक्ति प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर कर नियमित कार्यप्रणाली लागू की जाए।
3. नियुक्ति से संबंधित सभी मामलों में त्वरित निर्णय लिया जाए।
4. विभागीय आदेशों को सुसंगत एवं स्पष्ट रूप से अमल में लाया जाए।
5. सभी शिक्षकों का वेतन हर महीने की एक तारीख को दिया जाए।
6. वर्ष 2012 में नियुक्त शिक्षकों को 2013के स्थान पर 2012 में नियुक्ति तिथि से मान्यता दी जाए।

# फर्जी निकला धमकी भरा कॉल

- आरोपी युवक ऑटिस्टिक से पीड़ित
- पुलिस ने परिवार को दी चेतावनी

**मुंबई।** मुंबई पुलिस को शनिवार को एक धमकी भरा कॉल आया। कॉलर ने कहा कि अंधेरी ईस्ट के एक रिहायशी अपार्टमेंट में बम से भरा बैग पड़ा हुआ है। उसे जल्दी वहां से उठा लो, कहीं और ले जाओ। इसके बाद कॉलर ने कॉल काट दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंट्रोल रूम से तुरंत सहार पुलिस स्टेशन को सूचना दी गई। मुंबई की सहार पुलिस की टीम तुरंत बताए गए स्थान पर पहुंची और इलाके की गहन तलाशी ली, लेकिन उन्हें वहां कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। तलाशी अभियान के बाद यह स्पष्ट हो गया कि कॉल झूठा था, लेकिन इससे पहले यह एक संभावित सुरक्षा खतरे के तौर पर देखा जा रहा था। पुलिस ने कॉलर को ट्रेस किया। इस क्रम में पुलिस ने एक 19 वर्षीय युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान सामने आया कि युवक ऑटिस्टिक से पीड़ित है। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ है। उसके पिता ने पुलिस को यह जानकारी दी। बेटे की मानसिक स्थिति से जुड़े मेडिकल दस्तावेज भी प्रस्तुत किए। इसके बाद सहार पुलिस ने मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए युवक के परिवार को चेतावनी देते हुए मामले को रफा-दफा कर दिया। साथ ही ये भी कहा कि इस बार मामला दर्ज नहीं कर रहा हूं।

# ठाणे में 17वीं मंजिल से गिरी महिला की मौत

**ठाणे।** ठाणे में एक महिला की मौत से हड़कंप मच गया। ठाणे में शनिवार को एक महिला की संदिग्ध आत्महत्या के मामले में ऊंची इमारत से गिरकर मौत हो गई। यह जानकारी पुलिस ने दी है। खड़कपाड़ा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि घटना कल्याण इलाके में हुई। माना जा रहा है कि करीब 30 साल की एक महिला दोपहर करीब तीन बजे एक रिहायशी इमारत की 17वीं मंजिल पर स्थित रिफ्यूज एरिया में पहुंची और वहां से कूद गई। चौकीदार और इमारत में रहने वाले कुछ लोगों ने तेज आवाज सुनी और मौके पर पहुंचे। उन्होंने महिला को जमीन पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया। महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है।

# जितना ईमानदारी से अभिनय करोगे, उतना ही बेहतर होगा : आमिर खान

- वेव्हज 2025 में 'अभिनय की कला' विषय पर विचार मंच

**मुंबई।** एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) तकनीक के कारण फिल्म इंडस्ट्री में बड़ा बदलाव आ रहा है। अब कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सहारे बिना अभिनेता के भी दृश्य शूट किए जा सकते हैं। 'अभिनय की कला' विषय पर अपने बेहद सहज, सरल और उपयोगी सुझावों के साथ अभिनेता आमिर खान ने वेव्हज 2025 में उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने कहा कि आपका काम जितना ईमानदारी से किया जाएगा, वह उतना ही बेहतर होगा। आमिर खान ने कहा, "मैं प्रशिक्षित अभिनेता नहीं हूं। मेरा नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में जाने का मन था, लेकिन वह संभव नहीं हुआ। मैंने अपने अभिनय सफर में छोटी-छोटी बातें सीखी हैं, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी साबित हुईं। फिल्म निर्माण के भविष्य के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, "अब एआई तकनीक से बिना अभिनेता के दृश्य शूट किए जा सकते हैं। बाद में तकनीक से अभिनेता को दृश्य में जोड़ा जा सकता है। किसी अभिनेता का सबसे पहला और सबसे जरूरी काम होता है – उस किरदार के मन में प्रवेश करना। आमिर ने बताया कि "मैं स्क्रिप्ट के साथ बहुत समय बिताता हूं। उसे बार-बार पढ़ता हूं।



अगर स्क्रिप्ट अच्छी हो, तो आप किरदार को समझ सकते हैं। उसका बाहरी स्वरूप, व्यवहार, सोच सब कुछ स्क्रिप्ट से निकलकर आता है। निर्देशक के साथ कहानी और किरदार को लेकर बातचीत करने से भी कई बातें स्पष्ट होती हैं। मेरी याददाश्त कमजोर है, इसलिए मैं संवादों को हाथ से लिखता हूं। सबसे पहले मैं मुश्किल दृश्य करना शुरू करता हूं। संवाद याद करना जरूरी है। पहले दिन मैं केवल संवादों पर काम करता हूं।

अग्रबंधु सेवा समिति (महिला समिति) मुंबई

# जरूरतमंदों को खाने-पीने की वस्तुओं का वितरण



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

■ मालाड के चिंचोली हनुमान मंदिर परिसर में दिखा सेवा का मंजर

**मुंबई।** अग्रबंधु सेवा समिति, मुंबई सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों सदैव अग्रणी भूमिका निभाती रही है। जरूरतमंद लोगों की मदद करना, त्योहारों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन करना और भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना संस्था की मुख्य गतिविधियों में शामिल रहा है। इसी क्रम में अग्रबंधु सेवा समिति (महिला समिति), मुंबई द्वारा संस्थाध्यक्ष अमरीशचंद अग्रवाल, ट्रस्टी लक्ष्मी नारायण अग्रवाल की प्रेरणा, मानद मंत्री उदेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोपाल दास गोयल के मार्गदर्शन, महिला समिति अध्यक्षा सुधा अग्रवाल व उपाध्यक्षा ज्योति अग्रवाल, स्नेह लता अग्रवाल और प्रेम लता अग्रवाल के निर्देशन में तीन मई को मालाड स्थित चिंचोली हनुमान मंदिर परिसर में जरूरतमंद लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं का मुफ्त वितरण किया गया। संस्था की महिला समिति की



कोषाध्यक्ष अनीता अग्रवाल, संयुक्त मंत्री बबीता गोयल, सविता अग्रवाल और सभी कार्यकारिणी सदस्याओं ने इस गर्म मौसम में सड़क चलते लोगों को राहत देने के लिए फ्रूटी, पानी की बोतल के साथ वड़ा पाव और फल का बड़ी मात्रा में वितरण करने के बाद सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान नूतन अग्रवाल, जयश्री अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा गुप्ता, जया गोयल, नीता जैन और विनीता अग्रवाल ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। सड़क पर चलने वाले लोगों, वाहन में सामान ढोने वाले ड्राइवरों व मजदूरों, ऑटो रिक्शा चालकों व अन्य मेहनतकश लोगों के पास जा-जाकर संस्था की सभी सदस्याओं ने खाद्य एवं पेय पदार्थों का वितरण किया। भरी गर्मी और रिसते पसीने के बीच उनका उत्साह व जोश देखने लायक था।

# एमपीए के साथ वैश्विक स्तर पर सह-निर्माण को लेकर भारत उत्सुक : मुरुगन

**मुंबई।** भारत, मोशन पिक्चर एसोसिएशन (एमपीए) के साथ साझेदारी को और मजबूत करते हुए वैश्विक स्तर पर एक सुरक्षित और रचनात्मक उद्योग के सह-निर्माण के लिए उत्सुक है, ऐसा वक्तव्य केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने दिया। मुंबई में चल रहे वैश्विक दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 'वेव्हज 2025' के तीसरे दिन, एमपीए ने भारतीय फिल्म, टेलीविजन और ओटीटी क्षेत्रों द्वारा राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था पर डाले जा रहे परिवर्तनकारी प्रभाव को दर्शाने वाली एक व्यापक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट के विमोचन कार्यक्रम में डॉ. एल. मुरुगन और एमपीए के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी चार्ल्स रिव्किन उपस्थित थे। डॉ. मुरुगन ने एमपीए के वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और भारतीय सिनेमा के अंतरराष्ट्रीय दर्शकों पर बढ़ते प्रभाव को स्वीकार किया।

# बविआ शिष्टमंडल ने की मनपा आयुक्त के साथ बैठक

- कई समस्याओं पर की गई विशेष चर्चा



**विरार।** वसई-विरार शहर के विभिन्न गंभीर मुद्दों को लेकर बुधवार को, वसई विरार शहर महानगरपालिका के पूर्व महापौर रूपेश जाधव,पूर्व सभापति नीलेश देशमुख, किशोर पाटील तथा पूर्व नगरसेवकों एवं पूर्व नगरसेविकाओ ने नागरिकों के लिए विकास कार्यों तथा मानसून सीजन से पहले किए जाने वाले उपायों के लिए वसई विरार शहर महानगरपालिका आयुक्त अनिल कुमार पवार से मुलाकात की। आयुक्त ने नालासोपारा स्टेशन से पेल्हार राजमार्ग तक सड़क को चौड़ा करने तथा आचोले में नाट्यगृह को जल्द से जल्द लोगों की सेवा में लाने पर अपना सकारात्मक विचार व्यक्त किया। साथ ही इस बैठक में आयुक्त एवं सभी विभागीय प्रमुख अधिकारियों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की गई। जिसमें **1.** अनाधिकृत निर्माण,**2.** स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं,**3.** प्रकाश (दिवा बत्ती) संबंधी समस्याएं,4. जल संबंधी समस्याएं,**5.** पार्कों की खराब स्थिति, **6.** नगर रचना विभाग, **7.** कोरोना काल से लंबित कार्य, **8.** वार्ड समिति स्तर पर 5 लाख तक के कार्यों की अनुमति और **9.** हस्तांतरित आरक्षणों पर कब्जा लेकर उन्हें उपयोग में लाना।

## गर्मी में राहत का दूसरा नाम बना पेयजल समस्या समाधान शिविर

### तीन सौ से ज्यादा परिवेदनाओं का हुआ निस्तारण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** राजस्थान सरकार की मंशानुसार आमजन को ग्रीष्म ऋतु में राहत पहुंचाने एवं पेयजल की समस्याओं के समाधान के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देश पर जयपुर जिले में पेयजल समस्या समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। महज दो दिनों में इन शिविरों में आमजन से प्राप्त तीन सौ से ज्यादा परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जा चुका है। अतिरिक्त जिला कलक्टर देवेंद्र कुमार जैन ने बताया कि आमजन की पेयजल से जुड़ी समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए के लिए पेयजल समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं प्रतिदिन पेयजल समस्या समाधान शिविर की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। विगत दो दिनों में जयपुर जिले के समस्त उपखंडों में प्राप्त परिवेदनाओं में से 316 समस्याओं का निस्तारण किया जा चुका है। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने बताया कि शहरी क्षेत्र, उपखंड, तहसील मुख्यालयों और ग्राम पंचायत में आयोजित हो रहे शिविरों में पेयजल लीकेज दुरुस्त करने, जॉनिंग/ रीजोनिंग से संबंधित समस्या के निस्तारण करने, नए एवं बकाया पेयजल कनेक्शन करवाने, समर कंटीन्जेंसीज प्लान के अनुरूप कार्य करने, पेयजल की समस्या से ग्रस्त स्थान पर टैंकर से जलापूर्ति की व्यवस्था करने, हेड पंपों की मरम्मत करवाने सहित अन्य संबंधित कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशों के अनुपालना में आमजन की समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए शिविरों के आयोजन के बाद में फॉलोअप शिविर का भी आयोजन किया जा रहा है।

## दोपहर के समय भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के संबंध में जिलों को दिशा निर्देश किए जारी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुधन संवर्धन और पशुपालन के क्षेत्र में विकास के निरंतर प्रयास कर रही है। शासन सचिव पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं मत्स्य डॉ समित शर्मा ने जिलों को दोपहर के समय भारवाहक पशुओं का उपयोग प्रतिबंधित रखने के संबंध में दिशा निर्देश जारी किए हैं। डॉ. शर्मा द्वारा जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि वर्तमान में राज्य के अधिकांश हिस्सों में अत्यधिक तापमान के कारण लू की स्थिति बन रही है। ऐसे मौसम में भारवाहक पशुओं जैसे घोड़े, गधे, खच्चर, भैंस, बैल आदि जानवरों को दोपहर के समय तीखी धूप में काम में लिए जाने से उन्हें हीट स्ट्रोक, निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट और कभी-कभी मृत्यु जैसी गंभीर परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए, पशुओं के कल्याण तथा उनके स्वास्थ्य को देखते हुए उनके प्रति करुणापूर्ण और मानवीय दृष्टिकोण अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जिलों को पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम 1960, 1965 और 2001 के नियमों के अनुरूप पशुओं की देखभाल और उनका उपयोग करने तथा विधिक प्रावधानों की पालना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डॉ. शर्मा ने कहा कि इन नियमों के अनुसार किसी जीव जंतु की देखभाल करने या उसे रखने वाले हर व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह उनके कल्याण के लिए और उन्हें अनावश्यक पीड़ा या यातना से मुक्त कराने के सभी संभव प्रयास करेगा। जिन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 37 डिग्री से अधिक रहता हो वहां दोपहर 12 से 3 बजे तक भार वाहक पशुओं का उपयोग नहीं करेगा और न ही होने देगा। उन्होंने बताया कि पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के एक अन्य नियम के तहत 30 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान पर किसी जानवर का पैदल परिवहन भी निषेध है। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर्स तथा जिला पशु क्रूरता निवारण समिति के अध्यक्षों को पत्र लिखकर इस संबंध में पशुओं के प्रति क्रूरता अधिनियम के समस्त नियमों की अनुपालना करते हुए सभी समुचित कदम उठाने के निर्देश दिए हैं जिससे भारवाहक पशुओं को किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या का सामना न करना पड़े। दिशा निर्देश में कहा गया है कि सभी संबंधित विभाग, स्थानीय निकाय, पुलिस प्रशासन तथा अन्य संबंधित अधिकारी इसकी प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। कृषि कार्यों तथा यातायात के लिए उपयोग में लाए जा रहे पशुओं के लिए स्वच्छ और शीतल पेयजल, पर्याप्त छाया, तथा पौष्टिक चारे के उचित प्रबंधन के निर्देश भी डॉ. शर्मा ने दिए हैं साथ ही उन्होंने कहा है कि आमजन को भी इस विषय में अधिक से अधिक जागरूक किया जाए और इसके लिए स्थानीय समाचार पत्र, पोस्टर, बैनर, रेडियो और सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए।

## भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के पाक्षिक समारोह का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के सभागार में सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पाक्षिक समारोह के समापन उत्सव में सम्मिलित हुए। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने इस अवसर पर कहा कि ब्राह्मणों ने ज्ञान विज्ञान और विद्वता को नई ऊंचाइयां देकर समाज को गौरवशाली दिशा प्रदान की है। इतिहास को देखें तो ब्राह्मणों ने हर क्षेत्र में सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि अराजकता को समाप्त करने वाले भगवान विष्णु के छठे अवतार महर्षि परशुराम आत्मविश्वास से ओतप्रोत और अनुशासन के ओजस्वी चेहरे थे। उनका जीवन आततायी शक्तियों के अहंकार के विनाश के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर देवनानी ने ब्राह्मण समाज की विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 67 प्रतिभाओं को माला, दुपट्टा पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। देवनानी ने कहा कि ब्राह्मण उच्च कोटि की विद्वता, त्याग, तपस्या और संयम के पर्याय रहे हैं। वेद, आयुर्वेद, ज्योतिष, गणित, खगोल, न्याय जैसी अनेक विधाओं की रचना भी ब्राह्मणों ने ही की है। समाज में शिक्षा का आधार ब्राह्मण रहे हैं। उन्होंने वेदव्यास, आचार्य चाणक्य, महर्षि पतंजलि, भास्कराचार्य, स्वामी विवेकानंद, दयानंद सरस्वती, रवींद्र नाथ टैगोर और बाजीराव बल्लाल भट्ट का उल्लेख करते हुए कहा कि इन विद्वानों के आदर्शों को जीवन में उतारना चाहिए। नई पीढ़ी को भी इन विभूतियों के बारे में बताने के लिए हम सभी को पहल करनी होगी।

समारोह को विधायक प्रशांत शर्मा, पूर्व सांसद राम चरण बौहरा, पूर्व विधायक राम लाल शर्मा, विधिवेत्ता एच सी गणेशिया, पंडित सुरेश शर्मा, हरि प्रसाद शर्मा, गोविंद पारीक, पुरुषोत्तम गोड ने भी संबोधित किया। समारोह का संचालन आचार्य राजेश्वर ने किया।

**ब्राह्मण रत्न सम्मान से सम्मानित विभूतियां:-** प्रमोद शर्मा, आलोक गौतम, जगन्नाथ स्वामी, शैलेंद्र भार्गव, मेघेंद्र शर्मा, महावीर शर्मा, ढाका राम, कार्तिक, कन्हैया लाल शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, प्रदीप शर्मा, नरेश अत्रे, दीनदयाल शर्मा, भगवान भारद्वाज, शिशिर, विजय शर्मा, कौशल भारद्वाज, शैलेंद्र शर्मा, राज बिहारी मिश्रा, ललित तिवारी, सुरेंद्र स्वामी, विनय भारद्वाज, कैलाश चंद शर्मा, अमित श्रृंगी, निशा गौड़, प्रदीप शर्मा, अरविंद मिश्रा, लोकेश शर्मा, सुनील दंड, अनिल शर्मा, लक्ष्मीकांत पारीक, अजय शर्मा, अनुराग शर्मा, करण शर्मा, डॉ रानी दाधीच, आचार्य हिमानी शास्त्री, सुरेश पारीक, प्रताप राजपुरोहित, कुलदीप शर्मा, गिरधारी लाल पारीक, विजय, राजेश कुमार शर्मा, महेश पारीक, सर्वेश्वर शर्मा, डॉ लोकेश शर्मा, अशोक भारद्वाज, हिमांशु शर्मा, आशुतोष मिश्रा, हृदयेश चतुर्वेदी, आदित्य शर्मा, महिमा शर्मा, अर्चना भारत जोशी, शंभू लाल शर्मा, मनीष शर्मा, गोपाल मिश्र, रमेश शर्मा, दीपक तिवारी, गजेंद्र शर्मा, गिरीज, मेघा शर्मा, अनिल जोशी, भेरूलाल, भूमिका शुक्ला, कार्तिकेय शर्मा, रजनीकांत भारद्वाज, महेश शर्मा और आचार्य राजेश्वर शर्मा।

# जिलाध्यक्ष सैनी के नेतृत्व में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष का स्वागत

## जल्द होगी शेष मंडल अध्यक्षों की घोषणा : मदन राठौड़



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ झुंझुनूं दौरे पर रहे। झुंझुनूं से पिलानी जाते समय मंडावा मोड़ पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पार्टी जल्द ही शेष मंडल अध्यक्षों की घोषणा करेगी। उन्होंने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने के बाद प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा भी की जाएगी। अंता विधायक कंवरलाल के खिलाफ मामले में सजा को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि कानून अपना काम करेगा। उन्होंने कहा, यह देखना होगा कि कोर्ट से उन्हें राहत मिलती है या नहीं। भाजपा कार्यकर्ताओं में राठौड़ के आगमन को लेकर खासा उत्साह देखा गया। इस अवसर पर सीकर जिला प्रभारी दिनेश धाबाई, भाजपा राष्ट्रीय परिषद प्रतिनिधि विश्वंभर पूनियां, जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया, संदीप शर्मा, मंडावा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कैलाश शर्मा, ललित जोशी, जयप्रकाश चौधरी, श्रवण कुमार सैनी, बाबूलाल सैनी, संदीप परिहार, संजय परिहार, सचिन तुंवाल, सत्यनारायण शर्मा, मनोज नरेड़ा, अभिषेक सैनी, ज्ञानचंद कुमावत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। झुंझुनूं दौरे पर आए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने वक्फ संसोधन विधेयक को लेकर बड़ा बयान दिया है। पत्रकारों से वार्ता में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि वर्षों से वक्फ की कीमती संपत्तियों पर बाहुबली मुस्लिमों ने कब्जा कर रखा था और वहां होटल, दुकानें और कॉलोनियां काटकर बेच दी गई। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने वक्फ की संपत्तियों पर अवैध कब्जे किए। वहीं अब संशोधन विधेयक का सबसे ज्यादा हो हल्ला कर रहे हैं। जबकि यह विधेयक गरीब और जरूरतमंद मुस्लिम समुदाय के हित में लाया गया है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने स्पष्ट किया कि वक्फ की किसी भी संपत्ति से एक इंच जमीन भी नहीं ली जाएगी। बल्कि पारदर्शी प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले वक्फ संबंधी विवादों का निपटारा वक्फ ट्रिब्यूनल करता था। लेकिन अब संशोधन के बाद संबंधित पक्ष न्यायालय में जा सकेंगे। जिससे सभी को निष्पक्ष न्याय मिल सकेगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता अभियान चला रही है ताकि आम मुस्लिम समाज को इसके सकारात्मक पहलुओं की जानकारी मिल सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वक्फ मैनेजमेंट में गैर-मुस्लिम नहीं होंगे, बल्कि निगरानी समिति में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल इस विधेयक को लेकर जानबूझकर भ्रामक प्रचार कर रहे हैं ताकि मुस्लिम समाज को गुमराह किया जा सके। जबकि हकीकत यह है कि यह विधेयक वक्फ संपत्तियों के बेहतर उपयोग और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का देवरोड़ में स्वागत



**चिड़ावा।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ का रविवार को झुंझुनूं जिले के देवरोड़ गांव में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। राठौड़ पिलानी के मोरवा गांव में एक निजी कार्यक्रम में शिरकत करने के क्रम में देवरोड़ पहुंचे थे। उनके आगमन पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और पारंपरिक ढंग से उनका अभिनंदन किया गया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ के साथ आए भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारीलाल सैनी का भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान जिले के कई प्रमुख भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। इनमें पिलानी प्रधान बीरमा संदीप रायला, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, पूर्व सरपंच कुलदीप, सुरेश जलिन्द्रा, रामावतार कुलहरि, धर्मेंद्र गुड्डू नेहरा, सुनिल पूनियां, सुभाष योगी, विष्णु शर्मा, पवन पूनियां, हंसराज पूर्व सरपंच, सुभाष डूडी, संजय बांगड़वा, संदीप सांगवान, महेंद्र मोदी, नवीन ठोलिया, नीतिराज सिंह शेखावत पूर्व सरपंच, मनीष धाभाई, फारूक मंड्रेला, अजय शर्मा, रामदेव उप सरपंच, महावीर शेखावत, जितेंद्र शेखावत, नाहर सिंह, उदमी राम व राजवीर भूकर सहित अन्य शामिल रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष के समक्ष क्षेत्रीय मुद्दों को भी उठाया और संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

# शेखावाटी में बेटियों को मिल रहा है बेटों के जैसा ही सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**चिड़ावा।** शेखावाटी क्षेत्र अपनी परम्पराओं के लिए जाना जाता है। शेखावाटी की मिट्टी के कणकण में शौर्य झलकता है। यहां पर बेटियां बेटों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। और इस बदलाव के पीछे शेखावाटी के लोगों की सोच है। जहां शादी विवाह में बेटो की तर्ज पर बेटियों की बिंदोरी निकाली जाती है। इसी प्रयास के चलते बेटियों को भी बेटो के तर्ज पर ही सम्मान मिल रहा है। ताजा उदाहरण दिवंगत वासुदेव शर्मा की सुपौत्री रंजना के विवाह में देखने को मिला शादी पांच मई को होनी है। लेकिन इससे पहले इनके पारिवारिक सदस्य शैलेंद्रसिंह राजपूत एवं लक्ष्मी देवी और परिजनों ने अपनी लाडो रंजना की घोड़ी पर बैठाकर बिंदोरी निकाली है। इस दौरान राधेश्याम शर्मा सुखाडिया, पूर्व मंत्री छतीसगढ सत्यनारायण शर्मा, भवानीशंकर शर्मा, कैलाषचंद्र शर्मा, सुभाश शर्मा, शरतचंद्र शर्मा, शिवचरण, संदीप, अभिषेक, नीरज, गौरव, मुकेश, सचिन, अक्षय, कुलदीप, दक्ष, विराट समेत समस्त बिंयाला सदाराम जी का परिवार ने डीजे पर नाचते गाते हुए धूमधाम के साथ बिंदोरी निकाली घोड़ी पर बैठी रंजना ने परिवारजनों को इतना प्यार सम्मान के लिए थैंक यू भी कहा और शेखावाटी में बेटियों के सम्मान में निभाई जा रही इस परम्परा को भी सराहा।

# यूपीएससी चयनित रवि बिसु का मुख्यमंत्री ने किया सम्मान



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** भारतीय सिविल सेवा में राजस्थान से चयनित अभ्यर्थियों का मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सम्मान किया। जयपुर में आयोजित समारोह में यूपीएससी में चयनित झुंझुनूं के गांव मौजास निवासी रवि बिसु का भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफा, शॉल ओढ़ाकर व बधाई संदेश देकर सम्मान किया। रवि बिसु ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों से सीधा संवाद भी किया और लोकसेवक के रूप में उत्कृष्ट सेवा देने के रूप में संबोधित किया। इस दौरान राजस्थान के मुख्य सचिव आईएएस सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यूआर साहू, मुख्यमंत्री विशेष सचिव आईएएस सिद्धार्थ सिहाग समेत अन्य मौजूद रहे।

# चिड़ावा में पत्रकारों का सम्मान

**चिड़ावा।** विश्व पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार शाम श्रीराम परिवार की ओर से स्थानीय पत्रकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंड्रेला रोड स्थित बाइपास चौराहे के पास नीलकंठ होटल में संपन्न हुआ। जिसमें नगर के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों ने भाग लिया। समारोह में मौजूद सभी पत्रकारों को परंपरागत राजस्थानी साफा पहनाकर, पुष्पमालाओं से स्वागत कर एवं भगवान श्रीराम दरबार की छवि भेंट स्वरूप देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभुशरण तिवाड़ी ने पत्रकारिता के पुरातन इतिहास से लेकर वर्तमान तक की स्थिति और बदलाव पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि महेश शर्मा आजाद और डॉ. शंभू पंवार ने सकारात्मक पत्रकारिता पर बल देते हुए समाज के मुद्दे उठाने और समस्याओं को सामने लाने में मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्रीराम परिवार के अध्यक्ष नवीन सोनी ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पवन शर्मा नहवाल ने किया। अन्य सभी वक्ताओं ने पत्रकारिता को समाज का दर्पण बताते हुए उसकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में सुरेंद्र डैला, डॉ. चंद्रमौलि पचरंगिया, अमित शर्मा, रजनीकांत मिश्रा, विशाल महमिया, प्रदीप स्वामी, मनीष शर्मा, वेदांत तिवाड़ी, अनिल शर्मा, आकाश वर्मा, रोहित चौधरी, सिद्धार्थ, संदीप सैनी सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे।

# ग्रामीण प्रतिभा तलाश व कॅरिअर सेमीनार टीम का मेगा सेमीनार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** मां सावित्रीबाई फुले रमाबाई अंबेडकर हाइटेक लाइब्रेरी अंबेडकर चौक बजावा रावतका में आयोजित हुआ। संयोजक पवन आलड़िया ने बताया कि हाल में सर्व समाज के बच्चों के लिए यू के प्रबोधन विहार ट्रस्ट की ओर से निशुल्क लाइब्रेरी का शुभारंभ बजावा रावतका में हुआ था। जिसका निर्माण समाजसेवी चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ. कैलाश महारानिया द्वारा करवाया गया। ताकि गांव की प्रतिभाओं को अपने गांव में ही शिक्षा का एक अच्छा माध्यम मिल सके। सेमीनार में महात्मा बुद्ध, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर मां सावित्री बाई फूले रमाबाई की प्रतिमा के पुष्प अर्पित करके आरंभ किया गया। ग्रामीणों द्वारा टीम का प्रतीक चिह्न और पंच शील का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सेमीनार में पवन आलड़िया ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें। सरकार की विभिन्न योजनाओं छात्रवृत्तियों, टाइम मैनेजमेंट तनाव मुक्त शिक्षा और स्वरोजगार के ऊपर व्याख्यान दिया और कहा कि सतत प्रयास और कड़ी मेहनत से ही सफलता मिलती हैं। रजत चौधरी ने भारतीय संविधान और समसामियाकी विषय राजनीति और सामान्य ज्ञान और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट के ऊपर व्याख्यान दिया। साइबर एक्सपर्ट दिनेश जांगिड़ ने वर्तमान समय हो रहे साइबर फ्रॉड और सोशल मीडिया के फ्रॉड से बचने और एआई के बारे मे जानकारी दी। पवन आलड़िया द्वारा बच्चों को निशुल्क सामान्य ज्ञान की पुस्तके भेंट की गई और नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और अधिक से अधिक पेड़ लगाने की शपथ दिलाई गई।

# जरूरत पड़ी तो हम हैं तैयार सीमा पर जाने के लिए : पूर्व सैनिक

**झुंझुनूं।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक परिषद की वार्षिक आमसभा केशव आदर्श विद्या मंदिर में संपन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी शिवकरण जानूं एवं अध्यक्षता पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू व विशिष्ट अतिथि प्रिंस अकेडमी के चेयरमैन गुलझारीलाल कालेर, मारूति के प्रबंधक अजयराज सोनी, जिलाध्यक्ष सूबेदार रामनिवास डूडी, राजस्थान गौरव सैनानी शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजवीर चनाना, सीकर जिलाध्यक्ष रविन्द्र डोटासरा, परिषद के सीकर अध्यक्ष मामराज भूरिया, आजादसिंह शेखावत व कैप्टन महेंद्र झाझड़िया थे। शहीद स्मारक झुंझुनूं के पहलगांव मे जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। मुख्य अतिथि जानूं ने कहा सैनिक व शहीद देश की धरोहर है। झुंझुनूं ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर धर्मपाल भांबू ने परिषद के द्वारा किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कैप्टन सीताराम धींवा ने परिषद की रूपरेखा बताई जिलाध्यक्ष रामनिवास डूडी ने आभार व्यवक्त किया। मंच संचालन संयोजक राजवीर चनाना ने किया। कार्यक्रम में शहीद पिता बदरूराम शहीद पुत्र रोशन, प्रधान खरवा, आजादसिंह, संतकुमार, महेंद्र झाझड़िया, अहसान अली, दलीप खीचड़, अभिषेक ढाका वीरता पदक विजेता, व्यख्याता अनिता धींवा, डॉ. प्रदीप महला एसओ, अंकित लांबा, हैप्पी खीचड़, यशवंत ढाका, रवि, अंकुश, जितेंद्र तंवर, आकाश कालेर, मोनिका, मोहित, नितिन डूडी, राजवीर कड़वासरा, सैनिकों के बच्चों ने विभिन प्रतियोगिताओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने पर, पत्रकार जेपी महारानिया आदि मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष....

### बाप विधायक कृष्ण....

उसको लेकर विधायक आवास परिसर में सर्च किया जा रहा है, सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

एसीबी डीजी बोले, विधायक को रंगे हाथों पकड़ा-एसीबी डीजी रविप्रकाश मेहरड़ा ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, विधायक को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा है। उनके हाथ धुलवाए तो उनमें रंग आया है। विधायक ने पैसे के हाथ लगाया है, हमारे पास पैसा लेकर जाते के वीडियो एविडेंस है। एसीबी डीजी ने कहा- विधायक ने दूसरे जिले की खान से जुड़े तीन सवाल पूछे थे। उन सवालों को वापस लेने की एवज में विधायक ने पहले 10 करोड़ मांगे थे, फिर 2.50 करोड़ में सौदा हुआ था। तीन सवाल में प्रश्न संख्या- 5998 और 6284 ये दोनों तारांकित हैं और प्रश्न संख्या, 950 अतारांकित है। ये तीनों सवाल अभी विधानसभा में टेबल नहीं हुए हैं, सिर्फ लगाए गए हैं। रवि प्रकाश मेहरड़ा ने कहा विधायक पर कार्रवाई से पहले विधानसभा स्पीकर को जानकारी दी गई थी। स्पीकर को पूरे मामले में ब्रीफ किया गया था। मुख्यमंत्री को भी कार्रवाई की जानकारी दी गई। वे गृह मंत्री भी हैं।

**कौन हैं, बागी दौरा विधायक जयकृष्ण पटेल:** बांसवाड़ा के बागी दौरा विधानसभा सीट से पहली बार जय कृष्ण पटेल विधायक चुने गए। पिछले साल आयोजित हुए उपचुनाव में जय कृष्ण पटेल ने बीजेपी के उम्मीदवार सुभाष तंबोलिया को पराजित किया था। पटेल को इस चुनाव में एक लाख 22,573 वोट मिले। इस सीट पर पहले कांग्रेस के दिग्गज रह चुके महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने जीत हासिल की थी। लेकिन चुनाव जीतने के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की। मालवीय ने बीजेपी में शामिल होने के बाद सांसद का चुनाव लड़ा, हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली। इधर, इसके चलते बागीदौरा विधानसभा सीट खाली हो गई। बाद में पिछले साल बागीदौरा विधानसभा पर फिर से उपचुनाव हुए, जिसमें बाप पार्टी के जय कृष्णा पटेल जीते।

### राहुल गांधी बोले...

सिख युवक ने राहुल गांधी से पुराने बयान का हवाला देते हुए कहा आप सिख की बात करते हैं, लेकिन आप सिखों के बीच डर पैदा करते हैं कि बीजेपी क्या करेगी। हमें अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, जो कांग्रेस के राज में नहीं थी। युवक ने आगे कहा- आनंदपुर साहिब रिजॉल्यूशन दलित अधिकारों की बात करता है, लेकिन कांग्रेस ने उसे अलगाववादी करार दिया। वहीं कोर्ट ने सज्जन कुमार को सजा दी, लेकिन कांग्रेस में आज भी कई सज्जन कुमार जैसे लोग हैं। राहुल गांधी ने बोले, 80 के दशक में जो हुआ वो गलत था: इसके पर राहुल गांधी ने कहा- मुझे नहीं लगता कि सिख किसी चीज से डरते हैं। कांग्रेस की ये गलतियां तब की हैं जब मैं वहां नहीं था। लेकिन मैं कांग्रेस के इतिहास में जो कुछ भी गलत हुआ, उसकी जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं।

सिख दंगों में 3 हजार से ज्यादा सिख मारे गए, सरकारी आंकड़ा: 198 0 के दशक में इंदिरा गांधी सरकार ने पंजाब में उग्रवाद के खिलाफ ऑपरेशन ब्लू स्टार चलाया था। इसमें भिंडरांवाले की मौत हुई थी और अकाल तख्त को भारी नुकसान पहुंचा था। इसके बाद इंदिरा गांधी की हत्या हुई और देशभर में सिख विरोधी दंगे भड़के। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक इन दंगों में 3,000 से ज्यादा सिख मारे गए थे।

## सुविचार

कार्य ही सफलता की बुनियाद है।

- अज्ञात

जागरूक
# संपादकीय

## आतंक की जड़

भारत में आतंकी घटनाएं पिछले लगभग 40-45 वर्षों से हो रही हैं, परंतु इनमें कुछ घटनाएं इतनी गंभीर रहीं कि उन्होंने तत्कालीन इतिहास को एक नया मोड़ दे दिया। बीते कुछ दशकों की घटनाओं पर दृष्टि डालें तो कुछ आतंकी हमले बहुत आहत करने वाले रहे। इनमें पहली घटना दिसंबर 2001 को हुई, जब जैश आतंकियों ने भारतीय संसद पर हमला किया। इस घटना को लेकर भारत में प्रबल आक्रोश पैदा हुआ। तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा कि अब 'आर-पार' की लड़ाई होगी। भारतीय सेना को 'आपरेशन पराक्रम' के अंतर्गत पाकिस्तान पर हमले की तैयारी का निर्देश दिया गया, परंतु अंतरराष्ट्रीय दबाव के चलते राजनीतिक नेतृत्व उस फैसले से पीछे हट गया। दूसरी बड़ी आतंकी घटना तब हुई, जब लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने नवंबर 2008 को मुंबई में एक साथ कई स्थानों पर हमले किए। समुद्र के रास्ते शहर में घुसे आतंकियों ने 166 लोगों को मार दिया। यह भारत पर सबसे बड़ा आतंकी हमला था। दुर्भाग्य कहिए या तत्कालीन संप्रग सरकार की कमजोरी, इस भीषण आतंकी हमले का कोई जवाब नहीं दिया गया। आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जरूर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। जैसे नेशनल सिक्योरिटी गार्ड-एनएसजी की इकाइयों को मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और हैदराबाद में स्थापित किया गया। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआइए) का गठन किया गया। मल्टी एजेंसी सेंटर की स्थापना हुई और तटीय सुरक्षा योजना बनाई गई, जिसके अंतर्गत समुद्री मार्गों को सुरक्षित किया गया। सितंबर 2016 में उरी में पाकिस्तानी आतंकियों के हमले में सेना के 18 जवानों ने अपनी जान गंवाई। इसके जवाब में गुलाम कश्मीर में सर्जिकल स्ट्राइक की गई। फिर फरवरी 2019 को पुलवामा में भीषण आतंकी वारदात हुई। यहां विस्फोटक से भरी एक गाड़ी से सीआरपीएफ के काफिले पर ऐसी टक्कर मारी गई कि 40 जवान बलिदान हुए। इस पर भारतीय वायुसेना ने बालाकोट में आतंकियों के ठिकानों पर बमबारी की, जिसमें तमाम आतंकी मारे गए। पहलगाम की घटना इसी कड़ी में एक और बेहद बर्बर घटना है। पहलगाम में आतंकियों ने 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। पर्यटकों से उनका नाम और मजहब पूछा गया और यह सुनिश्चित करने के बाद कि वे मुसलमान नहीं हैं, उनकी हत्या की गई। ऐसा पहली बार हुआ। इस घटना से आक्रोश भी हुआ और हैरानी भी। हैरानी इसलिए, क्योंकि दिल्ली और श्रीनगर से जो सरकारी बयान आते थे, उनसे ऐसा लगता था कि हालात सामान्य हो रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था में कुछ कमजोरी अवश्य थी, जिसके बारे में आवश्यक जांच हो रही है। प्रारंभिक जांच में 15 स्थानीय लोगों का हाथ इस आतंकी हमले में पाया गया है।

### जाति जनगणना

# वैज्ञानिक सैंपल सर्वे का विकल्प नहीं



**शाहिद ए. चौधरी**

भारत में धर्म अस्थायी है, जाति स्थायी है। व्यक्ति धर्म बदल सकता है, लेकिन जाति नहीं बदल सकता। इसलिए जिन लोगों ने सिद्धांतः जातिविहीन समाज की कल्पना करने वाले इस्लाम को अपनाया, उनमें भी त्यागी, राजपूत, जाट, गुर्जर, दलित आदि जातियां हैं। हद तो यह है कि जातियों में भी उप-जातियां हैं। मसलन, अंसारी (जुलाहे) बिरादरी में तीन उप-जातियां हैं-थमैती, पारवे और देसवाले। यह उप-जातियां आपस में रोटी-बेटी का रिश्ता नहीं रखती हैं। इनमें जो आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व राजनीतिक असमानताएं हैं, वह जग जाहिर हैं। यह हाल मुस्लिमों की लगभग सभी जातियों का है। इसका अंदाजा सर्वविदित है, लेकिन ठोस डाटा का अभाव है। इसलिए आगामी राष्ट्रीय जनगणना में जो जाति जनगणना (मुस्लिमों की जातिगत जनगणना सहित) को शामिल किया गया है, वह स्वागत योग्य कदम है।

इमेज

इससे मुस्लिम जातियों की वास्तविक स्थिति भी मालूम हो जाएगी और डाटा की रोशनी में उनके विकास के लिए भी उचित कदम उठाए जा सकेंगे। हालांकि सच्चर कमेटी की रिपोर्ट ने मुस्लिमों की दयनीय स्थिति को उजागर कर दिया था, लेकिन उन्हें आरक्षण जैसी सुविधाओं से इसलिए वंचित रखा गया, क्योंकि संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण देने का प्रावधान नहीं है। कुछ राज्यों, जैसे आंध्रप्रदेश व कर्नाटक ने मुस्लिमों को 4.5 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रयास किया, लेकिन उक्त कारण से कभी अदालत ने तो कभी नई राज्य सरकार ने उस पर विराम लगा दिया। कुछ राज्यों में ओबीसी मुस्लिमों को अवश्य आरक्षण का लाभ प्राप्त है। अनुमान यह है कि जनगणना से जब मुस्लिमों की जातिगत स्थिति सामने आ जाएगी तो उनकी कमज़ोर जातियों के विकास के लिए सरकारों की तरफ से कुछ कदम भी ज़रूर उठाए जाएंगे। बहरहाल, मुस्लिमों में जो सम्पन्न अशरफ जातियां हैं (सैयद, शेख, मुगल, पठान आदि) वह अब भी ख्वाब की दुनिया में ही रहना चाहती हैं या अपने राजनीतिक वर्चस्व को खोना नहीं चाहतीं। उनकी तरफ से यह मुहिम चलाई जा रही है कि जनगणना में धर्म इस्लाम व जाति मुस्लिम लिखवाई जाए। यह हकीकत से शुतुरमुर्ग की तरह बालू में मुंह छुपाना है। मुस्लिम कोई जाति नहीं है। जो भी इस्लाम को मानता है, वह मुस्लिम है। भारतीय उपमहाद्वीप के मुस्लिमों में जातियों का होना एक सामाजिक सच्चाई है, जिस पर अनेक शोध हो चुके हैं, विशेषकर जेएनयू के शोधकर्ताओं द्वारा। इस्लामी विद्वान अशरफ अली थानवी, जिन्हें मुस्लिम हकीम-उल-उम्मत मानते हैं, ने तो अपनी चर्चित पुस्तक 'बहिश्ती जेवर' में बताया है कि मुस्लिमों की कौन सी जातियां आपस में ब्याह कर सकती हैं और कौन सी नहीं। यह बात कुरआन के विरुद्ध अवश्य है, लेकिन ज़मीनी हकीकत यही है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि मुस्लिमों में जातियों के आधार पर राजनीतिक दल व सामाजिक संगठन हैं। अगर सवर्ण मुस्लिमों ने एसएसएमपी (सैयद, शेख, मुगल, पठान) पार्टी बनाई हुई है, तो ओबीसी मुस्लिमों के पसमांदा संगठन हैं। यह जातिगत झुकाव चुनावी मतदान में भी नज़र आता है। यही वजह है कि बीजेपी की दिलचस्पी पसमांदा में बढ़ती जा रही है और उसने इस सिलसिले में अनेक सम्मेलन आयोजित किए हैं। दरअसल, समाजशास्त्रियों के अनुसार भारत के हिन्दुओं व मुस्लिमों में 97.5 प्रतिशत समानताएं हैं। इसलिए यह सोचना ही फिजूल है कि उनके व्यवहार या किसी भी मुद्दे पर प्रतिक्रिया में कोई खास अंतर होगा। अगर हम चाहते हैं कि कल को जाति का महत्व कम हो जाए तो हमें सबसे पहले यह समझना होगा कि आज भी जाति का महत्व क्या है? इसके लिए जनगणना, आवश्यक होने के बावजूद पर्याप्त नहीं है। केवल गहरे सैंपल सर्वे ही विस्तृत डायग्नोसिस प्रदान कर सकते हैं। हां, इस बात से इंकार नहीं है कि जाति जनगणना साक्ष्य-आधारित, समावेशी प्रशासन की ओर परिवर्तनकारी कदम हो सकती है अगर उसे ध्यानपूर्वक, स्पष्टता व उद्देश्य के साथ लागू किया जाए। दशकों से हम जाति को अनदेखा करते हुए विकास कर रहे हैं। हमने जीडीपी विकास, डिजिटाइजेशन व ग्लोबल प्रतिस्पर्धा का तो पीछा किया, लेकिन जाति को अक्सर अनदेखा किया, जबकि जाति एक ऐसी संरचना है जो शिक्षा, रोज़गार, हेल्थकेयर, हाउसिंग व न्याय को आकार दे रही है। हम डाटा को लिंग, भूगोल व आयु के आधार पर विभाजित करते हैं, लेकिन सांख्यिकीय की दृष्टि से जाति अनदेखी ही रही है, जबकि जीवन के नतीजों को तय करने में जाति की भूमिका निरंतर बनी रही है। अनदेखा करने की इस प्रवृत्ति ने एक विरोधाभास उत्पन्न कर दिया है। हम आरक्षण नीतियों पर बहस करते हैं बिना यह जाने कि वास्तविक नुकसान का वितरण कहां है और गहरे विभाजित समाज में जाति-तटस्थ नीतियां लागू करने का प्रयास करते हैं। अच्छे उद्देश्य वाली नीतियां भी अक्सर निशाने पर नहीं लगतीं; क्योंकि सूचना का आधार अधूरा होता है। जाति जनगणना इसे सुधारने का अवसर प्रदान करती है। इससे न सिर्फ यह मालूम होगा कि किस जाति की कितनी संख्या है बल्कि यह भी जानकारी मिलेगी कि वह किन आर्थिक व सामाजिक स्थितियों में अपना जीवन व्यतीत कर रही है। यह पहचान स्थापित करना नहीं है बल्कि संरचनात्मक असमानताओं को पहचानना है। कल का जातिविहीन समाज निर्मित करने के लिए आज जो जाति की हक़ीक़त है, उसे समझना ज़रूरी है। लेकिन साथ ही यह समझना भी आवश्यक है कि जनगणना वैज्ञानिक सैंपल सर्वे का विकल्प नहीं है। जनगणना से दायरा मिलता है, गहराई नहीं। जनगणना की भूमिका विविधता का बुनियादी नक्शा प्रदान करने के संदर्भ में है, विस्तृत डायग्नोसिस देने के सिलसिले में नहीं। इससे वह प्रश्न प्रासंगिक हो जाते हैं जो सामाजिक व आर्थिक हकीकत की तस्वीर दिखाते हैं, जैसे शिक्षा, रोज़गार, एसेट कितने हैं और बुनियादी सेवाओं तक कितनी एक्सेस है। यह डाटा जब एकत्र हो जाये तब गहरे, आवश्यकता-आधारित अध्ययनों की ज़रूरत होगी। नेशनल सैंपल सर्वे ऑफिस या स्वतंत्र शोध संस्थाओं द्वारा फोकस सर्वे कराने होंगे ताकि क्षेत्रीय, समुदाय-विशिष्ट आदि असमानताएं मालूम हो सकें। इसी तरह ब्राज़ील व दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में ठोस, साक्ष्य-आधारित नीतियां बनती हैं। इस क़िस्म के डाटा से ही सही जाति-आधारित कल्याणकारी योजनाएं और आरक्षण नीतियां बन सकती हैं। विश्वसनीय साक्ष्य हाथ में होंगें तो नीतिनिर्माता जान सकेंगे कि योजनाओं का लाभ हाशिये पर पड़े लोगों तक पहुंच रहा है या केवल प्रशासनिक श्रेणियों की ही सेवा हो रही है। इससे ही विकास का अधिक समावेशी व स्थायी मॉडल तैयार हो सकेगा। एक अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या जाति जनगणना से जातिगत राजनीति पर विराम लग सकेगा? इस सिलसिले में एक राय तो यह है कि अगर जाति जनगणना से पूर्णतः साबित हो जाता है कि जातियों के शक्तिशाली नेता अपनी जाति के आर्थिक सशक्तिकरण की गारंटी नहीं हैं तो इन नेताओं का सियासी प्रभाव कम हो सकता है।

## पंचांग

सोमवार, 5 मई 2025

| | |
|---|---|
| विक्रम संवत् | - 2082 |
| शक संवत् | - 1947 |
| ऋतु | - ग्रीष्म |
| माह | - वैशाख |
| पक्ष | - शुक्ल |
| तिथि | - अष्टमी 07.37 तक |
| वार | - सोमवार |
| नक्षत्र | - आश्लेषा 14.03 तक |
| योग | - वृद्धि 24.20 तक |
| करण | - बालव 20.02 तक |
| सूर्योदय | - 06.10 (मुंबई) |
| सूर्यास्त | - 07.00 (मुंबई) |
| सूर्योदय | - 06.03 (भीनमाल) |
| सूर्यास्त | - 07.12 (भीनमाल) |
| चंद्र राशि | - कर्क 14.03 तक |
| अभिजित् मुहूर्त | - 12.09 से 13.01 |
| राहु काल | - 07.45 से 09.21 |
| व्रत, त्यौहार | - दुर्गाष्टमी, सीतानवमी, रवियोग 14.01 प्रारंभ |
| दिशा शूल | - पूर्व |

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



धर्म-कर्म

## भारतीय संस्कृति और दांपत्य प्रतिष्ठा का प्रतीक सीता नवमी

**आर. सी. शर्मा**

भारतीय संस्कृति में सीता के आदर्श स्त्रीत्व और पारिवारिक मूल्यों का बहुत सम्मान किया जाता है, इसलिए सीता नवमी की तिथि भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। माना जाता है कि इस दिन देवी सीता धरती से प्रकट हुई थीं यानी इस दिन को उनके जन्म दिवस के रूप में जाना जाता है। बैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाया जाने वाला यह पर्व आम तौर पर अप्रैल या कभी कभी मई में आता है। एक धार्मिक मान्यता के मुताबिक त्रेता युग में मिथिला के राजा जनक, जो कि आज के बिहार स्थित जनकपुर क्षेत्र के राजा हुए, किसी धार्मिक कर्मकांड के तहत हल चला रहे थे और तभी उनके हल से एक घड़ा टकराया और उस घड़े से भूमिपुत्री या धरित्री तनया जानकी अथवा मां सीता का जन्म हुआ। माना जाता है कि मां सीता नारी शक्ति, त्याग और पतिव्रता धर्म के प्रतीक के रूप में जीवन और आदर्शों को परिभाषित करती हैं। भारतीय संस्कृति में भगवान राम की तरह ही अपना महत्व रखने वाली मां सीता के इस जन्मदिन को उत्सव के रूप में मनाने के लिए भारतीय जनजीवन में सीता नवमी या जानकी नवमी का पर्व मनाया जाता है। वैदिक पंचांग के मुताबिक इस साल सीता नवमी 5 मई 2025 को सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर शुरु होगी और 6 मई 2025 को सुबह 8 बजकर 38 मिनट पर इसका शुभ मुहूर्त समाप्त होगा। चूंकि सनातन धर्म में उदयातिथि को महत्वपूर्ण माना जाता है, इसलिए सीता नवमी 5 मई 2025 को मनायी जाएगी। सीता नवमी का भारतीय समाज में बहुत ही धार्मिक महत्व है। क्योंकि भारत में मां सीता को आदर्श स्त्रीत्व का प्रतीक माना जाता है। उनकी पवित्रता, उनका पतिव्रता धर्म, उनका समर्पण और त्याग महिलाओं के लिए प्रेरणा है। इस कारण सीता नवमी को विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और दांपत्य जीवन में खुशहाली के लिए व्रत रखती हैं। इस दिन पूजा करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और उनके जीवन में सुख-शांति आती है। सीता नवमी के दिन भगवान राम और मां सीता माता की पूजा की जाती है और माना जाता है कि इस पूजा से घर में सुख, समृद्धि और खुशहाली आएगी। सीता नवमी का सांस्कृतिक महत्व भी खूब है। मां सीता से जुड़ने के कारण यह तिथि आदर्श स्त्रीत्व का पर्याय बन जाती है और इस तरह सीता नवमी भारतीय संस्कृति और धार्मिक विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनकर पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती जाती है।

## तारीख विशेष

### अंतर्राष्ट्रीय दाई दिवस

दाइयां गर्भावस्था के दौरान, प्रसव के दौरान तथा बच्चे के जन्म के बाद की अवधि में महिलाओं और उनके परिवारों को देखभाल और सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करती हैं। 5 मई को विश्व स्वास्थ्य संगठन के यूरोपीय क्षेत्र में दाइयों की भूमिका का जश्न मनाते हैं तथा विशेष रूप से देखभाल की गुणवत्ता में सुधार लाने तथा मातृ एवं नवजात मृत्यु दर में कमी लाने के लिए दाइयों को शिक्षित करने, प्रशिक्षण देने, विनियमित करने और लाइसेंस देने के महत्व को पहचानते हैं। हम क्षेत्र में दाई कार्य शिक्षा के स्तर को बढ़ाने, दाई-कार्य पर साक्ष्य-आधारित ज्ञान का सृजन करने, तथा राष्ट्रीय नीतियों को प्रभावित करने में विश्व स्वास्थ्य संगठन/यूरोप के कार्यों को भी प्रदर्शित करते हैं, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली, सुलभ, समतापूर्ण, कुशल और संवेदनशील स्वास्थ्य सेवाओं का प्रावधान हो सकेगा। अंतर्राष्ट्रीय दाइयों का दिवस मनाने का सबसे अच्छा तरीका है, दाईगिरी के बारे में जानना तथा घर पर प्रसव कराने में इसकी भूमिका के बारे में जानना। अगर आप किसी दाई को जानते हैं या किसी ने आपके बच्चे को जन्म देने में आपकी मदद की है, तो उन्हें धन्यवाद कार्ड भेजना न भूलें या उन्हें कॉल करके बताएं कि आप उनकी सराहना करते हैं। दाइयां उन बच्चों की बहुत परवाह करती हैं, जिनकी वे दुनिया में लाने में मदद करती हैं और उन्हें अपडेट पसंद होते हैं। अंतर्राष्ट्रीय दाइयों के दिवस पर अपना योगदान देने के लिए आप कई अन्य कदम उठा सकते हैं। क्यों न आप लोगों को दाइयों के बारे में जानकारी देने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाएं? आप इस दिन के लिए एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं, जो लोगों को खूब पसंद आए। इसमें मैराथन से लेकर सार्वजनिक प्रदर्शन, मार्च या रैली तक कुछ भी शामिल है। दूसरा विकल्प सोशल मीडिया अभियान बनाना है। अगर आप इंटरनेट के जानकार हैं और आपकी ऑनलाइन मौजूदगी अच्छी है तो आप लोगों को इसमें शामिल होने और मिडवाइफरी देखभाल के बारे में अपने अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। दाइयों को ऑनलाइन कार्यशाला में अपने अनुभव और ज्ञान साझा करने के लिए आमंत्रित करें। समुदाय के सदस्य प्रसव, प्रसवपूर्व देखभाल और दाई के पेशे के बारे में जान सकते हैं।

### भगवान दादा

# झुग्गी से झुग्गी तक का सफर

**कैलाश सिंह**

भगवान दादा की ख्याति का राज़ यह था कि वह इस अंदाज़ से डांस करते थे कि हर कोई उन्हें आसानी से कॉपी कर सकता था। उनकी नृत्य प्रतिभा से राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन व गोविंदा जैसे कलाकार भी प्रभावित थे। भगवान दादा के पिता एक टेक्सटाइल कंपनी में मज़दूर थे और एक झुग्गी में रहते थे। भगवान दादा भी मजदूरी ही करते थे, लेकिन किस्मत से उन्हें फ़िल्मी दुनिया में कदम रखने का अवसर मिल गया और वह एक निर्देशक के सहायक हो गए व पर्दे पर छोटी-छोटी भूमिकाएं भी निभाने लगे। लेकिन फिल्मों से इतना संपर्क बनने के बाद यह स्वाभाविक था कि वह सितारा बनने का सपना देखने लगे। उन्हें साल 1951 में आयी फिल्म 'अलबेला' में हीरो बनने का अवसर मिला। इस फिल्म का गीत 'शोला जो भड़के' फिल्म की तरह ही ज़बरदस्त हिट रहा और इसमें भगवान दादा का विशिष्ट डांस स्टाइल छा गया।

इमेज

"कभी काली रतियां कभी दिन सुहाने/किस्मत की बातें तो किस्मत ही जाने/ओ बेटा जी ओ बेटा जी/अरे ओ बाबूजी/किस्मत की हवा कभी नरम कभी गरम।" फिल्म 'अलबेला' के इस क्लासिक गीत का इस्तेमाल 2022 की फिल्म 'लूडो' में भी किया गया था, जिसे हाल ही में मैंने देखा तो भगवान दादा की याद आ गई, जिन पर यह गीत मूलतः फिल्माया गया था। हैरत की बात तो यह है कि भगवान दादा का जीवन भी इसी गीत की तरह ही रहा। वह फर्श से उठे, अर्श तक पहुंचे और फिर फर्श पर ही आ गिरे। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि भगवान दादा का जन्म झुग्गी में हुआ, उन्होंने 298 फिल्मों में बतौर एक्टर काम किया, 34 फिल्मों का निर्देशन किया, भारतीय सिनेमा के पहले डांसिंग-एक्शन हीरो बने, दिलीप कुमार व राज कपूर जैसे कलाकारों को एक्टिंग के गुर सिखाए, जिस बंगले में बाद में राजेंद्र कुमार व राजेश खन्ना सुपर स्टार बने उसके पहले स्टार मालिक वह ही थे और फिर उनका अंतिम समय इतना कठिन व दर्दनाक हालात में बीता कि उनकी मौत झुग्गी में ही हुई? भगवान दादा की ख्याति का राज़ यह था कि वह इस अंदाज़ से डांस करते थे कि हर कोई उन्हें आसानी से कॉपी कर सकता था। उनकी नृत्य प्रतिभा से राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन व गोविंदा जैसे कलाकार भी प्रभावित थे। भगवान दादा के पिता एक टेक्सटाइल कंपनी में मज़दूर थे और एक झुग्गी में रहते थे। भगवान दादा भी मजदूरी ही करते थे, लेकिन किस्मत से उन्हें फ़िल्मी दुनिया में कदम रखने का अवसर मिल गया और वह एक निर्देशक के सहायक हो गए व पर्दे पर छोटी-छोटी भूमिकाएं भी निभाने लगे। इन्हीं भूमिकाओं से उनकी पहचान बनी। वह स्टंट भूमिकाएं भी निभाते थे। लेकिन फिल्मों से इतना संपर्क बनने के बाद यह स्वाभाविक था कि वह सितारा बनने का सपना देखने लगे। उन्हें साल 1951 में आयी फिल्म 'अलबेला' में हीरो बनने का अवसर मिला। इस फिल्म का गीत 'शोला जो भड़के' फिल्म की तरह ही ज़बरदस्त हिट रहा और इसमें भगवान दादा का विशिष्ट डांस स्टाइल छा गया। वह स्टार बन गए। भगवान दादा की छवि एक्शन हीरो की बन गई। वह इस इमेज से बाहर निकलकर कम बजट की आर्ट फ़िल्में करना चाहते थे ताकि उनकी अभिनय प्रतिभा का भी लोग लोहा मानें। इसलिए उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस खोला। वह इतने सफल हुए कि उन्होंने एक सी-फेसिंग बंगला खरीदा। उनके पास सात गाड़ियां थीं (सप्ताह में हर दिन के लिए एक गाड़ी) और नौकरों की लम्बी कतार। उनके पास ऐशोआराम की हर चीज़ थी। (बाद में यही बंगला राजेंद्र कुमार व राजेश खन्ना के पास आया, यानी इस बंगले ने तीन कलाकारों को सूरज बनते व डूबते हुए देखा)। भगवान दादा वास्तव में सुपर स्टार बन चुके थे। लेकिन किस्मत के खेल निराले होते हैं। उनकी किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उन्होंने एक आर्ट फिल्म 'हंसा' बनाने में अपनी सारी कमाई झोंक दी। फिल्म बुरी तरह से फ्लॉप हो गई। फिर क्या था-एक एक करके हर चीज़ बिकती चली गई बंगला, गाड़ियां, स्टूडियो। सब कुछ चला गया। भगवान दादा अकेले रह गए। फ़िल्मी दुनिया का उसूल है-चढ़ते सूरज को सलाम है, डूबते सूरज की तरफ कोई देखता भी नहीं। भगवान दादा के कंगाल होते ही बॉलीवुड के लोगों ने उनका साथ छोड़ दिया। सिर्फ़ 1-2 लोग ही उनके साथ रहे, वह भी शरमाहुज़ूरी। वह अपनी बचपन की झुग्गी में लौटकर रहने लगे। उन्हें फिल्मों में एक-दो सीन का काम अवश्य मिल जाता था, लेकिन वह मुंबई जैसे महंगे शहर में आराम से रहने के लिए पर्याप्त न था। आखिरी दिनों में वह एक छोटे से कमरे में अकेले रहते थे। फिल्मों के चमकते सितारे को लोग भूल चुके थे। हां, अंतिम दिनों में दिलीप कुमार ने उनकी कुछ मदद अवश्य की थी, जिससे उनका कुछ इलाज भी हुआ। लेकिन 4 फरवरी 2002 को उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनका निधन हो गया। फर्श से अर्श तक और फिर फर्श पर, भगवान दादा की जीवन गाथा फ़िल्मी सी प्रतीत होती है। इसलिए उनके जीवन पर 2016 में एक मराठी फिल्म 'एक अलबेला' बनी, जिसमें मंगेश देसी ने भगवान दादा की भूमिका निभाई थी और गीता बाली की भूमिका विद्या बालन ने निभाई थी। भगवान दादा और गीता बाली की जोड़ी एक समय में बहुत हिट थी। भगवान दादा का जन्म 1 अगस्त 1913 को भगवान अभाजी पलव के रूप में एक मराठी परिवार में अमरावती में हुआ था। चूंकि उनके पिता मुंबई की एक टेक्सटाइल मिल में मज़दूर थे, इसलिए वह एक झुग्गी में रहते थे। उन्होंने मूक फिल्मों में काम करना शुरू किया और फिर 65,000 के मामूली बजट पर फ़िल्में बनाने लगे। जिसमें कास्टियूम डिज़ाइन से कलाकारों के खाने का तक का सारा इंतजाम वह स्वयं किया करते थे। उन्हें कुश्ती का शौक था इसलिए एक्शन हीरो बने। उन्होंने 1942 में जागृति पिक्चर्स की स्थापना की और निर्माता बन गए।

## गीता सार

युञ्जन्नेवं सदात्मानं योगी विगतकल्मषः ।
सुखेन ब्रह्मसंस्पर्शमत्यन्तं सुखमश्नुते ॥ (२८)

**भावार्थ :**

इस प्रकार योग में स्थित मनुष्य निरन्तर योग अभ्यास द्वारा सभी प्रकार के पापों से मुक्त होकर सुख-पूर्वक परब्रह्म से एक ही भाव में स्थिर रहकर दिव्य प्रेम स्वरूप परम-आनंद को प्राप्त करता है। (२८)

## बोले तो...




बहुत कुछ तब हुआ, जब मैं राजनीति में नहीं था। हालांकि, मैं कांग्रेस की ओर से की गई हर गलती की जिम्मेदारी लेने को तैयार हूं। मैंने सार्वजनिक रूप से कहा भी है कि 80 के दशक में जो कुछ भी हुआ, वह गलत था। भाजपा शासनकाल में धार्मिक स्वतंत्रता को लेकर जो डर का माहौल है, वह सच में है।

**- राहुल गांधी**



केंद्रीकृत केवाईसी सिस्टम बहुत प्रभावी रहेगा, जहां एक जगह केवाईसी होगी और वो सभी जगह अपने आप हो जाएगी। इसकी वैधता की पूरी जांच होगी। अनधिकृत सलाहकार सेवाओं का पता लगाने ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की निरंतर निगरानी की जा रही है।

**- तुहिन कांत पांडे**



सपा अध्यक्ष को पिछड़ों और दलितों को ठगने की पुरानी आदत है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने के फैसले ने अखिलेश की नींद उड़ा दी है। जब तक सपा अध्यक्ष सत्ता में रहे, उन्हें कभी महाराजा सुहेलदेव की याद नहीं आई। अब राजभर समाज को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं।

**- ओमप्रकाश राजभर**

## कुछ अलग | अजब गजब

# बच्ची में गजब हुनर, पैर नहीं, हाथों से चलकर उतरी 72 सीढ़ियां, देखने वाले रह गए दंग!

भारत में इतना टैलेंट है कि आप अंदाजा नहीं लगा सकते। बस उस हुनर को तराशने की जरूरत है। हाल ही में एक बच्ची ने इस बात को साबित कर दिया। इस बच्ची ने पैरों से नहीं, बल्कि हाथों से चलकर 72 सीढ़ियां उतरकर दिखाया और सभी को हैरान कर दिया। बच्ची बड़ी ही आसानी से 50 फीट की ऊंचाई को पार कर गई और सादगी से कहा कि ये उसका रोज का रूटीन है। इंस्टाग्राम यूजर मीठी गोरखपुर की रहने वाली हैं। वो एक होनहार मार्शल आर्ट्स प्लेयर है। वो अक्सर अपनी प्रैक्टिस के वीडियोज सोशल मीडिया पर पोस्ट करती हैं। उन्हें 95 हजार लोग फॉलो करते हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वो अपने दोनों हाथों को कदमों की तरह इस्तेमाल कर सीढ़ियां उतरती नजर आ रही हैं। हैरानी इस बात की है कि ऐसा कर के वो 1-2 नहीं, पूरी 72 सीढ़ियां उतरी हैं। मीठी अभी बच्ची है। वैसे तो उनकी उम्र के बारे में जानकारी नहीं है, पर देखने से वो 12-13 साल से ज्यादा बड़ी नहीं लगतीं। इस वीडियो में मीठी ने कहा कि वो 50 फीट की ऊंचाई से हाथों के जरिए सीढ़ियां उतरेंगी। वो एक पानी की टंकी के ऊपर खड़ी है। फिर वो दोनों हाथों से सीढ़ियां उतरने लगती है। साथ ही वो सीढ़ियां गिनती भी जा रही है। अंत में वो 72 सीढ़ियां उतरकर बिल्कुल सामान्य ढंग से नीचे जाकर खड़ी हो जाती है। बच्ची के इस वीडियो को 97 लाख व्यूज मिल चुके हैं, जबकि कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। एक ने कहा कि बच्ची का टैलेंट गजब का है। वहीं एक ने कहा-नाज है हमें आप पर! एक ने कहा कि बच्ची ने बहुत हिम्मत दिखाई है। जबकि कुछ लोग इस हुनर में भी कमियां निकल रहे हैं।



## पाठक पाती

### दुनिया भर में विलंबित न्याय

न्याय में अत्यधिक विलंब केवल पीड़ितों को नहीं, बल्कि पूरे न्यायिक तंत्र को प्रभावित करता है। न्याय तभी सार्थक होता है, जब वह समयबद्ध हो, अन्यथा वह न्याय न होकर अन्याय में बदल जाता है। विलंबित न्याय केवल भारत ही नहीं, बल्कि अमेरिका जैसे शक्तिशाली और विकसित राष्ट्रों में भी देखने को मिलता है। इसका उदाहरण मिसिसिपी में रिचर्ड गेराल्ड जॉर्डन का मामला है, जिसने 1976 में एक महिला का अपहरण कर उसकी हत्या कर दी थी। जॉर्डन ने फिरौती के लिए पीड़िता के पति को फोन कर झूठ बोला कि उसकी पत्नी सुरक्षित है। इस जघन्य अपराध के लिए उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई गई थी, लेकिन कानून की पेचीदगियों और अपीलों के चलते यह सजा लगभग पांच दशक तक टलती रही। जॉर्डन ने अपने बचाव के लिए हर कानूनी रास्ता अपनाया, लेकिन अंततः सभी अपीलें खारिज हो गईं। मिसिसिपी सुप्रीम कोर्ट ने अब आदेश दिया है कि उसे मृत्युदंड दिया जाएगा, हालांकि यह नहीं बताया गया कि सजा किस विधि से दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसमें सुधार की जरूरत महसूस होती है, जो समय की मांग भी है।

**- अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर**

पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।
ई-मेल jagruktimes@gmail.com

# लोहार्गल धाम गुर्जर धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में पांच पीढ़ियों सहित विराजे भगवान देवनारायण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**नवलगढ़।** तीर्थराज लोहार्गल स्थित गुर्जर धर्मशाला परिसर में नवनिर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पांच पीढियों सहित भगवान देवनारायण की मूर्ति स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व शनिवार को ईसरादास पगल्या धाम धनावता के महंत सांवतराम भगत, बलदेवाचार्य धाम कालाकोटा के बाहुबलद्वाराचार्य महाराज, यज्ञाचार्य चिरंजीवी शास्त्री महाराज, कृष्णदास महाराज, सीतारामदास महाराज, प्रहलाददास महाराज, भींवादास महाराज, बनवारीदास महाराज सहित संतों के सानिध्य में गोल्याणा से लोहार्गल तक ऐतिहासिक कलश यात्रा व मूर्ति नगर भ्रमण शोभायात्रा निकाली गई थी। रविवार सुबह 6.15 बजे से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू हुए। मंदिर शिखर पर कलश की स्थापना की गई। इसके बाद मंदिर में बनाए गए अलग-अलग मंडप में भगवान देवनारायण व उनके पूर्वजों की मूर्तियां स्थापित की गई। मूर्ति स्थापना के बाद महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

**मंदिर में कुल 6 मंडपों में मूर्तियां स्थापित :** नवनिर्मित देवनारायण भगवान मंदिर में भूतल पर तीन व प्रथम तल पर तीन मंडप बनाए गए हैं। इनमें मुख्य मंडप में भगवान देवनारायण व उनके भ्राता भूणाजी महाराज तथा देवनारायण भगवान की पूजा के मुख्य प्रतीक के रूप में मिट्टी की विशेष ईंटें स्थापित हैं। इनके अलावा अन्य मंडपों में देवनारायण भगवान के पिता महाराजा सवाई भोज व साढू माताजी, महाराज सवाई भोज के पिता बाघसिंह महाराज, बाघसिंह महाराज के पिता हरिरामजी महाराज, हरिरामजी महाराज के पिता मांडल महाराज तथा बगड़ावत वंश की गायों के गवाल गोसेवक साढू माताजी के भतीजे नापाजी महाराज व गो माता की मूर्ति स्थापित हैं।

**देवनारायण भगवान मंदिर में मुख्य रूप से मिट्टी की ईंटों की पूजा होती है :** धार्मिक ग्रंथों के अनुसार चौहान वंश के राजा सवाई भोज व माता साढूजी की भक्ति के प्रताप से वर्तमान भीलवाड़ा जिला बदनोर आसींद स्थित मालेश्वरी डूंगरी में कमल के पुष्प पर भगवान देवनारायण बाल्य अवस्था में प्रकट हुए थे। भगवान देवनारायण ने समाज के बुराइयों को मिटाया तथा गाय को माता मानकर गोसेवा के लिए समाज में विशेष जागृति पैदा की। पृथ्वी लोक छोड़कर जाते समय भगवान देवनारायण ने संदेश दिया कि मैं केवल मिट्टी की ईंटों में रहूंगा और जल व नीम के पत्तों से मेरी पूजा होगी। इसी कारण देवनारायण भगवान के मंदिरों में पुष्कर के पास नाग पहाड़ में मिलने वाली मिट्टी की ईंटें स्थापित करके उनकी पूजा की जाती है।

**सवा करोड़ नारायण मंत्र का होगा जप :** देवनारायण भगवान मंदिर में मूर्ति स्थापना के बाद 108 कुंडीय श्रीदेवनारायण महायज्ञ के लिए स्थापित यज्ञशाला शिखर पर कलश आरोहण किया गया। ईसरादास पगल्या धाम धनावता के महंत सांवतराम भगत के सानिध्य व यज्ञाचार्य चिरंजीव शास्त्री के आचार्यत्व में दोपहर तीन बजे बाद यज्ञशाला में 108 यजमानों की उपस्थिति में देवताओं की पूजा संपन्न हुई।

# मधुमेह चिकित्सा शिविर का आयोजन



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में रविवार को पंसारी लॉयंस अस्पताल बगड़ रोड पर मधुमेह चिकित्सा शिविर एमजेएफ लॉयन स्वर्गीय मानाराम जांगिड़ की पुण्य समृति में उनकी धर्मपत्नी उमरावती देवी एवं सुपुत्रों के आर्थिक सहयोग से आयोजित किया गया। मधुमेह चिकित्सा शिविर में 63 रोगियों का पंजीयन किया गया। जिनकी निशुल्क बीपी शुगर की जांच की गई एवं परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. एनएस नरूका, लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां रोगियों को एक माह की निशुल्क प्रदान की गई। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में ही बहुउद्देशी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 28 रोगियों का पंजीयन कर परामर्शकर्ता लॉयन डॉ. नरूका एवं लॉयन डॉ. अनिल अग्रवाल के परामर्श पर लिखी गई दवाइयां क्लब मेडिसिन बैंक से रोगियों को सात दिवस की निशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लॉयन किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, लॉयन डॉ. देवेंद्रसिंह शेखावत, एमजेफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन शकुंतला पुरोहित, एममजेफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन अशोक सोनी एवं दानदाता परिवार के शुभकरण जांगिड़ सहित अन्य जन उपस्थित थे। मधुमेह चिकित्सा शिविर के संयोजक लॉयन महिपाल सिंह एवं बहुउद्देशीय चिकित्सा शिविर की संयोजिका लॉयन विनिता शर्मा थी।

# 30वें निःशुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 87 लोग लाभान्वित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**





**कुचामन सिटी।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में गुणमाला देवी कमलकुमार कैलाश चन्द पाण्ड्या के सौजन्य से 30 वां नि:शुल्क हड्डी, जांच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास रविवार को 10 बजे से 2:30 तक को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर रतन लाल मेघवाल, वीर संजय अग्रवाल, वीर कमल गौड़, वीर निर्मल पाडंया डाक्टर जितेश जैन गर्वनिंग मेम्बर वीर सुभाष पहाडिया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर नरेश कुमार झाझंरी ने बताया कि शिविर 32 लौगो एक्सरे व 31 रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर संदीप पांडया के अनुसार शिविर में सीकर, लाडनु जावला, डेगान,मीठडी, जिलीया, पलाडा, परबतसर मारोठ, मोलासर व कुचामन के 87 लोगों ने शिविर से लाभान्वित हुए व परामर्श लिया। वीर अध्यक्ष रामावतार के अनुसार शिविर में तेजकुमार बडजात्या, आदिश जैन, गोरव, महेश लढा, बोदु कुमावत, सुरजीत वैष्णव ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया। वीर सुभाष पहाडिया ने सभी सहयोग कर्ताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कुचामन दौरा

# स्टेशन पर विश्रामगृह के लिए अटेंडेंट की नियुक्ति के दिए निर्देश

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**कुचामन सिटी।** उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ शर्मा ने कुचामन रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। वे जयपुर से जोधपुर दौरे के दौरान यहां रुके। कुचामन विकास समिति के उपाध्यक्ष श्याम सुन्दर मंत्री के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने उनका स्वागत किया। शिष्टमंडल ने दुपट्टा और साफा पहनाकर शर्मा का सम्मान किया। उन्हें गीता प्रेस की कल्याण पत्रिका का विशेषांक भी भेंट किया। समिति ने स्टेशन पर हुए विकास कार्यों से महाप्रबंधक को अवगत कराया। सदस्य मुरारी गोड़ ने रामेश्वरी देवी, कल्याण चन्द मंत्री विश्रामगृह की जानकारी दी। उन्होंने मई में विश्रामगृह के लोकार्पण का समय मांगा। साथ ही विश्रामगृह के लिए एक अटेंडेंट की नियुक्ति का अनुरोध किया। महाप्रबंधक ने तुरंत अधिकारियों को अटेंडेंट की नियुक्ति के निर्देश दिए। कार्यक्रम में पीसीएमओ मदन लाल देवरा, पीसीसीएम सीमा शर्मा, वरिष्ठ डीओएम लोकेश सिंह, वरिष्ठ डीईएन पुनिया और डीटीई जसवीर चौधरी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक ने नए बने आधुनिक विश्रामगृह और समिति की गतिविधियों की प्रशंसा की।

# पूर्व सरपंच के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**खिरोड़।** तीर्थराज लोहार्गल स्थित मीणा धर्मशाला एवं मीन भगवान मंदिर परिसर में रविवार को टोडपुरा के पूर्व सरपंच स्वर्गीय बंशीधर मीणा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। लोहार्गल मीणा धर्मशाला एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश मीणा किशोरपुरा की अध्यक्षता में आयोजित सभा में समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। किशोरपुरा ने कहा कि स्व. बंशीधर मीणा जनप्रतिनिधि के साथ ही बड़े समाजसेवक भी थे। उनके द्वारा किए गए बेहतरीन कार्यों को सदैव याद रखा जाएगा। समाज के नेता वीरेंद्र भामरवासी ने कहा कि बंशीधर मीणा हमेशा समाज और गांव के लिए काम करते थे। पूर्व जिलाध्यक्ष सुरजाराम मीणा ने भी उनके द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद् रतनलाल मीणा जोधपुरा ने किया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक एकता के साथ हम सब को एकजुटता से काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पूर्व सरपंच पंकज मीणा, रामनिवास मीणा, केशरदेव मीणा, गोमाराम मीणा, बच्चाराम नांगल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर राकेश मीणा पचलंगी, डॉ. रामचंद्र मीणा सीथल, जगदीश मीणा टोडी, सोनाराम उदयपुरवाटी, नत्थु मीणा, हरिसिंह मीणा, सुगनाराम मीणा, रोहिताश भोड़की, विजय गांधी गुरारा, रमेश, केसरदेव मीणा, बचनाराम मीणा नांगल, सोनाराम मीणा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पिलानी में जिला स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**पिलानी।** कस्बे के बिरला स्कूल में रविवार सुबह झुंझुनूं जिला तैराकी संघ द्वारा ओपन तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न विद्यालयों एवं संस्थानों के तैराकों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत 50 मीटर पुरुष फ्री स्टाइल स्पर्धा से हुई। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय के तैराकी कोच लाल साहब सिंह, संघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्रसिंह राठौड़, बिरला स्कूल के कोच धर्मेन्द्र नागल, जीवन रक्षक कुलदीप, प्यारेलाल शर्मा, स्विमिंग पूल प्लांट ऑपरेटर महेंद्र वर्मा तथा उपस्थित अभिभावकों की उपस्थिति में हुआ। प्रतियोगिता के परिणामों में 50 मीटर फ्री स्टाइल (पुरुष) में प्रथम स्थान काव्य कुमार (व्यक्तिगत प्रवेश), द्वितीय व तृतीय स्थान पर ऋषभ चौधरी व आयुष्मान यादव (बिरला पब्लिक स्कूल), 50 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक (पुरुष) में प्रथम स्थान आदित्य (व्यक्तिगत प्रवेश), द्वितीय व तृतीय स्थान पर रजनीश सिंघल व आयुष्मान यादव (बिरला पब्लिक स्कूल), मंथन चौधरी (नवलगढ़) ने व्यक्तिगत प्रवेश में शानदार प्रदर्शन करते हुए 50 मीटर व 100 मीटर बटरफ्लाई, 50 मीटर बैक स्ट्रोक तथा 200 मीटर व्यक्तिगत मेडले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर फ्री स्टाइल में प्रथम स्थान ऋषभ चौधरी, द्वितीय स्थान आयुष्मान यादव (दोनों बिरला पब्लिक स्कूल), वंश (बिरला पब्लिक स्कूल पिलानी) ने 100 व 200 मीटर बैक स्ट्रोक, 400 मीटर फ्री स्टाइल तथा 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौड़ ने दी। उन्होंने सभी तैराकों को समय रहते स्विमिंग फैडरेशन ऑफ इंडिया की यूआईडी (एसएफआई यूआईडी) बनवाने व बैंक खाता*खुलवाने की सलाह दी।

# स्व. अशोक कुमार तुलस्यान की पुण्यस्मृति में नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण किया

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**झुंझुनूं।** लॉयंस क्लब झुंझुनूं के तत्वावधान में पंसारी अस्पताल बगड़ रोड परिसर में स्वर्गीय अशोककुमार तुलस्यान की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी उर्मिलादेवी तुलस्यान एवं सुपुत्र उत्तमकुमार तुलस्यान द्वारा संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान के संयोजन में नवनिर्मित लॉयंस शीतल जल मंदिर का लोकार्पण रविवार को दानदाता तुलस्यान परिवार द्वारा फीता खोल कर, शिलालेख नाम पट्टिका का अनावरण करके किया गया। इससे पूर्व दानदाता तुलस्यान परिवार का क्लब की ओर से माल्यार्पण के साथ दुपट्टा ओढाकर प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम कुशल संचालन अध्यक्षीय सलाहकार परमेश्वर हलवाई द्वारा किया गया। सभी आगंतुकों का धन्यवाद संयोजक एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान ने दिया। क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा एवं पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लॉयन श्रवण केजड़ीवाल ने शीतल जल मंदिर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल ही जीवन है, गर्मी के इस समय मौसम में शीतल जल राहगीरों को उपलब्ध करवाना तुलस्यान परिवार द्वारा निश्चय ही बहुत ही श्रेष्ठ कार्य किया गया है। इस अवसर पर दानदाता तुलस्यान परिवार से उर्मिला देवी तुलस्यान, उत्तमकुमार तुलस्यान, मेघा तुलस्यान, भव्य तुलस्यान, राजकुमार तुलस्यान, क्लब संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा, पूर्व प्रांतपाल एमजेएफ लायन श्रवण केजड़ीवाल, क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव गोपालकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष किशनलाल जांगिड़, एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, एमजेएफ लॉयन रघुनाथप्रसाद पोद्दार, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, शकुंतला पुरोहित, विनिता शर्मा, डॉ. देवेंद्र सिंह शेखावत, परमेश्वर हलवाई, सीए पवन केडिया, महिपाल सिंह, रतनलाल शर्मा, भागीरथ प्रसाद जांगिड़, अशोक सोनी, डॉ. एनएस नरुका, डॉ. उम्मेद सिंह शेखावत, एमजेएफ लॉयन मनोज सिंह टीकेएन, शुभकरण जांगिड़, अमित जगनानी, नवीन केडिया, सुनिल सहल, रजत टीबड़ा, राहुल टीबड़ा, अंकित हंसासरिया, प्रदीप सिंह शेखावत, सत्यनारायण सैनी एवं विवेक केडिया सहित अन्यजन उपस्थित थे।

# 'नैतिक मूल्यों के ह्रास से समाज हो रहा प्रभावित'

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बड़ागांव।** मीडिया सेवा प्रभाग के बैनर तले चल रहे चार दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के खुले सत्र में देशभर से आए मीडियाकर्मियों ने मीडिया की नैतिकता, जवाबदेही और स्व मूल्यांकन पर अपने अनुभव साझा किए।

सम्मेलन का विषय था वैश्विक शांति व सद्भाव के अग्रदूत के रूप में मीडिया की भूमिका। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि नैतिक मूल्यों के ह्रास और सत्य शब्दों के अर्थ खोने से समाज का बड़ा हिस्सा प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती मीडिया तकनीक के बीच स्व-मूल्यांकन, नैतिकता और जवाबदेही का संतुलन बनाए रखना जरूरी है। चौधरी ने कहा कि नैतिकता हमारे चरित्र और व्यवहार का हिस्सा है। यह हमारे संस्कारों में निहित है। मीडियाकर्मियों का दायित्व है कि वे बिना किसी पक्षपात और दबाव के, सच को सकारात्मक तरीके से प्रकाशित करें।

## न्यूज ब्रीफ

### डीवाईएफआई की बैठक हुई



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** रविवार को नौजवान सभा जिला कमेटी की बैठक शिक्षक भवन झुंझुनूं में जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला महासचिव योगेश कटारिया ने बताया कि बैठक में एक मई से 30 जून तक चलने वाले सदस्यता अभियान, ग्राम और वार्ड कमेटी निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा कर संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर ने बताया कि नौजवान सभा जिला कमेटी के प्रत्येक सदस्य को कमेटी निर्माण व सदस्यता अभियान की अलग अलग जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही डीवाईएफआई मलसीसर के अध्यक्ष नईम खान धनूरी, महासचिव सुरेश कुमार पूनियां, एसएफआई जिला महासचिव प्रिया चौधरी को सर्वसम्मति से जिला कमेटी में आमंत्रित किया गया। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक प्रदेश अध्यक्ष सौरभ जानूं व जिले के इंचार्ज अजीत पूनियां मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष पंकज गुर्जर, जिला महासचिव योगेश कटारिया, जिला उपाध्यक्ष हेमलता शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण सैनी, जिला संयुक्त सचिव देव जैदिया, जिला संयुक्त सचिव पूजा नायक, अजहरुद्दीन गहलोत, राहुल सैनी, सिकंदर पहाड़ियान, एसएफआई जिलाध्यक्ष आशीष पचार, आशु चौधरी, साबिर भाटी इत्यादि मौजूद रहे।

### सिंघाना में हरी लकड़ियों से भरी पिकअप जब्त



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** हरी लकड़ियों के अवैध व्यापार के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रहे वन विभाग ने सिंघाना में हरी खेजड़ी से भरी एक पिकअप गाड़ी को और जब्त किया है। झुंझुनूं डीएफओ उदाराम सियोल के निर्देशन में क्षेत्रीय वन अधिकारी (वन सुरक्षा) संदीप लोयल के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। रेंजर संदीप लोयल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर टीम ने सिंघाना कुठानिया मार्ग पर नाकाबंदी कर तलाशी शुरू की। जिसमें एक पिकअप गाड़ी में खेजड़ी की लकड़ी भरकर ले जाई जा रही थी। मौके से गाड़ी को जब्त कर सिंघाना निवासी मनीष सैनी को हिरासत में लेकर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### पीटीईटी-2025 आवेदन के लिए अंतिम अवसर आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राज्य स्तरीय शिक्षक पात्रता परीक्षा दो वर्षीय बीएड पीटीईटी-2025 के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर पांच मई कर दी गई है। जिला समन्वयक डॉ. प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि आवेदन से वंचित रहे अभ्यर्थियों द्वारा ईमेल एवं दूरभाष पर तिथि बढ़ाए जाने के लिए निरंतर निवेदन किया जा रहा था। इसलिए आवेदन का अंतिम अवसर दिया जा रहा है। पीटीईटी परीक्षा में पहली बार अभ्यर्थी द्वारा चयनित भाषा हिंदी या अंग्रेजी में ही प्रश्न पत्र उपलब्ध करवाया जाएगा। अभ्यर्थी ध्यानपूर्वक फॉर्म भरें। पीटीईटी-2025 की वेबसाइट एवं ई-मित्र से 500 रूपए शुल्क जमा कर आवेदन कर सकते हैं। किसी भी तकनीकी समस्या के समाधान के लिए अभ्यर्थी हेल्पलाइन नम्बरों पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा सभी 41 जिला मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी।

### अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन संपन्न

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** अग्रवाल वैवाहिक युवक युवती परिचय सम्मेलन अग्रसेन भवन झुंझुनूं में संपन्न हुआ। संयोजक श्यामसुंदर जालान ने बताया कि सम्मेलन में 14 युवक एवं तीन युवतियों के बायोडाटा एकत्रित हुए। उनका पंजीयन कर बायोडाटाओं का आदान-प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पवन कुमार अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जुगलकिशोर मोदी, मनीष बगड़िया, अरुण बंसल, प्रमोद अग्रवाल, जगदीशप्रसाद मित्तल, सोनू अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, महेश कुमार, राजकुमार गुप्ता, गोविंद अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद एवं काफी संख्या में अग्र बंधु एकत्रित हुए।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक आज

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**धौलपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला कलेक्टर एवं पदेन सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति श्रीनिधि बी टी ने बताया कि सांसद करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव की अध्यक्षता में 5 मई को प्रात: 11 बजे जिला परिषद के सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री से की शिष्टाचार भेंट



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** विप्र सेना के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बसावतिया ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर से उनके जयपुर आवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने शिक्षा मंत्री का विप्र सेना का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया व झुंझुनूं में भजनलाल शर्मा की डबल इंजन सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर चर्चा करने साथ झुंझुनूं जिले के विकास को डबल इंजन सरकार की संवेदनशीलता इसी से प्रदर्शित होती है कि शेखावाटी को यमुना जल का सपना जल्द ही साकार होकर यथार्थ के धरातल पर दिखाई देगा। इस अवसर पर उनके साथ अभिषेक जोशी मंड्रेला, अनिरूद्ध चौमाल, जितेंद्र शर्मा सांखू आदि मौजूद थे।

### जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आज

**धौलपुर।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक का आयोजन किया जाएगा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने बताया कि जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक जिला प्रमुख की अध्यक्षता में 5 मई को सायं 3 बजे जिला परिषद सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

# छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि बढ़ाई

**▸▸ 31 मई को पोर्टल बंद, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**जोधपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग ने छात्र-छात्राओं की सुविधा और मांग के आधार पर विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं की अंतिम तिथि में बढ़ोतरी की है। इसमें अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, विमुक्त, घुमंतु एवं अर्ध-घुमंतु समुदाय, मिरासी एवं भिश्ती समुदाय और मुख्यमंत्री सर्वजन उच्च शिक्षा उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं शामिल हैं।




**पोर्टल अथवा ऐप से मिलेगी आवेदन करने की सुविधा**

निदेशक ने बताया कि अभ्यर्थी विभाग के वेब पोर्टल www.sjmsnew.rajasthan.gov.in/ scholarship अथवा एसएसओ पोर्टल पर स्कॉलरशिप एसजेई एप अथवा मोबाइल ऐप एसजेईडी एप्लिकेशन के माध्यम से ऑनलाइन पेपरलेस छात्रवृत्ति आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस अवसर के बाद किसी भी स्थिति में तिथि नहीं बढ़ाई जाएगी।

**28 को अपडेट करने की अंतिम तिथि**

अग्रवाल ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं के छात्रवृति पोर्टल पर पंजीयन, नवीनीकरण, कोर्स मैपिंग, मान्यता एवं पाठय क्रमवार फीस स्ट्रक्चर आदि को अपडेट करने के लिए अंतिम तिथि 28 मई, निर्धारित की गई है।
साथ ही उत्तर मैट्रिक छात्रवृति के लिए विद्यार्थियों द्वारा पेपरलेस ऑनलाइन आवेदन पत्र पंजीकरण कर ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए अंतिम तिथि, पोर्टल बंद करने की तिथि को बढ़ाकर 31 मई, किया गया है।

# धरती संरक्षण के लिए जैविक व प्राकृतिक खेती जरुरी : चौधरी

**» मीडियाकर्मियों की कठिनाइयों को दूर करने के होंगे हर संभव प्रयास**

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**माउंट आबू।** केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान पूरी मेहनत के साथ देश के पालन पोषण करने में प्रयासरत रहता है। धरती में विभिन्न प्रकार की रासायनिक खाद डालकर उसे विकृत बनाया जा रहा है। धरती का संरक्षण करने के लिए जैविक खेती व प्राकृतिक खेती की तरफ अपने कदम बढ़ाने होंगे। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का देश को आर्थिक व सामाजिक रूप से विकसित करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शोषित, पीड़ित व वंचित समाज को सशक्त बनाने के लिए मीडियाकर्मियों को नेत्र हमेशा खुला रहता है। उन्होंने कहा कि मीडिया की कठिनाइयों को संज्ञान में लाकर केंद्र में चर्चा करने के बाद उन्हें दूर करने की हर संभव कोशिश की जाएगी। ब्रह्माकुमारी संगठन देश भर की मीडिया को एकत्रित कर विश्व में शान्ति स्थापना करने का कार्य कर रहा है जिसके लिए संस्था साधुवाद की पात्र है। देश में अशांति फैलाने वाली ताकतों को समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार पूरी तरह से सतर्क है। हर व्यक्ति अधिकार की बात करता है लेकिन मीडिया कर्तव्यों का बोध कराने में हमेशा अग्रसर रहता है। सच्चाई, संगत, सोसायटी भी समाज उत्थान के घटक हैं। मेडिटेशन आत्मा को परमात्मा से मिलाने का सशक्त माध्यम है। संगठन के विज्ञान व तकनीकी प्रभाग के अध्यक्ष मोहन सिंहल ने कहा कि हर व्यक्ति की नजर हमेशा मीडिया मंच की तरफ ही रहती है। मीडिया संसार के हर कोने में हो रही घटनाओं को पल झपकते ही एक कोने से दूसरे कोने तक पहुंचा देता है। इसी तरह से राजयोग भी मन को एक सेकेंड में इस लौकिक जगत से अलौकिक जगत ब्रह्माण्ड में रहने वाली परमशक्ति से जोड़ देता है। जिससे जीवन में परमात्म शक्ति का समावेश होने से हर कार्य सुगम हो जाता है। संगठन के महिला प्रभाग की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. सविता अरोड़ा, दिल्ली जनभावना एडिटर डॉ. विवेक गौतम, सोनीपत डीआईपीआरओ राकेश गौतम, ओमशान्ति मीडिया एडिटर डॉ. बीके गंगाधर, राजयोग प्रशिक्षिका बीके योगिनी बहन ने भी मीडिया के विभिन्न विषयों के तहत मीडिया को सशक्त बनाने, समाज को नई दिशा देने, वर्तमान चुनौतियों में मीडिया की सकारात्मक भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।



## पायलट बोले-सरकार को नौकरशाह चला रहे, मंत्री-विधायक रो रहे

**जोधपुर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को जोधपुर में एसआई भर्ती घोटाले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में नैतिकता के आधार पर मंत्रियों से इस्तीफा ले लिया जाता था, लेकिन भाजपा सरकार में कोई जवाब देने को भर्तियों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर पायलट ने आरपीएससी का पुनर्गठन करने की मांग की। पायलट ने कहा कि सरकार के मंत्री खुद कह रहे हैं कि एसआई भर्ती रद्द होनी चाहिए और कमेटी बनाई जाए, फिर भी कार्रवाई नहीं हो रही। ऐसी क्या मजबूरी है, क्या व्यवस्था है जो आप कुछ नहीं करना चाहते? जो युवा ईमानदारी से पढ़ाई करते हैं, उनके साथ धोखा न हो, इसलिए सभी एसआई भर्ती रद्द करने के पक्ष में हैं। लेकिन सरकार की अनदेखी समझ से परे है। पायलट ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार को सिर्फ नौकरशाह चला रहे हैं। मंत्री और विधायक रोते फिर रहे हैं, कोई नहीं सुन रहा। आपस में इतना खिंचाव है कि कौन नेतृत्व कर रहा है, कैसे संचालन हो रहा है, समझ नहीं आ रहा। नैतिकता पर कांग्रेस-बीजेपी का फर्क राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा कि यूपीए सरकार में सोनिया गांधी के निर्देश पर मंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देते थे। बंसल हों या शशि थरूर, कॉमनवेल्थ गेम्स में कोर्ट ने आरोप खारिज किए, फिर भी इस्तीफे दिए। लेकिन बीजेपी सरकार में एसआई भर्ती पर मंत्री पर आरोप हैं, कोई जवाब नहीं। जातिगत जनगणना का मुद्दा सचिन पायलट ने कहा कि सवा साल बीत गया, लेकिन वादे पूरे नहीं हुए। जिन मुद्दों पर बीजेपी सत्ता में आई, उन पर कहां खड़ी है? समझ नहीं आ रहा। कांग्रेस और राहुल गांधी वर्षों से जातिगत जनगणना की मांग कर रहे थे। बीजेपी के नेता उन्हें 'अर्बन नक्सली' कहते थे। 'एक है तो सेफ है, बटोगे तो कटोगे' जैसी बातें करते थे।



▪ सचिन पायलट ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

## चंचल नाथ महाराज की 42वीं बरसी पर निकाली शोभायात्रा

**बाड़मेर।** बाड़मेर शहर के ढाणी बाजार स्थित चंचल प्राग मठ के ब्रह्मलीन महंत चंचलनाथ महाराज की 42 वीं बरसी पर दो दिवसीय मेला रविवार को शुरू हुआ। गादीपति महंत शंभूनाथ सैलानी के सानिध्य में मठ प्रांगण से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु संत के जयकारे लगाते हुए साथ में चले। डीजे के पीछे रथ पर चंचलनाथ महाराज की तस्वीर, इसके बाद कलश धारण किए सैकड़ों महिलाएं ढोल पर नाचते गाते सैकड़ों श्रद्धालु शोभा बढ़ा रहे थे। साधु संत रथों और घोड़ों पर सवार होकर शामिल हुए। हाथों में धर्म ध्वजा लिए जयकारें लगाते हुए शामिल हुए। शोभायात्रा चंचल प्राग मठ से रवाना होकर जवाहर चौक, पुरानी सब्जी मंडी, सदर बाजार, कोतवाली, स्टेशन रोड, रेलवे स्टेशन, सुभाष चौक, हमीरपुरा, प्रतापजी की प्रोल होते हुए दुबारा मठ पहुंची। शोभायात्रा का विभिन्न समाज व संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा के बाद सत्संग का आयोजन हुआ। कलाकारों ने चंचल नाथ महाराज के जीवन से जुड़े भजनों की प्रस्तुतियां दी।

▪ नाचते गाते शामिल श्रद्धालु, जयकारों से गूंजा बाड़मेर शहर



**समाधि पूजन व प्रसाद वितरण कल**

सोमवार को सुबह नौ बजे चंचल नाथ महाराज की समाधि का पूजन किया जाएगा। इसके बाद महाप्रसाद का आयोजन होगा। संध्या आरती के बाद मेले का समापन होगा।

## बालोतरा : तेज हवा और बारिश से गर्मी में राहत

**▸▸ बिजली गिरने से पांच बकरियों और करंट से तीन गायों की मौत**

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बालोतरा।** बालोतरा में शनिवार देर रात मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी। इस बदलाव से लोग खुश नजर आए। बारिश ने बालोतरा शहर और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में तापमान को कम कर दिया। कई दिनों से चल रही गर्मी ने आमजन का जीवन मुश्किल कर रखा था। मौसम में इस बदलाव के दौरान गिड़ा क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से खेत में चर रही पांच बकरियों की मौत हो गई। बालोतरा शहर की पुरानी सब्जी मंडी में करंट लगने से तीन गायों की मौत हुई। स्थानीय प्रशासन और पशुपालन विभाग की टीमें मौके पर पहुंची। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। नागरिकों से सतर्क रहने और खुले स्थानों में बिजली गिरने के दौरान सावधानी बरतने की अपील की गई है।



**जोधपुर :NEET परीक्षा**

## 42 केंद्रों पर 14,880 अभ्यर्थी देंगे एग्जाम

**▸▸ कड़ी सुरक्षा के बीच दो बजे से शुरू परीक्षा, 25 शहरों में आयोजन**

**जोधपुर।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET-UG 2025 का आयोजन रविवार को जोधपुर के 42 परीक्षा केंद्रों पर हुआ। परीक्षा में 14,880 अभ्यर्थी शामिल हुए। दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक होने वाली इस परीक्षा के लिए सुबह 11 बजे से प्रवेश शुरू कर दिया गया। नकल रोकने और पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त सुरक्षा इंतजाम किए गए। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की जा रही है और अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की जा रही है। राजस्थान में यह परीक्षा 25 शहरों में आयोजित की जा रही है, जिनमें जयपुर, अलवर, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, चूरू, दौसा, धौलपुर, हनुमानगढ़, जैसलमेर, झुंझुनूं, करौली, नागौर, पाली, सवाई माधोपुर, सीकर, सिरोही, श्रीगंगानगर, अजमेर, बीकानेर, कोटा और उदयपुर शामिल हैं। इस परीक्षा के माध्यम से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में करीब ढाई लाख सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। MBBS और BDS के अलावा आयुर्वेद, पशु चिकित्सा और नर्सिंग कॉलेजों में भी इसी परीक्षा के आधार पर दाखिला होगा।



## एमएलए ने विधायक कोष से बांटी 20 लाख की साइकिलें

▪ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाड़मेर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री और बायतु विधायक हरीश चौधरी ने गिड़ा पंचायत समिति के खोखसर गांव में अपने इलाके की होनहार खेल प्रतिभाओं को लाखों रुपए की पांच साइकिलें वितरित की। चौधरी ने अपने विधायक कोष से साइकिलों का वितरण किया। दरअसल,गिड़ा क्षेत्र की लड़कियों को 20 लाख की पांच मॉडर्न साइकिल दी हैं। यह पहल विशेष रूप से उन बेटियों के लिए की गई है जो साइकिलिंग जैसे प्रतिस्पर्धा खेल में आगे बढ़ना चाहती है। इलाके में मंजू पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर साइकिलिंग में सफलता हासिल कर चुकी है। विधायक कोर्ट से दी गई साइकिलों में चार की कीमत ढाई-ढाई लाख और एक विशेष साइकिल की कीमत 10 लाख रुपए है जो इंटरनेशनल मानकों के अनुरूप है। बायतु विधायक हरीश चौधरी शनिवार शाम को खोखसर गांव में साइकिलिंग की पांच प्रतिभाओं को 20 लाख रुपए की लागत से पांच मार्डन साइकिलें दी गई। हरीश चौधरी ने बताया कि बढ़ते बायतु की हमारी बेटियां जिन्होंने साइकिलिंग में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। उनके इस खेल में बेहतर प्रदर्शन के लिए विधायक कोटे से बीस लाख की राशि देकर अति आधुनिक तकनीकी युक्त चार साइकिल स्कूल परिवार को सुपुर्द की। उन्होंने कहा कि बढ़ते बायतु की प्रत्येक प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए हम कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि बायतु हर क्षेत्र में गति करे और क्षेत्र में शिक्षा और प्रगति की यह यात्रा निरंतर जारी रखने का संदेश दिया। वहीं इस दौरान उन्होंने कहा कि बेटियां हैं तो कल है, सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने स्कूल का नाम रोशन करें।



▪ हरीश चौधरी ने खिलाड़ियों के साथ की साइकिलिंग, बोले-बेटियां हैं तो कल है

# व्यापार जगत

**जेफरीज ने जारी की रिपोर्ट**

## भारत को मिल सकती अमेरिका से बेहतर ट्रेड डील !



**नई दिल्ली।** अमेरिका और चीन के बीच चल रहा ट्रेड वार सुर्खियों में बना हुआ है। इससे विश्व अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। हालांकि कुछ देशों को इनके ट्रेड वार से फायदा भी हो सकता है।
जेफरीफ की रिपोर्ट के मुताबिक, इस ट्रेड वार के चलते भारत और जापान दोनों को ही अमेरिका से बेहतर डील मिल सकती है। जिससे यहां के कारोबारियों को बड़ा फायदा होगा। जेफरीज की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका और चीन के बीच चल रहे ट्रेड वार से भारत और जापान, अमेरिका के साथ बेहतर तरीके से डील कर सकता है। हालांकि ये दोनों ही देश कोई ऐसा कदम नहीं उठाएंगे, जिससे उनका चीन के साथ ट्रेडिंग पर कोई असर पड़े।
ट्रेड वार के बीच अमेरिका ये पूरी कोशिश करता हुआ दिखाई दे रहा है कि वे बाकी देशों के साथ अच्छे ट्रेडिंग रिश्ते बनाकर चीन को अलग कर दें। लेकिन क्या ऐसा हो पाएगा?

**बफे ने की ट्रंप के नीतियों की आलोचना**

## व्यापार को हथियार न बनाएं

**▸▸ अमेरिका का दुनिया पर टैरिफ लगाना ट्रंम की बड़ी गलती**

**वॉशिंगटन।** दुनिया की जानी-मानी कंपनी बर्कशायर हैथवे के सीईओ वॉरेन बफे ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की सख्त कारोबारी नीतियों की आलोचना की है। कंपनी के शेयरधारकों की सालाना बैठक (एजीएम) में 94 वर्षीय बफे ने ट्रम्प को सलाह दी कि व्यापार को हथियार नहीं बनाया जाना चाहिए। बाकी दुनिया पर दंडात्मक टैरिफ लगाना बड़ी गलती है। टैरिफ से अंतरराष्ट्रीय कारोबार को नुकसान पहुंचने के मुद्दे पर बफे ने कहा कि मेरे विचार से यह बड़ी गलती है। जब आपके पास साढ़े सात अरब लोग हैं, जो आपको बहुत पसंद नहीं करते हैं और आपके पास तीस करोड़ लोग हैं, जो इस बात पर गर्व कर रहे हैं कि उन्होंने कितना अच्छा किया है।



**दुनिया के पांचवें सबसे अमीर वॉरेन बफे**

फोर्ब्स की रियल टाइम बिलेनियर लिस्ट के मुताबिक वॉरेन बफे की पर्सनल नेटवर्थ 14.16 लाख करोड़ रुपए है। बफे 94 साल के हैं और दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक हैं। अमीरों की लिस्ट में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क 19.05 लाख करोड़ रुपए की नेटवर्थ के साथ टॉप पर हैं।

## विदेशी निवेशकों ने अप्रैल में किए 4,223 करोड़ का निवेश

**▸▸ टैरिफ पर 90 दिनों की रोक के बाद खरीदारी**

**मुंबई।** विदेशी निवेशकों (FII) ने अप्रैल में भारतीय शेयर बाजारों में 4,223 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इस खरीदारी के साथ विदेशी निवेशक 2025 में पहली बार नेट बायर्स बने हैं। इससे पहले साल के शुरूआती तीन महीनों में FII ने 1.4 लाख करोड़ रुपए की बिकवाली की थी। FII ने पहले दो महीनों जनवरी और फरवरी में FII ने 78,027 और 34,574 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे थे। मार्च में 3,973 करोड़ रुपए की बिकवाली हुई थी। वहीं अप्रैल के दो कारोबारी हफ्तों में FII ने 25,897 करोड़ रुपए की खरीदारी का रिकार्ड बनाया था। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, ट्रंप की नई टैरिफ नीति से बाजार में अनिश्चिता, वैश्विक मंदी, भारतीय शेयरों की हाई वैल्यूएशन और कॉरपोरेट इनकम में ग्रोथ को लेकर चिंताओं के कारण FII लगातार पैसे निकाल रहे थे। पिछले हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को FII नेट बायर्स बने रहे। वहीं डोमेस्टिक इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स यानी DII भी नेट बायर्स बने रहे। प्रोविजनल डेटा के अनुसार, दो मई को FII ने 2,769.81 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे, जबकि DII ने 3,290.49 करोड़ रुपए के शेयर्स खरीदे हैं।



## आप का राशिफल 5 मई

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): व्यर्थ की भाग-दौड़ से बचा जाए तो अच्छा है। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मातृपक्ष के लोगो का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। उतावलेपन से बचें। मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज की अधिकता रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभुतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है। शुभांक-1-5-9

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): खान-पान में विशेष सावधानी बरतें। मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। शुभांक-4-7-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पायेगें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-5-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी यात्रा को फिलहाल टालें। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। शुभांक-4-6-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। शुभांक-1-4-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-2-4-5

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शुभांक-3-5-6

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताए भी बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभति मिलेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। शुभांक-4-6-7

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-2-5-7

## भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ इस्पात : जी. किशन रेड्डी

**▸▸ बनियादी ढांचा परियोजनाओं में नए मानक स्थापित कर रहा देश**

**नई दिल्ली।** 'इंडिया स्टील 2025' मंच पर, केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने वैश्विक इस्पात महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षाओं को सुरक्षित करने के लिए एक एकीकृत और दूरदर्शी कच्चे माल की रणनीति की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। 'कच्चे माल की रणनीति और कच्चे माल के मिश्रण में बदलाव' पर सत्र में मुख्य भाषण देते हुए मंत्री ने उद्योग के हितधारकों से नवाचार, स्थिरता और रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, "इस्पात भारत की आर्थिक वृद्धि की रीढ़ है और हमारे सामूहिक दृष्टिकोण 'विकसित भारत' का मुख्य चालक है। दुनिया के सबसे ऊंचे पुल-चेनाब पुल से लेकर पंबन पुल तक, भारत बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में नए मानक स्थापित कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में, इस्पात क्षेत्र ने जबरदस्त वृद्धि दिखाई है, जिससे भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा इस्पात उत्पादक बन गया है।



## भारत सरकार ने कृष्णमूर्ति सुब्रमण्यन को बुलाया

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत के कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद पर अपनी सेवा दे रहे अर्थशास्त्री कृष्णमूर्ति वी सुब्रमण्यन को सरकार ने टेन्योर पूरा होने से छह महीने पहले ही बुला लिया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए था जिसे पूरा होने में अभी छह महीने बचा था। हालांकि, सरकार ने कार्यकाल पूरा होने से पहले बुलाने की वजह नहीं बताई है। सुब्रमण्यन को अगस्त 2022 में आईएमएफ में नियुक्त किया गया था। एक नवंबर, 2022 को उन्होंने कार्यभार संभाला था, जिसमें उन्होंने फंड के कार्यकारी बोर्ड में भारत, बांग्लादेश, श्रीलंका और भूटान का प्रतिनिधित्व किया था। इससे पहले, उन्होंने 2018 से 2021 तक भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार के रूप में कार्य किया था। सरकार ने आधिकारिक तौर पर सुब्रमण्यन को पहले बुलाने की कोई कारण नहीं बताया है। हालांकि, जानकारों और मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि डेटा मुद्दों पर आईएमएफ के साथ तनाव के बाद यह फैसला लिया गय है। सुब्रमण्यन ने आईएमएफ डेटासेट की गुणवत्ता और विश्वसनीयता के बारे में चिंता जताई थी।



▪ आईएमएफ से नौ मई को रिटायर होने वाले थे सुब्रमण्यन

**आईएमएफ की बैठक नौ को**

सुब्रमण्यन की यह विदाई नौ मई को आईएमएफ की बैठक से पहले हो गई है। नौ मई को आईएमएफ की अहम बैठक होने वाली थी, जिसमें पाकिस्तान को अतिरिक्त वित्तीय सहायता पर फैसला होने वाला था। माना जा रहा है कि आतंकवादी गतिविधियों में पाकिस्तान की संलिप्ता के कराण भारत पाकिस्तान को और वित्तीय सहायता देने का विरोध करेगा। पाकिस्तान पहले से इस मुद्दे को उठा रहा है। वहीं, सुब्रमण्यन को अचानक से बुलाने के फैसले के बाद से रणनीतिक और राजनीतिक वजहों को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।

# दिल्ली का गेम बिगाड़ेगी एसआरएच



**नई दिल्ली। सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स जब 5 मई की शाम राजीव गांधी स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से टकराएंगे तो मैदान पर गजब का माहौल होगा। अक्षर पटेल की अगुआई वाली दिल्ली कैपिटल्स प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है जबकि सनराइजर्स हैदराबाद टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। दिल्ली के लिए एक हार यानी प्लेऑफ का रास्ता मुश्किल।**

## आज राजीव गांधी स्टेडियम में हैदराबाद और डीसी होंगे आमने सामने



### हर हाल में चाहिए दिल्ली को जीत

दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर नाइटराइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली ने अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले गंवाए हैं और टीम लीग के इस महत्वपूर्ण चरण में और झटकों से बचने की कोशिश करेगी।

### गेम बिगाड़ने उतरेगी सनराइजर्स?

दूसरी ओर पिछले साल फाइनल तक पहुंचने वाली सनराइजर्स हैदराबाद इस बार प्लेऑफ से पहले ही बाहर हो गई। टीम अपने पास मौजूदा अनुभव का फायदा नहीं उठा पाई। कमिंस की अगुआई में शमी, ट्रेविस हेड, ईशान किशन, हेनरिक क्लासेन और जयदेव उनादकट कोई भी अपने कद के अनुरूप नहीं खेल पाए।

### अक्षर पटेल इंजर्ड

अक्षर पटेल चोट से जूझ रहे हैं। वह 30 अप्रैल को नाइटराइडर्स के खिलाफ फील्डिंग करते समय बाएं हाथ में चोट लगने के बाद मैदान से चले गए थे। देखना यह होगा कि वह चोट से उबरकर सनराइजर्स के खिलाफ खेलते हैं या नहीं। अक्षर ने हालांकि चोटिल होने के बाद भी 23 गेंद में 43 रन की उम्दा पारी खेली थी। अगर वह चोट से पूरी तरह नहीं उबरते हैं तो उन्हें गेंदबाजी में समस्या हो सकती है। अक्षर ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया और अगर वह नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा।

# केकेआर ने राजस्थान को 1 रन से हराया



नई दिल्ली। राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीज रविवार, को बेहद रोमांचक मुकाबला हुआ। ये दोनों की टीमें 2 अंक हासिल करने के लिए इस मैच की आखिरी बॉल तक लड़ीं। मैच की लास्ट बॉल पर राजस्थान को जीत के लिए तीन रनों की जरूरत थी और 2 रन बनाने पर मैच ड्रॉ हो जाता। लेकिन राजस्थान के बल्लेबाज केवल एक ही रन बना सके और दूसरे रन के लिए दौड़ते वक्त जोफ्रा आर्चर रन आउट हो गए। राजस्थान की टीम ये मैच जीतते-जीतते हार गई।

## राजस्थान के कप्तान ने किसे ठहराया दोषी?

राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रियान पराग ने कोलकाता के खिलाफ मिली हार के बाद बड़ा बयान दिया है। रियान पराग ने इस मैच की हार का दोषी खुद को ही ठहराया है। मैच खत्म होने के बाद पराग ने कहा कि 'मैं आखिरी 2 ओवर तक मैच में टिकने की प्लानिंग कर रहा था, लेकिन मैं 18वें ओवर में ही आउट हो गया। आईपीएल के इतिहास में केकेआर ने दूसरी बार एक रन से मुकाबला जीता है, जबकि राजस्थान रॉयल्स एक रन से सबसे ज्यादा आईपीएल मैच हारने वाली संयुक्त रूप से पहली टीम बन गई है। आईपीएल के इतिहास में अब तक 15 बार ऐसा हुआ है जब टीम को महज एक रन से जीत मिली। हैरान करने वाली बात ये है कि इसमें से तीन बार राजस्थान रॉयल्स की टीम हार वाली टीमों में शामिल है, जो एक शर्मनाक रिकॉर्ड है। 3 या इससे ज्यादा बार अन्य कोई टीम आईपीएल में एक रन से मुकाबला नहीं हारी। राजस्थान रॉयल्स ने इससे पहले 2024 और 2012 में एक-एक रन से मुकाबला गंवाया था।

# गिलक्रिस्ट ने धोनी के फैसले की आलोचना

## खलील अहमद से 19वें ओवर में गेंदबाजी से नाखुश दिखे

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने शनिवार को चेन्नई सुपर किंग्स को रोमांचक मुकाबले में दो रन से हराया। एमएस धोनी के नेतृत्व वाली चेन्नई सुपर किंग्स नौ मुकाबले हार चुकी है टूर्नामेंट में अब आगे नहीं बढ़ पाएगी। प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली चेन्नई पहली टीम थी। वहीं एडम गिलक्रिस्ट चेन्नई के कप्तान एमएस धोनी द्वारा खलील अहमद को 19वें ओवर में गेंद देने के फैसले से नाखुश दिखे। तेज गेंदबाज खलील अहमद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने अपने शुरुआती दो ओवर में 32 रन दिए और फिर पारी के आखिर में गेंदबाजी करने के लिए आए। रोमारियो शेफर्ड ने उनके ओवर में 33 रन बटोरे, जिसकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 213 रन बनाए।



### जडेजा से करा सकते थे गेंदबाजी

गिलक्रिस्ट ने कहा, ''मुझे नहीं पता कि क्या कोई बड़ा अंतर लाया जा सकता था। खलील के पास वापस जाना जोखिम भरा था क्योंकि उन्होंने शुरुआती ओवर में ही 32 रन दे दिए थे। शायद कंबोज को दे सकते थे। यह देखते हुए कि नूर ने कहां समाप्त किया, स्पिन के एक अतिरिक्त ओवर के साथ जडेजा जा सकते थे। उन्होंने 45 डॉट गेंदें भी फेंकी।'' उन्होंने कहा, ''धोनी वह अभी भी नहीं दिखाता कि वह दुखी है। मुझे बस आश्चर्य है कि क्या अंदर से उसके लिए अभी भी एनर्जी पैदा हो रही है। क्या दिमाग अभी भी उसके लिए उतनी ही चतुराई से काम कर रहा है जितना हमेशा होता है, जैसे-जैसे वह अंत के करीब और करीब आता है।

# आयुष म्हात्रे के नाम अनचाहा रिकॉर्ड



- **आईपीएल में नर्वस 90S में आउट होने वाले सबसे युवा बल्लेबाज**

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 94 रनों की पारी खेल अपनी प्रतिभा को दिखाया। 214 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए म्हात्रे ने मात्र 48 गेंदों पर 9 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से ये पारी खेली। उनको पवेलियन का रास्ता लुंगी एनगिडी ने आउट कर दिखाया। अपने पहले आईपीएल शतक से चूकने के बाद म्हात्रे काफी निराश होंगे, मगर नर्वस 90s में आउट होकर उन्होंने अपने नाम अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज किया। यह रिकॉर्ड है आईपीएल के इतिहास में नर्वस 90s में आउट होने वाले सबसे युवा बल्लेबाज का। पहले ये रिकॉर्ड पृथ्वी शॉ के नाम था। शॉ 19 साल 141 दिन की उम्र में केकेआर के खिलाफ 99 के निजी स्कोर पर आउट हुए थे। अब यह रिकॉर्ड टूट चुका है।

# ड्रग्स केस में फंसे कगिसो रबाडा

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका के स्टार तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा बड़ी मुसीबत में फंस गए हैं। आईपीएल 2025 के बीच निजी कारणों का हवाला देते हुए वो स्वदेश लौट गए थे। ऐसा लगा कि कुछ दिनों बाद वो गुजरात टाइटंस के साथ जुड़ जाएंगे, लेकिन अब उनके वापस लौटने के पीछे की असली वजह सामने आ गई है। कगिसो रबाडा ने खुद चुप्पी तोड़ते हुए बड़ा खुलासा किया है।



रबाडा ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि उन्हें नशीली दवाई के उपयोग के कारण अस्थायी रूप से प्रतिबंध कर दिया गया है। बता दें कि आईपीएल 2025 में सिर्फ दो मैच खेलने के बाद रबाडा साउथ अफ्रीका लौट गए थे। ड्रग्स केस में फंसने के बाद कगिसो रबाडा की तरफ से एक स्टेटमेंट जारी किया गया है, जिसमें लिखा है- जैसा कि बताया गया है, मैं हाल ही में निजी कारणों से आईपीएल 2025 के बीच साउथ अफ्रीका लौट आया। इसका कारण एक नशीली दवाई का उपयोग है जो सही पाया गया है।

# मनोरंजन



## सनी देओल के बॉर्डर 2 का लुक वायरल

सनी देओल फिलहाल अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग में बिजी है। इसी बीच फिल्म में सनी का लुक कैसा होगा, सेट से फोटोज सामने आई हैं। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। फिल्म जाट को लेकर लाइमलाइट में बने सनी देओल इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग के लिए देहरादून में हैं। फिल्म के सेट उनका लुक रिवील हुआ। बॉर्डर 2 के सेट से एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि फिल्म में सनी देओल का लुक कैसा होगा। बढ़ी दाढ़ी, कैप और खाकी वर्दी में सनी को फोटोज सामने आई है। आपको बता दें कि जाट की रिलीज के कुछ दिनों बाद सनी देओल अपनी फिल्म बॉर्डर 2 की शूटिंग के लिए देहरादून पहुंचे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर यहां के खूबसूरत नजरों की झलक भी दिखाई थी। सनी देओल की बॉर्डर 2 में वरुण धवन, अहान शेट्टी और दिलजीत दोसांझ लीड रोल में हैं। बताया जा रहा है कि जल्दी ही ये स्टार्स भी शूटिंग सेट पर पहुंचेंगे। फिल्म 2026 में रिलीज होगी। बॉर्डर 2 डायरेक्टर जेपी दत्ता की 1997 में आई फिल्म बॉर्डर का सीक्वल है। बता दें कि बॉर्डर ने रिलीज के साथ ही बॉक्स ऑफिस पर गदर मचाया था। डायरेक्टर जेपी दत्ता ने बॉर्डर को 10 करोड़ के बजट में बनाया था और फिल्म ने 65.57 करोड़ का कलेक्शन किया था। 1997 में सबसे ज्यादा कमाने वाली फिल्मों की लिस्ट में बॉर्डर दूसरे नंबर पर थी। बॉर्डर में सनी देओल के साथ जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अक्षय खन्ना, सुदेश बेरी, पुनीत इस्सर आदि कलाकार थे।

# बॉलीवुड एक्टर को डेट कर रहीं सारा तेंदुलकर



बॉलीवुड में 'गली बॉय' फिल्म से एंट्री करने वाले सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी एक्टिंग के साथ ही अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी चर्चाओं में बने रहते हैं। बता दें कि सिद्धांत चतुर्वेदी का नाम पिछले दिनों अमिताभ बच्चन की नातिन नव्या नंदा से जोड़ा जा रहा था। क्योंकि दोनों को कई बार साथ में देखा गया था। लेकिन लंबे समय से दोनों नजर नहीं आए। वहीं अब खबर आ रही है कि सिद्धांत चतुर्वेदी सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर को डेट कर रहे हैं। वहीं सारा का नाम भी पिछले दिनों क्रिकेटर शुभमन गिल के साथ जोड़ा जा रहा था।फिल्मफेयर की रिपोर्ट्स की माने तो सारा तेंदुलकर को कई बार सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ देखा गया है। जिसके बाद से दोनों के डेटिंग की खबरें तेजी से फैलने लगीं। वहीं सोर्स की माने तो दोनों ने अपने रिलेशनशिप की शुरुआत ही की है और दोनों अपने इस रिश्ते को प्राइवेट रखना चाहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों का बॉन्ड एक दूसरे के साथ काफी अच्छा है। दोनों को एक दूसरे की कंपनी अच्छी लगती है। दोनों एक दूसरे के साथ काफी कंफर्टेबल फील करते हैं। इसीलिए दोनों ना तो इस रिश्ते को लेकर कुछ कहना चाहते हैं और ना ही इसे खराब करना चाहते हैं।

# पाक एक्ट्रेस की पब्लिक टॉयलेट्स में लगी तस्वीरें



जम्मू-कश्मीर में आतंकियों द्वारा किए गए नरसंहार से हर भारतीय नाराज है और अपने-अपने तरीके सेव गुस्सा जाहिर कर रहा है। अब एक पाकिस्तानी एक्ट्रेस की तस्वीरें मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में लगी पाई गई हैं। जिस एक्ट्रेस की तस्वीरें मुंबई के म्युनिसिपल टॉयलेट्स में मिली हैं, उनका नाम है माहिरा खान। माहिरा वही एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने शाहरुख़ खान के साथ फिल्म 'रईस' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। मुंबई बेस्ड एक्टिविस्ट फैजान अंसारी ने माहिरा की तस्वीरें मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में लगवाई हैं। उनकी मानें तो यह उनका पाकिस्तान को सबक सिखाने का तरीका है। एक एजेंसी से बातचीत के दौरान फैजान ने कहा कि उन्होंने एक अभियान के तहत मुंबई के पब्लिक टॉयलेट्स में माहिरा खान की तस्वीरें लगवाई हैं। इसके जरिए वे मैसेज देना चाहते हैं कि पूरा पाकिस्तान सिर्फ टॉयलेट साफ़ करने लायक है। फैजान अंसारी ने अपने बयान में यह भी कहा कि सिर्फ माहिरा खान ही नहीं, वे हानिया आमिर, फवाद खान, आतिफ असलम और 'पसूरी' फेम अली सेठी जैसे अन्य पाकिस्तानी कलाकारों के पोस्टर भी टॉयलेट्स में लगाने वाले हैं। माहिरा खान के बारे में ज्यादा बात करें तो वे 2006 से एंटरटेनमेंट वर्ल्ड में काम कर रही हैं। उन्होंने शुरुआत रेडियो जॉकी के तौर पर की थी। लेकिन 2011 में पाकिस्तानी फिल्म 'बोल' से उन्होंने एक्टिंग वर्ल्ड में कदम रखा।

# बॉलीवुड सबसे फेक इंडस्ट्री : बाबिल खान



बाबिल खान हिंदी सिनेमा के फेमस स्टार किड्स में से एक हैं। 2022 में ओटीटी फिल्म कला से अपने करियर की शुरुआत करने दिवंगत दिग्गज अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल का नाम इस वक्त लगातार सुर्खियां बटोर रहा है, जिसकी वजह एक विवादित वीडियो है। जिसमें उन्होंने बी टाउन का टारगेट किया था। कंट्रोवर्सी के चलते उन्होंने वीडियो डिलीट करने के साथ-साथ अब इंस्टाग्राम हैंडल को भी डिएक्टिव कर दिया है। बाबिल ने रविवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया था। जिसमें वह रोते हुए बॉलीवुड को लेकर विवादित बयान दिए थे। इसके अलावा उन्होंने इंडस्ट्री के कई फेमस स्टार किड्स पर भी निशाना साधा था। वीडियो में बाबिल बोलते हैं कि कई लोग हैं जैसे शनाया कपूर, अनन्या पांडे, अर्जुन कपूर और सिद्धांत चतुर्वेदी और राघव जुयाल और आदर्श गौरव। कई हैं और भी कई नाम हैं। बॉलीवुड काफी खराब है। बॉलीवुड काफी रूड है। वहीं दूसरे वीडियो में बाबिल बोलते हैं कि बॉलीवुड सबसे फेक इंडस्ट्री है। लेकिन कुछ लोग हैं जो चाहते हैं बॉलीवुड बेहतर हो, लेकिन यह बकवास है। वीडियो के एंड में वह रोते हुए भी दिखते हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले इरफान की 5वीं डेथ एनिवर्सरी पर बाबिल ने इरफान के साथ अपनी बचपन की फोटो शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, आपके साथ और आपके बाद भी लाइफ चल रही है। जल्द मैं वहां आऊंगा। आपके साथ, आपके बिना नहीं और हम फिर हम साथ में भागेंगे।

# फिर किलर बनेंगी तापसी पन्नू



## हसीन दिलरुबा का तीसरा पार्ट कंफर्म

एक्ट्रेस तापसी पन्नू ने अलग-अलग जॉनर में काम किया है। तापसी ने नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म हसीन दिलरुबा में एक किलर का किरदार निभाया था। तापसी की क्राइम थ्रिलर फिल्म हसीन दिलरुबा फैंस को खूब पसंद आई थी। इसके बाद इस फिल्म का सीक्वल आया था। फैंस को वो सीक्वल भी बहुत पसंद आया था। अब इस फिल्म के तीसरे पार्ट की तैयारी चल रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, हसीन दिलरुबा के तीसरे पार्ट की स्क्रिप्ट राइटिंग पर काम चल रहा है। फिल्म से जुड़े सूत्रों ने पोर्टल को बताया, "यह प्लेटफॉर्स के लिए सबसे सफल टाइटल्स में से एक है। इसलिए उद्देश्य है एक ज्यादा मजेदार, जूसी और थ्रिलिंग पार्टी 3 बनाना है।" फिल्म के पार्ट 3 की चर्चा कब शुरू हुई जब तापसी पन्नू ने कुछ हफ्तों पहले फिर आई हसीन दिलरुबा की एक क्लिप शेयर की थी। उसके साथ कैप्शन था- "पागलपन को याद कर रही हूं।

# श्रीमाली ब्राह्मण समाज की धर्मशाला का किया लोकार्पण

## फीता काटकर किया उद्घाटन

## भजन संध्या में झूमे श्रोता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांडेराव।** कस्बे में महालक्ष्मी श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान के तत्वावधान में समाज के भामाशाह परिवार की ओर से जीर्णोद्धार के बाद नवनिर्मित धर्मशाला का विधि विधान से पूजा अर्चना व ढोल ढमाकों के बीच फीता काट कर उदघाटन किया गया। इस दौरान दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रीमाली ब्राह्मण समाज बंधु व स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सेवा संस्थान के संतोष त्रिवेदी ने बताया कि महालक्ष्मी मंदिर परिसर के पास स्थित समाज की धर्मशाला लंबे समय से क्षतिग्रस्त थी।







जिसका अशोक हरीशंकर व्यास परिवार एवं सुनील भंवरलाल त्रिवेदी परिवार की ओर से जीर्णोद्धार करवाया गया। जीर्णोद्धार पश्चात सुविधायुक्त धर्मशाला का लोकार्पण किया गया। इस दौरान प्रवीण व्यास, जयप्रकाश त्रिवेदी, राजेन्द्र त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, कैलाश त्रिवेदी, नरेश व्यास, अरविन्द ओझा बिसलपुर, कैलाश व्यास, गंगाशंकर देसूरी, अशोक त्रिवेदी, कमलेश त्रिवेदी, विनोद त्रिवेदी सहित कई गणमान्य समाजबंधु मौजूद थे। कार्य' म में 90 वर्षीय हुलीबाई कलकत्ता विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहीं।

### भजनों की प्रस्तुति पर हुए भाव विभोर

मंदिर परिसर में लोक गायिकाओं के साथ पहुंची भजन पार्टियों की ओर से भजनों में महालक्ष्मी मां की महिमा का बखान किया गया। गणपति व गुरु वंदना के बाद भजनों की एक से बढ़क एक प्रस्तुति पर श्रोता भाव विभोर होकर जमकर झूमे।

### भामाशाह परिवार का किया सम्मान

धर्मशाला लोकार्पण समरोह में लाभार्थी परिवार अशोक हरीशंकर व्यास एवं सुनील भंवरलाल त्रिवेदी परिवार के सदस्यों का श्रीमाली ब्राह्मण सेवा संस्थान की ओर से राजस्थानी परंपरा अनुसार माल्यार्पण व चुनरी साफा के साथ शॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

## बिजली कटौती से फालना और बाली में जलापूर्ति बाधित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** फालना फिल्टर प्लांट और खिन्दारा जवाई हैडवर्क पर बिजली सप्लाई बंद होने से पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। जलदाय विभाग के सहायक अभियंता भंवरलाल पिंडेल ने बताया कि सुबह 2.40 से दोपहर 4.20 बजे तक बिजली कटौती रही। इसके कारण फालना, बाली और रानी शहर में पानी की सप्लाई बाधित हुई है। साथ ही 9 गांवों में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। प्रभावित गांवों में फालना गांव, देवतरा, खीमेल, धणी, मोखमपुरा, सरखेजरा, धानदा, माताजी वाडा और बमणिया शामिल हैं। जलदाय विभाग के अनुसार पानी की सप्लाई में आई यह दिक्कत 24 घंटे तक रहेगी।

## जयकारों के साथ ठाकुरजी मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे में स्थित ठाकुरजी मंदिर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रविवार को जयकारों व मंगल गीतों के बीच ध्वजा चढ़ाई गई। इस अवसर पर मंदिर पुजारी गणपतदास वैष्णव, जितेन्द्रसिंह कोटेचा, हेमंत वैष्णव, आनंद कंवर, मीना कोटेचा, रेखा वैष्णव, दाकूकंवर, युवराजसिंह, शैतानसिंह गोयल सहित कई धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

## मंदिर ट्रस्ट की नवीन कार्यकारिणी गठित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** कस्बे के आराध्य देव खिंवाड़ा बालाजी मंदिर सेवा ट्रस्ट (केबीएमएसटी) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष केवलचंद मांडोत की ओर से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसके तहत उपाध्यक्ष पद पर अमृतलाल खांटेड, गौतमचंद डागा व रामलाल सीरवी, सचिव पद पर एडवोकेट निर्मल आचार्य, उप सचिव सोहनलाल सोनल, कोषाध्यक्ष फतेहचंद



सोलंकी, सह कोषाध्यक्ष भंवरलाल तेली, संगठन सचिव रोकड़चंद सेवग, सह संगठन सचिव चंद्रसिंह राजपुरोहित मनोनीत किए गए। इसी तरह मेला कमेटी के अध्यक्ष पद पर बहादुरसिंह उदावत व उपाध्यक्ष पद पर शैतानसिंह रावणा राजपूत को मनोनीत किया गया।

## भजनों की बही सुर सरिता

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** लुणावा स्थित चमत्कारी आईश्री खोडियार माता मंदिर का 22वां वार्षिक मेला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

महोत्सव के निमित्त शनिवार को हुई भजन संध्या में प्रसिद्ध गायक राहुल पवार, अनिता, गुरुराज मारवाड़ी और निकिता कुमावत ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रविवार सुबह 9 से 12 बजे तक माताजी और भक्तों का सम्मान किया गया। इस दौरान ध्वजा, पोशाक, बाल भोग और महाआरती सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। महाप्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर कमेटी अध्यक्ष गुलाबराम कुमावत के अनुसार कार्य' म में रतनसिंह पुनाडिया, धीरेंद्र पुनाडिया, प्रतापराम सुथार, हितेंद्र वैष्णव, जयनारायण वैष्णव और डूंगाराम मेघवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थत थे। मंच संचालन वि' म आदिवाल ने किया।





## महाराणा प्रताप सहित चार महापुरुषों की मनाएंगे जयंती

### आयोजन को लेकर बैठक में किया निर्णय

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बाली।** कस्बे में इस वर्ष भी महाराणा प्रताप सेवा समिति के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती 29 मई के दिन महाराणा प्रताप सहित पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी व वीर दुर्गादास की जयंती एक साथ मनाई जाएगी। आयोजन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

समिति संयोजक नरेन्द्र परमार ने बताया कि बैठक संरक्षक अमृत परमार पूर्व विधायक की उपस्थति में निवास स्थान पर बुलाई गई। जिसमें सभी ने जयंती मनाने की पूर्व तैयारी निमित बुलाई गई मीटिंग में अपने विचार रखकर रूपरेखा तैयार की एवं निर्णय लिया गया कि महाराणा प्रताप जयंती पर पृथ्वीराज चौहान, छत्रपति शिवाजी, वीर दुर्गादास राठौड़ की जयंती भी एक साथ मनाई जाएगी। बैठक की शुरुआत जयकारों के साथ हुई। नरेन्द्र परमार ने 2025 में वीर दुर्गादास की प्रतिमा रडावा बाली में अनावरण को लेकर विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि स्मारक के लाभार्थी अमृत परमार परिवार रहेंगे। परमार ने वीर दुर्गादास स्मारक निर्माण कार्य में सहयोग के लिए पालिकाध्यक्ष भरत चौधरी, पार्षदगण, प्रशासनिक अधिकारी एवं रडावा की जनता का आभार प्रकट किया। महाराणा प्रताप जयंती के दिन साधु संतों के सान्निध्य में गांधी चौक बाजार से शोभायात्रा निकाली जाएगी जो मुख्य मार्गों से होते हुए प्रताप चौक पहुंच धर्मसभा में परिवर्तित होगी। बाली में स्मारकों पर रोशनी सजावट एवं नगर में भगवाकरण होगा। बैठक में महावीरसिंह देवड़ा, चुन्नीलाल चौधरी, वनाराम चौधरी, सुरेश कंसारा, थानसिंह राव, उदयसिंह चौहान, गवेंद्रसिंह राणावत, राजेंद्रसिंह चौहान, जगदीश सोनी, छगन प्रजापत, नीरज गर्ग, रूपाराम घांची, रूपाराम प्रजापत, रमेश भंडारी, मदन प्रजापत, अमित देवगन, हिमपालसिंह राठौड़ उपस्थित रहे।



## बालाजी मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया, मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**घाणेराव।** घाणेराव-सादडी सड़क मार्ग स्थित हनुमान सागर कृषि फार्म पर शनिवार को बालाजी मंदिर का तृतीय वार्षिकोत्सव उत्साह से मनाया गया। इस मौके सुंदरकांड व भजन संध्या आयोजित की गई। रविवार सुबह धूमधाम के साथ मन्दिर पर भक्त परिवार की ओर से ध्वजारोहण किया गया। श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण की। इससे पहले शनिवार शाम सुंदरकांड का पाठ किया गया। करीब दो घण्टे तक चले सुंदरकांड पाठ से माहौल भक्तिमय हो गया। रात्रि 9 बजे एक शाम बालाजी के नाम भजन कार्य' म आरंभ हुआ। गायकों ने बालाजी के दरबार में शानदार भजन प्रस्तुत कर भक्तो को हनुमानजी की भक्ति से सरोबार कर दिया। रविवार सुबह मंत्रोच्चार व जयकारों के बीच लाभार्थी धनराज पुत्र रूपाराम माली परिवार की ओर से मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई गई। भक्तों ने बालाजी मंदिर में पूजा अर्चना कर आराध्य के दर्शन किए।

## आईमाता वडेर के वार्षिकोत्सव पर प्रतिभाएं सम्मानित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नाडोल।** सीरवी समाज उंदरथल द्वारा आईमाता वडेर की प्राण प्रतिष्ठा की 16वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। आयोजन में सीरवी समाज उंदरथल की 30 प्रतिभाओं को प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह और भगवत गीता देकर सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता एवं सीरवी युवा परिषद के अध्यक्ष सुरेश सीरवी ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने एवं युवाओं को आगे बढ़ने व सामाजिक एकता बनाए रखने की बात कही। जितेन्द्र सीरवी ने समाज की राष्ट्र में भागीदारी एवं सांस्कृतिक दृष्टि से समाज को समक्ष बनाने पर जोर दिया। इस मौके पर भैरा महाराज, डॉ मांगीलाल सीरवी सर्जन, बाबूलाल सीरवी जेइएन, रमेश सीरवी करणवा, भरत सीरवी अध्यक्ष को-ऑपरेटिव सोसायटी ढालोप, जितेन्द्र सीरवी दादाई, लकमाराम सीरवी बड़ौद, गजाराम सिंदरा वडेर अध्यक्ष, रामलाल सेणचा, कीकाराम सेणचा, चंदाराम सिंदरा, लालाराम वरपा, छतराराम लचेटा, जगदीश आगलेचा, महेन्द्र मुलेवा आदि मौजूद रहे। आयोजन में सीरवी प्रवासी बंधुओं एवं भामाशाहों की सराहीय भागीदारी रही। मंच संचालन डॉ घीसाराम सीरवी उंदरथल ने किया।

## मूर्ति स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**नारलाई।** निकटवर्ती शोभावास में काला गौरा भैरू मन्दिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को मंत्रोच्चार के बीच मूर्ति स्थापना के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। शनिवार को पं विशाल दवे व भोपाजी नारायणलाल अणेवा के सान्निध्य में विधि विधान से मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान महिलाओं ने मंगल गीत गाए और कुलदेवी को याद किया। मंदिर शिखर पर कलश स्थापित कर जयकारों के साथ पुष्प वर्षा की गई। पहले दिन कलश यात्रा निकाली गई। और यज्ञ किया गया। इसी बीच प्रतिष्ठा महोत्सव के तहत चढ़ावे बोले गए। वहीं, मन्दिर निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों व अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मोहनलाल चौहान, छगनलाल शोभावास, चंपालाल चौहान, नारायणलाल सिंदरली, रुपाराम कुरचल, वकताराम शोभावास सहित आना चौताला के पंच और समस्त चौहान परिवार शोभावास व सिंदरली के लोग मौजूद थे।



## एनएफआइएफडब्लूआइ के चुनाव में आर्य मिहिर बने सचिव





**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**फालना।** जोधपुर में एलआइसी के विकास अधिकारियों के संगठन एनएफआइएफडब्लूआइ का दो दिवसीय वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा केंद्रीय पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। अधिवेशन के अंत में जोधपुर मंडल की नई कार्यकारिणी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। जिसमें केवी सिंह राठौड़ अध्यक्ष एवं फालना के आर्य मिहिर सचिव चुने गए। सचिव बनने पर आर्य मिहिर को फालना उद्योग मंडल अध्यक्ष बहादूरसिंह खालसा, समाजसेवी अमित मेहता, बीजेपी मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिद्धावत, व्यापार संघ अध्यक्ष श्यामसिंह जोधा, नोबल स्कूल के संरक्षक सुधा गुर्जर, डायरेक्टर डॉ अनंत सिंह, प्रिंसिपल करुणा गुर्जर, मोहित मेहता, गोपाल पारिक, महेंद्रसिंह, सुरेंद्रसिंह, हिम्मत देवड़ा, कामरान, कुलदीपसिंह, अभ्युदय सिंह, बंशीलाल मालवीय आदि ने उन्हें बधाई दी।

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्म हत्या

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** सदर थाना क्षेत्र के जाखोड़ा गांव में शनिवार को एक युवक ने रस्सी के सहारे फंदा लगा पेड़ से लटक कर आत्महत्या कर ली।

सदर थाना पुलिस के अनुसार जाखोड़ा में देवासीवास निवासी भीमाराम (45) पुत्र अजबाराम देवासी दो मई को घर नहीं लौटा तो परिजनों ने तलाश शुरू की। जाखोड़ा में ही जाखामाता मंदिर के पीछे ओरण भूमि साइड में गुजर रहे लोगों ने शव को लटकते देख पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर उप जिला अस्पताल मोर्चरी में रखवाया। बताया जा रहा है कि मृतक अहमदाबाद में ड्राइवर की नौकरी करता था, शादी समारोह में भाग लेने कुछ दिनों पहले ही घर पर आया था। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## भगवान चारभुजा को लगाया 56 भोग, मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**देसूरी।** कस्बे में रविवार को कुमावत समाज की ओर से चारभुजा मंदिर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ ध्वजारोहण कर भगवान को छप्पन भोग लगाया गया। इससे पहले शनिवार को मन्दिर प्रांगण में आयोजित भजन कार्यक्रम में गायकों ने शानदार भजन प्रस्तुत कर चारभुजा नाथ की भक्ति से सरोबार कर दिया। रविवार सुबह 8 बजे मन्दिर पर ध्वजा चढ़ाने के लिए केरली वास से सोहनलाल पुत्र केसाजी कुमावत परिवार के साथ कुमावत समाज के लोग गाजे-बाजे के साथ चारभुजा मंदिर पहुंचे। भगवान चारभुजानाथ की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना पश्चात धूमधाम से मुख्य लाभार्थी सोहनलाल कुमावत, मूलाराम कुमावत, प्रेम कुमावत, दिलीप कुमावत परिवार की ओर से चढ़ाई गई। इस दौरान लाभार्थी उदाराम पुत्र चमनाराम कुमावत द्वारा छप्पन भोग का चढ़ावा अर्पित किया गया। कार्य' म में देसूरी क्षेत्र के क्षत्रिय कुमावत समाज लोग मौजूद थे।



## मध्य रात्रि तेज आंधी ने किया परेशान, टीन टप्पर उड़े



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सादड़ी।** कस्बे सहित आस पास के क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ के कारण शनिवार रात तेज आंधी का दौर चला। रात 1.30 बजे से शुरू हुई आंधी करीब डेढ़ घंटे तक जारी रही।

हवाओं की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। आंधी के कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से बाधित हो गई। तेज हवाओं से ग्रामीणों ने डर के साए में रात गुजारी। शादी समारोहों में भी व्यवधान उत्पन्न हुआ। कई जगह टीन टप्पर उड़ गए। तेज हवा के कारण विद्युत पोल धराशायी होने से कस्बे में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। कई मोहल्लों में 15 घंटों तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहने पर ग्रामीणों ने विद्युत निगम के प्रति आ' ोश जताया। गर्मी से परेशान लोगों ने समस्या का त्वरित समाधान करवाने की मांग की। मौसम विभाग के अनुसार क्षेत्र में अधिकतम तापमान 40 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से इस सप्ताह अंधड़, बारिश और मेघगर्जना का मौसम बना रहेगा। मौसम विशेषज्ञों के अनुमान के अनुसार, मई के पहले सप्ताह में एक-दो दिन अच्छी बारिश की संभावना है। दूसरे सप्ताह में भी अंधड़-बारिश की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।



## कोलीवाड़ा में किया पौधरोपण, परिंडे भी लगाए

**सुमेरपुर।** ग्राम कोलीवाड़ा में पर्यावरण प्रेमी लोकेश माधव ने जन्म दिन के उपलक्ष्य में रविवार को शिव मंदिर में पौधारोपण एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर नियमित रूप से परिंडा में चुग्गा पानी की व्यवस्था और पेड़ पौधों की सार संभाल की जिम्मेदारी ली। कार्य' म में उपस्थित सभीजन और मित्र मंडली ने लोकेश माधव को बधाई दी। साथ ही मित्र मंडली के सभी युवाओं ने संकल्प लिया कि वह अपने जन्म दिवस पर पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा, जीव दया, भूमि संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करेंगे। ग्राम विकास खंड संयोजक मनोहरसिंह ने वन पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास के विभिन्न आयामों पर चर्चा कर युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्य' म में पतंजलि योगपीठ युवा भारत के प्रांत संयोजक नरेंद्र आस्था, ग्राम पंचायत सदस्य दिनेश माली, छगनलाल, प्रवीण लुखावत, करण राठौड़, योगेश, राहुल, जितेन्द्र, उदयराज, भरत, तरूण, नरेश सहित मित्र मंडली उपस्थित रही।



# चिकित्साकर्मियों ने परखी हीट वेव को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं

## सीएमएचओ सहित छह टीमों ने किया चिकित्सा संस्थानों का निरीक्षण

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**पाली।** जिले में चल रही हीट वेव को लेकर चिकित्सा विभाग द्वारा की गई तैयारियों को जांचने एवं मौसमी बीमारियों सहित अन्य चिकित्सा सेवाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर रविवार को पाली जिले में सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल सहित छह जिला स्तरीय चिकित्सा अधिकारियों के दल ने करीब 25 से अधिक चिकित्सा संस्थानों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीमों ने आवश्यक निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर एलएन मंत्री ने बताया कि गर्मी एवं लू बढ़ने के साथ ही चिकित्सा संस्थानों को समस्त व्यवस्थाओं एवं इंतजामात करने के निर्देश राज्य एवं जिला स्तर से जारी किए हुए हैं। इसी व्यवस्थाओं के निरीक्षण अभियान के तहत रविवार को सीएमएचअ मारवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुंदोज, कोसेलाव, चानौद व उप जिला अस्पताल सुमेरपुर का निरीक्षण किया।



इसी तरह एडिशनल सीएमएचओ डॉ.पीसी दीपन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मणिहारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लांबिया (पाली), डेण्डा का, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.उजमा जबीन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नाडोल, देसूरी, बूसी व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बागोल का, एपीडेमियोलोजिस्ट डॉ.अंकित माथुर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहट, सोजतरोड, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सियाट व धाकड़ी का, जिला कार्यं म अधिकारी भवानीसिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानी, खौड़, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवतलाव व मुण्डारा तथा मां योजना के जिला परियोजना समन्वयक रामप्रकाश गढ़वाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खारची, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंटालिया, धामली व धनला का सघन निरीक्षण किया। डॉ मारवाल ने बताया कि निरीक्षण के दौरान अस्पतालों के वार्ड व बैड्स की व्यवस्था, कूलर, पंखे, एसी, विभिन्न स्थानों पर मरीजों व आमजन के लिए की गई पानी की व्यवस्था एवं पीएचसी में उपलब्ध दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी ली गई।





**फीड बेक लेकर हीटवेव से संबंधित दिए दिशा-निर्देश**

जिले के करीब 25 से अधिक उप जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इन अधिकारियों द्वारा गर्मी के मौसम में मरीजों एवं आमजन के लिए की रही व्यवस्थाओं की जांच की गई। कार्मिकों को वार्ड की नियमित साफ-सफाई रखने के लिए पाबंद किया गया। पीएचसी में सभी पंखों एवं एसी की नियमित जांच, वार्ड में लगे कूलरों में दिन में दो या तीन बार पानी बदलने के निर्देश दिए। वहां उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को हीट वेव से संबंधित दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान दवाइयों की जानकारी, ओपीडी विंग, आइपीडी विंग, डीडीसी, दैनिक रिपोर्टिंग, मटकों-कैम्पर एवं वाटर कूलर की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली गई। स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के लिए पाबंद किया गया। स्टाफ को निर्देश दिए कि गर्मी के मौसम में विभाग द्वारा किसी को भी छुट्टियां नहीं दी जाएगी इसलिए सब मुख्यालय पर रहे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री निशुल्क जांच एवं दवा योजना जानकारी ली गई। साथ ही वार्ड में उपचाराधीन मरीजों से बात कर मिल रहे उपचार के लिए बारे में जानकारी ली गई।

## शिव पार्वती विवाह प्रसंगों से श्रद्धालु हुए गद्‌गद

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**माउंटआबू।** सत्संग आश्रम लाल मंदिर में शिव महापुराण कथा वाचक दीदी रमता शर्मा ने बारह ज्योतिर्लिंग के दर्शन के प्रभाव व शिव पार्वती विवाह के प्रसंगों से श्रद्धालुओं को लाभान्वित किया। दीदी रमता शर्मा ने बताया कि जो मनुष्य बारह ज्योतिर्लिंगों का दर्शन करता है। उसे अपने समस्त पापों से छुटकारा मिल जाता है। उस पर भगवान शिव की कृपा सदैव बनी रहती है। दैहिक, दैविक, भौतिक कष्ट उसके पास भूल कर भी नहीं आते भगवान शंकर की कृपा से वह सारी बाधाओं, समस्त रोगों, शोक से छुटकारा पा जाता है। ज्योतिर्लिंगों के दर्शन से भक्तों के जन्म, जन्मांतर के सारे पाप, कष्ट दूर हो जाते हैं। ज्योतिर्लिंग भक्तों को सुख शांति समृद्धि और मोक्ष प्रदान करते हैं, भक्तों को धन वैभव, प्रसिद्धि प्रदान करते हैं। भक्तों का आध्यात्मिक जीवन पूर्ण होता है उसे परम शांतिदायक शिवधाम की प्राप्ति होती है।इस अवसर ट्रस्ट सचिव हेमंत सिंह, मुकेश भाई सोनी, महेश आचार्य, पुजारी ओमप्रकाश कौशिक, तुषार भाई, नरेंद्र सिंह देवडा, राजेंद्र सिंह देवड़ा, इदंरसिंह परमार, अनिल पटेल, गोपाल भाई पटेल आदि मौजूद थे।



## दबंगाई करते दो युवक गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शहर पुलिस ने यातायात पुलिसकर्मी के समक्ष बेल्ट से मारने का प्रयास करते हुई गुंडई दिखाने वाले दो युवकों को गिरफ्तार किया। ट्रैफिक कर्मी के साथ दो युवकों द्वारा गुंडई दिखाने का वीडीओ सोशल मीडिया में वायरल हुआ था। जिसमें बाइक सवार युवक बस स्टैंड के सामने ट्रैफिक कर्मी से बदसलूकी करते नजर आ रहे थे। एक युवक बेल्ट से प्रहार करने को आतुर व दूसरा युवक बदतमीजी करते हुए दिखाई दे रहा था। इस पर शहर पुलिस ने दबंगाई दिखाने वाले खड़ात के हनुमान टेकरी निवासी सुरेश गरासिया व सांगणा निवासी लुंबाराम गरासिया को गिरफ्तार किया।

## पुणे-जोधपुर एक्सप्रेस का जवाई बांध पर किया स्वागत




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** हड़पसर पूणे से जोधपुर के लिए 3 मई को शुरू की गई पुणे जोधपुर एक्सप्रेस के रविवार को जवाई बांध स्टेशन पर पहली बार पहुंचने पर स्वागत किया गया। सुमेरपुर रेल विकास सेवा संस्थान द्वारा लोको पायलट व ट्रेन मैनेजर का मुंह मीठा करवाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। रेल विकास समिति के कोषाध्यक्ष राजेश जोशी ने बताया कि जवाई बांध स्टेशन पर सुबह 10 बजे जोधपुर के लिए एवं रात्रि 12 बजे पुणे के लिए प्रतिदिन यह ट्रेन आवागमन करेगी। जिससे सुमेरपुर व बाली विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों रेल यात्रियों को सुविधा मिलेगी। पहले दिन स्टेशन पर करीबन सौ से अधिक यात्री सफर कर यहां उतरे। जबकि पूर्व मे सप्ताह में दो ट्रेन ही चला करती थी। जिससे प्रवासी बंधुओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन पुणे एक्सप्रेस के प्रतिदिन होने सें प्रवासियों को आवागमन में सुविधा रहेगी। सांसद पीपी चौधरी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। इस मौके पर रेल विकास समिति के सह सचिव गिरीश शर्मा, अजमेर मंडल के डीआरयूसीसी सदस्य श्याम अग्रवाल, रेल विकास समिति सलाहकार पुखराज चौधरी, रमेश बोराणा, गोविंद राठौड़, नेनमल सोनी, प्रकाशकुमार, स्टेशन अधीक्षक मोहनसिंह विधुड़ी, रेलवे पुलिस बल के तेजभानसिंह मय स्टॉफ मौजूद रहे।

## कान्स्टेबल ने नीट पेपर का 40 लाख में किया सौदा

### जयपुर के स्टूडेंट और माता-पिता को पेपर दिलाने का वादा कर गुरुग्राम ले गया, तीन गिरफ्तार

**जयपुर।** नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (एनईईटी) का 40 लाख रुपए में पेपर दिलाने का झांसा देने वाले कॉन्स्टेबल सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। कॉन्स्टेबल और उसके दो साथियों ने स्टूडेंट व उसके पेरेंट्स से 40 लाख में नीट का पेपर उपलब्ध कराने का सौदा किया। आरोपी दो दिन पहले यानी शुक्रवार को स्टूडेंट और उसके माता-पिता को गुरुग्राम (हरियाणा) लेकर गए। कहा कि वहां से पेपर मिल जाएगा। वहां वे परिवार पर पहले रकम देने का दबाव बनाने लगे। पेपर दिखाने को कहा तो बहाना बनाया। इस पर परिवार ने राजस्थान स्पेशल ऑपरेशनल ग्रुप (एसओजी) को सूचना दे दी। एसओजी ने जयपुर मेट्रो थाने में तैनात कॉन्स्टेबल हरदास (38 ) पुत्र जगराम निवासी बनगोठड़ी तहसील पिलानी (झुंझुनूं) समेत 3 लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपियों के मोबाइल जब्त कर उनकी जांच की जा रही है। इनके मोबाइल में पीड़ित परिवार के साथ हुई चैट भी मौजूद है।

### नीट पेपर 40 लाख में मुहैया कराने का झांसा दिया




*जानकारी के अनुसार, आरोपी कॉन्स्टेबल हरदास ने परिवार को 40 लाख रुपए में रविवार को होने वाले नीट यूजी का पेपर मुहैया कराने का झांसा दिया था। उन्होंने जयपुर के एक परिवार से रकम की डिमांड की। फिर परिवार को शुक्रवार को गुरुग्राम ले जाकर अपने साथियों से मिलाया। आरोपी ने परिवार को शाम तक बैठाए रखा, लेकिन पेपर नहीं दिया। वे लोग बहाने करते रहे। इसके बाद परिवार ने एसओजी से संपर्क कर जानकारी दी। एसओजी ने सूचना मिलने पर एक टीम गुरुग्राम भेजी। कॉन्स्टेबल हरदास के साथी बलवान (27) पुत्र इंद्रजीत निवासी गागडवास तहसील राजगढ़ (चूरू) और मुकेश मीना (40) निवासी नथोलीराम मीणा निवासी शेखपुरा (करौली) को गुरुग्राम से डिटेन कर लिया।*

## चित्रगुप्त महाराज का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** कायस्थ समाज की ओर से रविवार को चित्रगुप्त महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शहर में शोभायात्रा निकाली गई। बैंड-बाजों के साथ निकाली शोभायात्रा में समाज बंधु थिरकते हुए चल रहे थे। शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकली शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। समारोह के दौरान समाज के वरिष्ठजनों व मेधावी विद्यार्थियों का बहुमान किया गया। कायस्थ समाज की ओर से रविवार को जुनी खराड़ी स्थित रामजी मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। बैंड बाजों के साथ निकली शोभायात्रा के दौरान चित्रगुप्त के जयकारों से फिंजा गुंजायमान रही। लोगों ने पुष्प वर्षा कर चित्रगुप्त की शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में चित्रगुप्त की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम की सफलता के लिए समाज के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की। समारोह में मौजूद लोगों ने समाज के प्रयासों की सराहना की। आयोजन को सफल बनाने के लिए बधाई दी। इस अवसर पर योगेश सक्सेना, दुर्गेश सक्सेना, अनूप भटनागर, तरुण सक्सेना, एसपी माथुर, माकूल भटनागर, नीरज श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। उन्हें शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ नागरिकों ने अपने अनुभव व आशीर्वाद समाज के साथ साझा किए। समारोह में मेघावी विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। उन्हें पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। मेघावी विद्यार्थियों ने अपने अनुभव व भविष्य की योजनाओं के बारे में बताया।



## विवाहिता का कंकाल परिजनों को सुपुर्द

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** सदर पुलिस ने पेड़ पर विवाहिता का कंकाल मिलने के मामले में रविवार को पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद कंकाल परिजनों को सौंप दिया गया। समीपवर्ती रेडवाकला गांव के जंगल में गत दो मई को रेडवाकला निवासी 30 वर्षीय सोनीदेवी का पेड़ पर लटका कंकाल मिला था। विवाहिता की मौत के बाद पीहर व ससुराल पक्ष के बीच मौताणें को लेकर पंचायत जारी रही। जिसके चलते रविवार को दोनों पक्षों में समझाइश की गई। समझौते के बाद पुलिस ने कंकाल का दोनों पक्षों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया। इसके बाद कंकाल परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर तहकीकात शुरु की।

## गाजण माता के वार्षिक मेले पर निकली शोभायात्रा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** समीपवर्ती ग्राम सलोदरिया में माली समाज की ओर से संत पंछीदास महाराज, महंत शिवरामदास महाराज, साध्वी संतोष भारती, नवरंगनाथ महाराज, ललितभारती महाराज के सानिध्य में गाजण माता का वार्षिक मेला आयोजित किया गया। मेले में सुबह 9 बजे शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया। शोभायात्रा गाजण माता मंदिर से रवाना हुई। शोभायात्रा में अधिकतर महिलाएं परंपरागत लाल रंग की पौशाक पहने शरीक हुई। श्रद्धालु नाचते गाते चल रहे थे। शोभायात्रा विभिन्न गली मौहल्लों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंची। जहां स्नेह मिलन समारोह रखा गया, जिसमें माली समाज के लोगों ने साधु संतों, अतिथियों व भामाशाहों का साफा व पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया एवं गाजण माता को भोग लगाने के बाद प्रसादी वितरण की गई। मेले में लोगों की भीड़ लगी रही। मंदिर में लोगों ने दर्शन किए एवं गाजण माता की आरती व पूजा अर्चना की। मंदिर परिसर में यज्ञ किया गया। मंदिर व मेला स्थल को फूल मालाओं से सजाया गया।

### महोत्सव में यह भी हुए शरीक

मेले में माली समाज सेवा संस्थान सिरोही के अध्यक्ष हीरालाल माली, उपाध्यक्ष बाबूलाल परिहार, पूर्व अध्यक्ष चेताराम माली, चतराराम माली, प्रताप परमार, पूर्व प्रधान अचलाराम गहलोत, माली समाज शिवगंज के अध्यक्ष शंकरलाल परिहार, पूर्व सरपंच कानाराम परिहार, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष भंवरलाल देवड़ा, नारायणलाल चौधरी, नरेंद्रकुमार परिहार, डॉ भरत चौहान, मंछाराम माली, चम्पालाल माली, बाबूलाल माली, भरतकुमार, हिम्मतराम माली, लाखाराम, हीराराम माली, डायाराम माली समेत समाज के कई पंच पटेल शरीक हुए। मंच संचालक मोहनलाल सोलंकी ने किया।

### भजन संध्या में बही भक्ति सरिता

मंदिर परिसर में आयोजित भजन संध्या में गायक कलाकारों ने देर रात्रि तक विभिन्न भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मोहित कर दिया। मेले में शिवगंज, सुमेरपुर, पोसालिया, खंदरा, कानपुरा, चांदाना, कोरटा, खिंवादी, अरठवाड़ा समेत आसपास क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया। भजन संध्या में चढ़ावों की बोलियां लगवाई गई। कार्यं म में समाज के विभिन्न संगठनों ने प्रसादी वितरण में सहयोग किया।

## वीर वीरमदेव सोनगरा चौहान के 713वें बलिदान दिवस पर किए पुष्प अर्पित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** वीर शिरोमणी, हिन्दू कुलभूषण, जालोर की आन बान शान के प्रतीक महारावल वीर वीरमदेव सोनगरा चौहान के 713वें बलिदान दिवस (वैशाख शुक्ल षष्टी) एवं जालोर परा' म दिवस की वर्षगांठ पर हिन्दू युवा संगठन संस्था व दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन की ओर से वीरम देव चौक में उनकी प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि कार्य' म का आयोजन किया गया। कार्य' म में मुख्य अतिथि के नाते भाजपा जिला कोषाध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र मुणोत उपस्थित थे वहीं अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ठ अतिथि के नाते दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन अध्यक्ष जालमसिंह नरावत, भाजपा नेता दिनेश महावर, दिनेश बारोट उपस्थित थे।



एडवोकेट मुणोत ने वीर वीरम देव के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वीरमदेव (मृत्यु 1311) जालोर चहमान राजा कान्हड़देव के पुत्र थे। अलाउद्दीन खिलजी की जालौर पर चढ़ाई के दौरान उन्हें ताज पहनाया गया था और ढाई दिन संघर्ष करते हुए अंत में वीरगति को प्राप्त हो गए थे। एडवोकेट सोलंकी ने कहा कि वीरमदेव दिल्ली अलाउद्दीन खिलजी के दरबार में समझौता करने पहुंचे तब पहली बार शहजादी फिरोजा ने उन्हें अपने दरबार में देखा और देखते ही उनकी वीरता और सुंदरता पर फिदा हो गई और जिद कर बैठी थी कि अगर वह शादी करेगी तो जालौर राजा वीरमदेव के साथ वरना जीवन भर कुंवारी ही रहेगी। दिनेश महावर ने कहा कि कहा जाता है कि अलाउद्दीन खिलजी के दरबार में भी वीरमदेव की चर्चा होने लगी। जिनके बारे में सुनकर खिलजी की बेटी फिरोजा उनकी तरफ आकर्षित होने लगीं। अलाउद्दीन खिलजी ने अपनी बेटी फिरोजा की जिद पर राजा कान्हड़देव के पास राजकुमार वीरमदेव से अपनी बेटी के निकाह का प्रस्ताव भेजा। राजा कान्हड़देव ने बिना देर किए उसे ठुकरा दिया। जालमसिंह नरावत ने कहा कि वीर वीरमदेव सोनगरा के बलिदान को परा' म दिवस के रूप में मनाते हैं। कार्य' म के दौरान मूलसिंह, रमेश सेठ, सुरेश जैन, कैलाश लखारा, धर्मेंद्र पटवा, हेमेंद्रसिंह बगेड़िया, मयंक देवड़ा, मुकेश सिंधी, सुरेश रामावत सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भाजपा की वक्फ संशोधन पर कार्यशाला आयोजित

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल भीनमाल द्वारा प्रदेश नेतृत्व एवं जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित के निर्देशानुसार रविवार को महेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के तहत वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला पूर्व विधायक पूराराम चौधरी के नेतृत्व व भाजपा नगर अध्यक्ष प्रवीण एम. दवे की अध्यक्षता में हुई। मुय वक्ता के रूप में प्रधान किरण भारतीय ने भाग लिया। कार्यशाला का मुय उद्देश्य वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों की जानकारी देना रहा, जिससे वक्फ संपत्तियों में पारदर्शिता बढ़ाई जा सके, उनके दुरुपयोग को रोका जा सके और शासन संरचनाओं में सुधार हो। वक्ताओं ने बताया कि यह संशोधन जनहित को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। इस अवसर पर पूर्व नगर अध्यक्ष महेन्द्र सोलंकी, वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर व्यास, बद्रीनारायण गौड़, जोरावरसिंह राव, सुरेश बंजारा, हाजी सत्तारशाह, हकसिंह राव, सुरेश वोरा, मोहन सुथार, भरत रोहिण, विक्रमसिंह ईराणी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मिलकर काम करेंगे तो 2028 में मिलेगा जनता की सेवा करने का मौका : पायलट

## प्रतिष्ठ महोत्सव में मांडोली पहुंचे पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिले के मांडोली गांव में रानीवाड़ा विधायक रतन देवासी के परिवार की ओर से आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शरीक हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि सभी को मिलकर काम करना है। मिलकर काम करेंगे तो अगले विधानसभा चुनाव के बाद जनता की सेवा करने का मौका जरूर मिलेगा। उन्होंने विधायक रतन देवासी को लेकर कहा कि इनके बीस साल के संघर्ष में जो नहीं मिला वो आपका आशीर्वाद रहा तो 2028 के बाद जरूर मिलेगा। आने वाला भविष्य और बेहतर है। पायलट ने कहा कि रतन देवासी 24 घंटे राजनीति करने वाले व्यक्ति है जो हर समय हर विषय पर आपका पक्ष और आपकी बात उठाते हैं। पायलट ने कहा कि आपके समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता आई है। शिक्षा से ही विकास होगा। उन्होंने कहा कि हमें कमियों को समझना होगा और एक दूसरे की मदद करने के लिए आगे आना होगा। पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा कि देवासी समाज बहुत मेहनती है और व्यापार में भी आगे बढ़ रहे हैं। विधायक रतन देवासी ने सभी का आभार जताया। इस दौरान साधु संतों समेत भीनमाल विधायक डॉ समरजीत सिंह, विधायक मुकेश भाकर, अभिमन्यु पुनिया, पूर्व विधायक संयम लोढ़ा, करणसिंह उचियारड़ा, विनोद जाखड़, रामलाल मेघवाल, सवाराम पटेल, आजादसिंह बाड़मेर, हीरालाल विश्नोई समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



### कांग्रेस पार्टी ने की है विशेष सत्र बुलाने की मांग

सचिन पायलट ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की आत्मा पर हमला है। निर्दोष लोगों को नाम पूछ पूछ कर मारा यह घोर निंदनीय है और इस मामले पर समूचा विपक्ष सत्ता पक्ष के साथ है। सरकार जो कार्यवाई करेगी उसका पूरा समर्थन है। जब वाजपेयी जी की सरकार थी तब संसद पर हमला हुआ, उस समय भी सोनिया गांधी और विपक्ष ने सरकार का साथ दिया। आज पाकिस्तान को सबक सिखाने का समय आ गया है और मुहतोड़ जवाब देने की जरूरत है। कांग्रेस पार्टी ने इसके लिए विशेष सत्र बुलाने की भी मांग की है। निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारने वाला देश पाकिस्तान नहीं चाहता है कि भारत में शांति बनी रहे। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना का मुद्दा राहुल गांधी ने पुरजोर तरीके से उठाया था और सरकार को मजबूर होकर घोषणा करनी पड़ी। लेकिन यह बीजेपी का जुमला बनकर नहीं रह जाए, इस पर जल्दी निर्णय लेने की जरूरत है।



# पीले फूलों व फल के साथ आकर्षण के केन्द्र बने अमलतास के पेड़

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**खिंवाड़ा।** अरावली पर्वतमाला की गोद में बसे अरावल क्षेत्र में इन दिनों अमलतास के वृक्ष पीले फूलों के साथ फलों से लंबे-लंबे गुच्छों से भर गए हैं। ऐसे में बरबस ही ये पेड़ राहगिरों के आकर्षण का केन्द्र बन गए हैं। आम की तरह दिखने वाले अमतलास का वृक्ष एक औषधिय पेड़ हैं। इसके फल को आमतौर पर दाद, खुजली, खांसी व बुखार में उपयोग लिया जाता है। इस पेड़ पर अप्रेल व मई माह में ही फूल खिलने के बाद फल लगते हैं। अमलतास को संस्कृत में व्याधिघात, नृप्रद्रुम, आरग्वध, कर्णिकार, मराठी में बहावा, कर्णिकार, गुजराती में गरमाष्ठो, बंगला में सोनालू तथा लैटिन में कैसिया फिस्चुला कहते है। शब्दसागर के अनुसार हिंदी शब्द अमलतास संस्कृत के अम्ल (खटटा) से निकला है। भारत में इसके वृक्ष प्रायः सभी प्रदेशों में मिलते हैं। इसके तने की परिधि तीन से पांच कदम तक हो सकती है, किंतु वृक्ष बहुत ऊंचे नहीं होते। धूपकाल (अप्रैल, मई) में पूरा पेड़ पीले फूलों के लंबे लंबे गुच्छों से भर जाता है। ऐसा माना जाता है कि फूल खिलने के बाद 45 दिन में बारिश होती हैं। इस कारण इसे गोल्डन शॉवर ट्री व इंडियन रेन इंडिकेटर ट्री भी कहा जाता हैं। शीतकाल में



इसमें लगने वाली, हाथ सवा हाथ लंबी, बेलनाकार काले रंग की फलिया पकती हैं। इन फलियों के अंदर कई कक्ष होते हैं। जिनमें काला, लसदार पदार्थ भरा रहता है। वृक्ष की शाखाओं को छीलने से उनमें से भी लाल रस निकलता है जो जमकर गोंद के समान हो जाता है। फलियों से मधुर, गंधयुक्त, पीले कलझवें रंग का उड़नशील तेल मिलता है।

# ट्रक से अंग्रेजी शराब के 380 कार्टन बरामद

## » एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** रीको पुलिस ने मावल चौकी पर राजस्थान से गुजरात जा रहे ट्रक से अंग्रेजी शराब के 380 कार्टन बरामद किए। ट्रक चालक को गिरफ्तार किया। शराब व वाहन की कीमत करीब 60 लाख रुपए आंकी गई हैं। पुलिस के अनुसार शराब तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की गई। मावल पुलिस चौकी के सामने नाकाबंदी के दौरान ट्रक में लुधियाना पंजाब से गुजरात ले जाए जा रहे पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब के 380



कार्टन बरामद किए गए। ट्रक को जब्त किया गया। ट्रक सवार जोधपुर के बिलाड़ा थाना के लाम्बा निवासी सुखदेव पुत्र ओमप्रकाश विश्नोई को गिरफ्तार किया।

# बाइक चोरी का पर्दाफाश, 8 बाइकें बरामद

## » दो वाहन चोर गिरफ्तार

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**आबूरोड।** शहर पुलिस ने बाइक चोरी का पर्दाफाश किया। चोरी की गई आठ बाइकों को बरामद किया। साथ ही दो बाइक चोरों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार बाइक चोरी के मामले में बड़ी कार्यवाही को अंजाम दिया गया। बाइक चोरी के अनुसंधान के दौरान घटनास्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक किया गया। तकनीकी साक्ष्य के आधार व मुखबिर की सूचनानुसार गठित टीम द्वारा तकनीकी आधार पर आसूचना संकलित की। घटना में शरीक आरोपियों को नाकाबंदी के दौरान बाइक सहित दस्तयाब किया। उनके कब्जे से एक मोटरसाईकिल बरामद की गई। अनुसंधान के दौरान निचलागढ़ के सोलंकी फली निवासी रामाराम पुत्र अरजा गरासिया व राजू उर्फ राजीया पुत्र अरजा सोलंकी गरासिया को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से सात अन्य बाइकें बरामद की गई। आरोपियों के खिलाफ शहर पुलिस थाना, रीको थाना, जालौर के जसवंतपुरा में चोरी व लूट के मुकदमे दर्ज है। आरोपी आले दर्ज के बाइक चोर है। गौरतलब है कि गत दो जनवरी गणेश कालोनी निवासी सुशील कुमार पुत्र कानमल दर्जी ने सब्जी मण्डी आईस फैक्ट्री के सामने खड़ी उसकी बाइक चोरी होने का मामला दर्ज कराया था।

### वारदात का तरीका

आदिवासी क्षेत्र निचलागढ़ के रहने वाले आरोपी नजदीकी शहर व आस.पास के गांव में घूमते रहते है। अधिकतर हिरो होण्डा कम्पनी की अच्छी बाइकें देखकर मास्टर चाबी से लॉक खोलकर चोरी कर भाग जाते हैं। सुविधानुसार बाइकों को छिपाकर रखते है। ग्राहक मिलते ही तुरना सस्ते भाव में बेच देते है।



# श्रमिक हितों पर चर्चा के साथ संपन्न हुई प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

## » भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश कार्यसमिति की तीन दिवसीय बैठक का समापन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** नगर के वर्धमान जैन बोर्डिंग छात्रावास सभागार में रविवार को भारतीय मजदूर संघ राजस्थान प्रदेश की तीन दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक रविवार को सम्पन्न हो गई। श्रमिक हितों को लेकर व्यापक चर्चा के साथ लेबर ट्रेड कोड पर व्यापक चर्चा हुई। क्षेत्रीय संगठन मंत्री सीवी राजेश ने कहा कि लेबर ट्रेड कोड को लेकर एक लम्बा संघर्ष भामस ने किया हैं। हमें यह समझना पड़ेगा कि संगठित और असंगठित क्षेत्र को मिलाकर देश में करीब 50 से 52 करोड़ श्रमिक वर्ग है। इसमें एक बहुत बड़ा वर्ग जो कि करीब 90 फीसदी है वह असंगठित क्षेत्र में काम करता है। इन चार श्रम संहिताओं के द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी श्रमिकों को श्रम कानूनों का लाभ मिलेगा। अब संगठित व असंगठित क्षेत्र के सभी श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी मिलेगी तथा असंगठित क्षेत्र के ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों को भी सामाजिक सुरक्षाएं मिल पाएगी। द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग ने जून 2002 में रिपोर्ट पेश की थी जिसमें यह सिफारिश की थी कि भारत में बहुत श्रम कानून है और यह कहा कि संघीय क्षेत्र में विभिन्न कानूनों को समावेश करके 4 या 5 कोडस में बदल दिया जाए। इस पर चर्चा तो शुरू हुई लेकिन 2004 से 2014 तक इस पर कोई खास पहल नहीं हुई। लेकिन भारतीय मजदूर संघ ने व्यापक संघर्ष और आंदोलन के बल पर भारत सरकार को यह चार ट्रेड कोड बिल संसद के पटल पर लाने के लिए मजबूर किया और अंत में यह श्रम अधिनियम पास हो गया। इस तरह से हम सभी के अथक प्रयासों से यह अधिनियम बन पाया है।






### संगठन में होती है बड़ी शक्ति : डाबी

प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्रसिंह डाबी ने कहा कि संगठन में बड़ी शक्ति होती हैं। संगठित परिवार, समाज और संस्था कभी असफल नहीं होते हैं। आपसी आत्मीयता, प्रेम, स्नेह, वात्सल्य और एक-दूसरे को सहयोग की भावना से समाज उन्नति कर सकता है। समाज के बड़े, छोटों के प्रति स्नेह और सहयोग का भाव रखें तो समाज के कार्य अपने आप चलते जाते है यह मूलमंत्र दत्तोपंत ने दिया था। सभी कार्यकर्ता बंधु संगठित होकर समाज के लिए कार्य करने कई प्रयत्नशील रहेंगे। प्रदेश महामंत्री हरीमोहन शर्मा ने श्रमिक गीत के साथ राष्ट्रगीत करवाया। तत्पश्चात सभी का आभार ज्ञापित करते हुए समापन की घोषणा की।

### इनका रहा सहयोग

प्रदेश मंत्री प्रमोदगिरी के अनुसार कार्य म को सफल क्रियान्वन में सुमित अग्रवाल, गुलाब परमार, अरुण देवड़ा, किशनलाल देवड़ा, हिमांशु परिहार, किशोर दमामी, पूनाराम विश्नोई, नरेश कुमावत, यशपाल माली, लक्ष्मण कुमार, रविन्द्र कुमार, विशाल बोराणा, कृष्णपालसिंह, श्रवण कुमावत, महेंद्रसिंह आसोप, भगवतसिंह, पदमाराम, दिनेश सुथार, दिनेश माधव, मोहनलाल, नितिन सुथार, गोविंद कुमावत, अजय रावल, पूर्व अध्यक्ष महिपालसिंह राजपुरोहित, महेशकुमार, गजेंद्रसिंह राजगुरु आदि का सहयोग रहा।

# स्थानांतरण पर दी एडीजे विश्नोई को विदाई, कार्यशैली को सराहा

## » उदयपुर स्थानातंरित हुए गणपतलाल विश्नोई

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सुमेरपुर।** अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश गणपतलाल विश्नोई का स्थानांतरण उदयपुर होने पर रविवार को वकील मंडल भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया। वे सुमेरपुर में तीन साल तक एडीजे पद पर तैनात रहे। मंडल सचिव महिपालसिंह राजपुरोहित ने बताया कि विदाई समारोह वकील मंडल अध्यक्ष रतनलाल गहलोत, उपाध्यक्ष हनवंतसिंह देवड़ा, एसीजेएम अल्का जोशी, जेएम श्वेता परमार के सान्निध्य व कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में हुआ। वकील मंडल द्वारा एडीजे विश्नोई व अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया



गया। अध्यक्ष गहलोत ने कहा कि एडीजे विश्नोई बहुत ही सरल व सौम्य स्वभाव के व्यक्ति है। हमेशा न्यायालय और वकील मंडल के मध्य मधुर संबंध स्थापित रखा। जिस विषय पर बार और बेंच को एक दूसरे के सहयोग की आवश्यकता रही वहां दोनों को साथ रख कार्य किया। अधिवक्ताओं के हितों को लेकर भी लगातर सहयोग किया व एक परिवार जैसा माहौल हमेशा न्यायालय में रखा जो सराहनीय है। एडीजे विश्नोई ने कहा कि तीन वर्ष इतने जल्दी बीते पता ही नहीं लगा। सुमेरपुर एक बहुत अच्छा शहर है। यहां के लोग और यहां का वातावरण प्रवासियों के लिए बहुत अच्छा है। उन्होंने कहा कि यहां के अधिवक्ता बहुत मेहनती और कार्यशील है। पूरे राजस्थान में सुमेरपुर वकील मंडल अपने मधुर सम्बंध के लिए जाना जाता है और वास्तविक में इसका आभास यहां नौकरी करने पर लगता है। वकील मंडल सुमेरपुर ने हमेशा बार एव बेंच के मधुर सम्बंध स्थापित रखे है ऐसी बार बहुत कम जगह देखने को मिलता हैं। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने एडीजे विश्नोई को शुभकामनाएं दी और उनके व्यवहार की प्रसन्नता की। साथ ही न्यायपालिका एवं विधायिका व कार्यपालिका पर विस्तृत जानकारी दी। वकील मंडल सुमेरपुर ने मंत्री जोराराम कुमावत द्वारा न्यायल में वकील मंडल की मांग पर पूर्व में विधायक कोटे से बनवाए गए पार्किंग शेड के लिए उनका सम्मान किया। वकील मंडल ने मंत्री जोराराम से वकील मंडल भवन में सोलर प्लांट लगाने, उपखंड व तहसील कार्यालय न्यायालय भवन के पास लाने एवं न्यायालय में 138 एनआइ एक्ट की कोर्ट खुलवाने व श्रम न्यायालय सुमेरपुर में खुलवाने की मांग की। जिस पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने आश्वासन दिया कि वकील मंडल की सारी मांग वाजिब है, उसको बहुत जल्द वो पूरा करेंगे। इस पर वकील मंडल ने मंत्री का आभार व्यक्त किया।

# बरसों बाद जोधपुर-पुणे सीधी रेल यात्रा संभव, नई ट्रेन सेवा शुरु

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी व सांसद ने दिखाई हरी झंडी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सिरोही।** भारतीय रेलवे की ओर से राजस्थान को एक और बड़ी सौगात दी गई है। रविवार को नई ट्रेन की सौगात मिलने पर आबूरोड में स्वागत समारोह आयोजित हुआ। जोधपुर पुणे वाया आबू रोड पिंडवाड़ा होते हुए जोधपुर नई रेल सेवा चालू करने के लिए आमजन की कई वर्षों से मांग थीं। रविवार को हड़पसर पुणे जोधपुर एक्सप्रेस के आबूरोड पहुंचने पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी एवं सांसद लुंबाराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। विदित है कि इसी रेलगाडी को रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने पुणे से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। जो आबूरोड पहुंचने पर ट्रेन के पायलट का केंद्रीय मंत्री चौधरी व सांसद लुंबाराम चौधरी ने माला एवं साफा पहनकर स्वागत किया। सांसद चौधरी ने नई रेलसेवा चालू करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय रेल राज्य मंत्री नवनीत सिंह का हार्दिक आभार व्यक्त किया।







### यह थे मौजूद

इस अवसर पर पूर्व विधायक जगसीराम कोली, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष गणपतसिंह राठौड़,आबूरोड नगरपालिका अध्यक्ष मगनदान चारण, मंडल अध्यक्ष मनीष सिंघल, चिराग रावल, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष दक्षा देवड़ा, भूपेंद्र सांभरिया, अजयनाथ ढाका, विजय गोठवाल, भगवतसिंह परमार, दिनेश कुमार, सागर राणा, रमेश वैष्णव, मुकेश मोदी, निखिल कुमावत, भेरू गोयल, स्वीटी शर्मा, सीमा त्रिवेदी, शिवम् सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### सांसद बोले विकास की ओर नया कदम

सांसद लुंबाराम चौधरी ने कहा कि यह सिर्फ एक ट्रेन की शुरूआत ही नहीं, बल्कि भारत के विकास, संपर्क और सामाजिक समावेशन की ओर एक अहम कदम भी है। और कहा पिछले 70 सालों में जो नहीं हुआ वह बीते 10 सालों में हुआ है। 1300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का री-डॅवलपमेंट हो रहा है। 34,000 किलोमीटर नए रेलवे ट्रैक जोड़े गए हैं । कई वर्षों से प्रवासियों की मांग चली आ रही थी कि पुणे से जोधपुर एक नई ट्रेन सेवा चालू की जाए जो मांग अब पूरी हुई।यह ट्रेन पुणे से शुरू होकर कल्याण, सूरत, अहमदाबाद, आबूरोड, पिण्डवाडा, जवाई बांध, जोधपुर जैसे मुख्य शहरों को जोड़ने का काम करेंगी। इससे न केवल आमजन को यात्रा में लाभ होगा बल्कि इससे व्यापार, शिक्षा, पर्यटन और रोजगार के अवसर भी मिलेंगे।

# एनएच-68 पर एलिवेटेड पुल निर्माण बना परेशानी का सबब

## » सालभर से झेल रहे लोग ट्रैफिक जाम और कार्य के चलते उड़ती धूल से परेशानी

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** शहर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 68 पर बन रहे एलिवेटेड पुल का निर्माण कार्य पिछले एक वर्ष से जारी है, लेकिन निर्माण कंपनी की लापरवाही के चलते यह काम अब जनता के लिए मुसीबत बन गया है। पुल निर्माण के दोनों ओर वाहनों की आवाजाही के लिए अब तक स्थाई डामरीकरण सड़क का पुख्ता बंदोबस्त नहीं किया गया है, जिससे ट्रैफिक की समस्या दिन-ब-दिन गंभीर होती जा रही है। इस अस्थायी व्यवस्था और कच्चे रास्तों के कारण प्रतिदिन सैकड़ों वाहन जाम में फंसे रहते हैं। हालात ऐसे हैं कि फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस जैसे आपातकालीन वाहन भी समय पर नहीं निकल पाते, जिससे मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। निर्माण स्थल पर उड़ती धूल और अव्यवस्थित यातायात न केवल राहगीरों, बल्कि आसपास के व्यापारियों के लिए भी बड़ी परेशानी का कारण बन चुकी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और निर्माण कंपनी से मांग की है कि ट्रैफिक की सुचारु व्यवस्था के लिए तुरंत डामरीकरण सड़क बनाई जाए और निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

### कलक्टर के निर्देश भी बेअसर

जिला कलेक्टर द्वारा निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि पुल निर्माण के दौरान माकूल ट्रैफिक प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लेकिन कंपनी ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कंपनी मनमर्जी से कार्य कर रही है और प्रशासनिक निर्देशों की खुलेआम अवहेलना हो रही है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक हेमल पुरोहित द्वारा ई. 3 सारणेश्वर रीको औद्योगिक क्षेत्र सिरोही 307001 से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक हेमल पुरोहित, रजि. न. RAJHIN/2009/28325.फोन नं. 02972-221920. email:- jtsirohi@gmail.com.